अम्बेडकर ने लंबे समय तक उनके साथ होने वाले भेदभाव को सहन किया था। इसलिए वह समाज में समानता के प क्षधर थे और समानता का स्वरूप राजनीतिक कानूनी होने पर बल दिया था। वह राजनीतिक समानता से पहले सामाजिक समानता की बात करते है। अम्बेडकर फ्रांसीसी दार्शनिक रूसो के सामाजिक, समानता, व स्वतंत्रता व बधुंत्व के विचारों से काफी प्रभावित थे और समाज में पाये जाने वाले हर प्रकार के शोषण व असमानता को खत्म करना चाहते थे। अम्बेडकर ने इस बात का अनुभव कर लिया था कि दलित समाज के मुख्य भाग से बाहर रहते है। गंदे वस्त्र पहनते है मुर्दा जानवरों का माँस खाते है इसलिए समाज से बाहर हीनता का जीवन व्यतीत करते है। इसलिए इनको समाज में अधिकार प्राप्त करने के लिए अपनी जीवन–शैली और खान–पान में सुधार करना होगा। इसलिए 20 मार्च, 1927 को अम्बेडकर ने 'दलित जाति परिषद' की अध्यक्षता करते हुऐ कहा कि ऐसे प्रयास करो जिससे तुम्हारे बाल–बच्चे तुमसे अच्छी अवस्था में रह सके। अम्बेडकर महिला अधिकार व शिक्षा पर भी बल देते थे।

दलितों के लिए राजनीतक अधिकारों की माँग :–

अम्बेडकर ने प्रथम गोलमेल सम्मेलन में इस बात पर बल दिया कि जिस तरह से मुस्लिम सप्रंदाय ईसाईयों के लिए

साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व के अंतगर्त पृथक प्रतिनिधित्व दिया गया है उसी प्रकार से अनुसूचित जाति, जनजातियाँ समाज में अलपसंख्य है उनको भी अलग से प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इससे निम्न जाति का विकास संभव हो सकता है।

इस प्रकार से अम्बेडकर ने अपने सामाजिक विचारों में निम्न जातियों के लिए अधिकारों की आवाज उठाई। सार्वजनिक स्थानों के प्रयोग पर बल दिया, स्त्री शिक्षा व अधिकार व समाज में पाई जाने वाली असमानता, शोषण की समाप्ति पर बल दिया।

निष्कर्षः–

शोध–पत्र के द्वारा इस निष्कर्ष तक पहुँचने का प्रयास किया जाएगा कि दलितों के मसीहा एवं उद्धारक के रूप में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बिना दलितों की स्थिति में सुधार होना असम्भव था। विपरीत परिस्थितियों के परिणाम स्वरूप अपने ज्ञान एवं दृढ़ निश्विय से इस महापुरुष ने महापुरुष होने की पूर्ण परिभाषा दी जिसने भजन, भक्ति एवं कीर्तन के मार्ग का खण्डन कर शिक्षा का मार्ग अपनाकर दलितों को अपनी मुक्ति का सशक्त माध्यम दिखाया। सदियों से पीडित, वंचित एवं शोषित वर्ग को अपने अधिकारों के प्रति जाग्रत ही नहीं किया अपितु उन्हें सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक, धा. र्मिक निर्योग्यताओं से मुक्ति दिलाई और समाज में इन पिछड़े और बहिष्कृत लोगों को जीने का नागरिक अधिकार दिया जो भारत देश की अखण्डता और प्रभुसत्ता को बनाये रखने में मील का पत्थर साबित हुई तथा इस अध्ययन के माध्यम से दलितों के उद्धार एवं विकास की सम्भावनाएँ एवं चुनौतियाँ किस प्रकार की है, पहुंचने का प्रयास किया जायेगा ?

संदर्भ ग्रन्थ सूची

- विजय कुमार पुजारी, डा . अम्बेडकर रू जीवन दर्शन, गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, पृ 143
- एम . वी . पायली, कांस्टीट्यूशनल गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया, पृ 138
- धनंजय कीर, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर रू जीवन चरित', पापुलर प्रकाशन, पुनर्मुद्रण, 2006, पृ 0 8
- अनिता कुमारी (संपादक) 'अम्बेडकर ने कहा', गौतम बुक सेन्टर, दिल्ली, पृ 8–27
- इंडियन लेबर पार्टी का मैनीफैसटो।
- डा . बी . आर . अम्बेडकर, पाकिस्तान और पार्टिशन ऑफ़ इंडिया, पृ 0 332
- खान, ममताज अली (1995) मानवअधिकार और दलित, नई दिल्ली, भारत
- के . अल . शर्मा (1986) जाति वर्ग और सामाजिक आंदोलन, जयपूर, भारतः रावत।
- सिन्हा, राकेश के, गाँधी, अम्बेडकर और दलित, जयपुर, भारत आदि
- जतवा, डी. आर . (1998) भारत में सामाजिक न्याय, जयपूर, भारतः आई. एन. ऐ . श्री, 86
- शकुन्तला धवन, (1991), डॉ. अम्बेडकर अपोस्टल आफ सोशल जस्टिस, योजना, 15 अप्रैल, 1991. 9.–12
- डा. बाबा साहब अम्बेडकर सम्पूर्ण वाड्मय खण्ड–1 वही. पृ. 142
- मधुलिमये, (2000), डा. अम्बेडकर एक चिंतन दिल्ली, आत्माराम एंड संस. पू. 35.
- नानकचंद रत्नू (2005), डा. अम्बेडकर के अतिम कुछ वर्ष, नई दिल्ली, सम्यक प्रकाशन, पृ. 78

****

यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन

-कु. श्वेता कुर्रे
शोधार्थी (योग),
शारीरिक शिक्षा एवं योग विभाग, मैट्स
विश्वविद्यालय रायपुर छ.ग.।

-डॉ.सुनील कुमार मिश्रा
शोध निर्देशक, सहायक प्राध्यापक,
शारीरिक शिक्षा एवं योग, विभाग मैट्स
विश्वविद्यालय रायपुर छग.।

सारांश :- वर्तमान समय में शारीरिक से अधिक मानसिक समस्याएं व्याप्त है। वर्तमान समय में कोई भी इस समस्या से बचा नही है। महिला, पुरूष, वृद्ध, बच्चे सभी इससे प्रभावित है। महिला एवं पुरूष समाज की धुरी है। दोनों में समायोजन होने से समाज, परिवार, व्यवसाय एवं जीवन के संचालन में समस्या नही आती है या समस्या कम होती है। वर्तमान समय में समायोजन एक गंभीर समस्या जिसका अभाव आधुनिक जीवनशैली पर अधिक दिखाई देता है। ऐसे में क्या यौगिक अभ्यासों के द्वारा समायोजन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है यह जानना इस शोध का उद्देश्य है। शोध प्रविधि में कुल 60 न्यादर्श का चयन यादृच्छिक तरीके से किया गया है। पूर्व एवं पश्चात परीक्षण विधि का उपयोग किया गया। 60 न्यार्दश को दो भागों में विभाजित किया गया नियंत्रित तथा प्रायोगिक। समूह में 30 महिला एवं 30 पुरूष है। दोनों समूह का पूर्व एवं पश्चात परीक्षण के द्वारा आंकडे संग्रहण किया गया। आकड़ों के लिए डॉ. ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी. सिंह का समायोजन परीक्षण प्रश्नावली का उपयोग किया गया। इस प्रश्नावली कुल 102 प्रश्न है। प्रश्नावली में पांच क्षेत्र है घर, स्वास्थ्य, समाज, भावनात्मक एवं शैक्षणिक। दोनों समूह के मापन के लिए एनकोवा का उपयोग कर परिणाम प्राप्त किया गया। परिणाम में पाया गया महिलाओं एवं पुरूषों से प्राप्त प्रायोगिक समूह के पूर्व एवं पश्चायत परीक्षण में सार्थक अंतर पाया गया। नियंत्रित समूह की तुलना में प्रायोगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास का प्रशिक्षण कराया गया उस समूह के महिला एवं पुरूषों के समायोजन पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया। निष्कर्ष नियमित यौगिक अभ्यास से समायोजन में वृद्धि होगी। महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास महत्वपूर्ण है।

बीज शब्द :- यौगिक अभ्यास, महिलाएं, पुरूषों, समायोजन, प्रयोगिक समूह, नियंत्रित समूह, , आसन, प्राणायाम, क्रिया, मंत्र, जलनेती।

प्रस्तावना:- वर्तमान जीवन अधिक व्यस्त और तनावग्रस्त है। लोग एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा में मशीन के जैसा एक ही समान कार्य करने की कोशिश में जुटे हुए है। प्रकृति के अनुसार सभी व्यक्ति भिन्न होते है। सभी के भीतर कोई विशेष योग्यता होती है। स्वभाव भिन्न होते है। रूचि में भिन्नता होती है। व्यक्ति अपनी विशेषताओं को देखना नही चाहते दूसरे की उपलब्धि पर काफी प्रभावित होते है। उन्ही के समान उपलब्धि पाना चाहते है, किन्तु यह संभव नही है। जो भी स्थिति उनकी रहती है उसे वे स्वीकार नही करना चाहते और न ही उस प्रकार परिश्रम कर पाते है। इसके कारण उन्हें काफी असमंजस्यता होती है। जीवन में कार्य एवं परिस्थितियों को सामंजस्य नही कर पाना एक बढ़ी समस्या है।

वर्तमान समय महिला एवं पुरूष दोनों के लिए संघर्षमय है। लोगों की अपेक्षाएं और स्वार्थ भाव बढ़ते जा रहें है। महिला एवं पुरूष के मध्य संघार्षात्मक व्यवहार के बढ़ने से परिवारिक विवाद, रिश्तों का टूटना जैसी अलग अलग समस्या बनी हुई। इस शोध के द्वारा महिला एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यास से पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना है।

शोध कथन:- क्या यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर प्रभाव पड़ता है।

शोध की अवश्यकता :- वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा भाव एवं जीवन भौतिक सुख भोग की ओर बढ़ते जा रहा है। जीवन एवं कार्यो को संतुलित करने के लिए समायोजन क्षमता का होना अत्यंत आवश्यक है। समय के अनुसार रहन सहन और व्यवहार में बहुत अधिक परिवर्तन आया। महिला एवं पुरूष दोनों कामकाजी हुए, आर्थिक धन आदि अर्जन की जिम्मेदारी अब केवल पुरूषों की नही रही है। महिलाएं भी अब घर के साथ नौकरी या अन्य आर्थिक लाभ हेतु सतत कार्य कर रही है। आधुनिकता के नाम पर लोगो द्वारा अपनी पारम्परिक संस्कृति, नैतिक शिक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। जिसका परिणाम लोग भौतिक सुख के पीछे भाग रहें है और अंततः वह आनंद मानसिक शांति से वंचित होते जा रहें है। प्रेम उत्साह और सहयोग आदि में भी कमी होते जा रहा है। जीवन में समायोजन करना कठिन सा लग रहा है। योग एक संतुलन, ज्ञान और विवेक को बढ़ाने वाले विद्या के रूप प्राप्त है। अतः इस शोध के द्वारा महिलाओं एवं पुरूषों की समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यासों का क्या प्रभाव पड़ता है, ज्ञात करना है।

शोध का उद्देश्य –

महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यासों के प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पना:-

यौगिक अभ्यासों का महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर कोई सार्थक अंतर नहीं पाया

शोध प्रविधि:-

यह शोध प्रायोगिक है, प्रश्नावली विधि को अपनाया गया है। पूर्व एवं पश्चात परीक्षण का उपयोग किया गया। न्यादर्श का चयन बिलासपुर छत्तीसगढ के शा.जे.पी वर्मा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्रों का चयन यादृच्छिक विधि से कुल 60 न्यादर्श (महिला 30 एवं पुरूष 30) का चयन किया गया। कुल साठ न्यादर्श को दो भागों में बांटा गया। नियंत्रित समूह एवं प्रायोगिक समूह। नियंत्रित समूह को यथा स्थिति रखा गया। तथा प्रायोगिक समूह को कुल 01 माह यौगिक अभ्यास का करवाया गया डॉ. ए.के.पी. सिन्हा एवं आर.पी. सिंह का समायोजन परीक्षण प्रश्नावली का उपयोग किया गया। । सांख्यिकीय विष्लेषण के लिए एनकोवा का उपयोग किया गया।

सीमाएं:-

दैनिक दिनचर्या, मौसमी प्रभाव एवं आनुवंशिकता आदि अनुसंधानकर्ता के

नियंत्रण में नही होने के कारण इसे सीमाएं में रखा गया है।

परिसीमाएं:-

शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग छात्रों को नहीं रखा गया है। गर्भवती महिलाओं को नही लिया गया है। नौकरी पेशावाले को नही लिया गया है। आयु 19-25 वर्ष के छात्रों को लिया गया है। केवल छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के छात्रों को लिया गया है। अशिक्षित लोगों को नही लिया गया है। किसी भी प्रकार के रोगी को नही लिया गया है।

समायोजन:-

सामान्य शब्दों में समायोजन एक परिस्थिति को अपने अनुकुल बनाने या किसी भी परिस्थिति में अपने आप को एवं कार्य को बाधित न होने देना। उसी स्थिति को अनुकूल बनाना ही समायोजन है।

योग:- श्रीमद्भगवद्गीता के अनुसार:- समत्वं योग उच्यते 2/48 अर्थात योग से सम्यक को प्राप्त किया जा सकता है।

तालिका क्र.1

प्रायोगिक समूह के लिए यौगिक अभ्यास की सूची -

क्र.	अभ्यास	समय	आवृत्ति	संदर्भ ग्रंथ
1	ऊँ . का उच्चारण	1 मिनट	3	शब्द नाद श्री राम शर्मा आचार्या
2	गायत्री मंत्र	1 मिनट	2	
3	ताड़ासन	1 मिनट	3	आसन,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध स्वामी सत्यानंद सरस्वती मुंगेर बिहार पब्लिकेंसन
4	तिर्यक ताड़ासन	1 मिनट	3	
5	कटिचकासन	1 मिनट	3	
6	सूर्यनमस्कार	2 मिनट	4	
7	शवासन	1 मिनट		
8	उज्जायी प्राणायाम	1 मिनट	4	
9	भ्रामरी प्राणायाम	1 मिनट	2	
10	ऊँ. का उच्चारण	1 मिनट	3	शब्द नाद श्री रामशर्मा आचार्या
11	जल नेति	सप्ताह में एक दिन	2	घेरण्ड संहिता के अनुसार
12	भस्त्रिका प्रायाणाम	प्रति दिन	1	घेरण्ड संहिता के अनुसार

शोध का सांख्यिकीय विश्लेषण : तालिका क्र.2 समूह के आधार पर प्रभाव का अध्ययन

समूह	लिंग	संख्या	मध्यमान	विचलन
प्रायोगिक समूह	महिला	30	18.86	6.95
	पुरूष	30	24.90	9.66
नियंत्रित समूह	महिला	30	47.20	14.55
	पुरूष	30	38.90	19.07

तालिका क्र.1 में हमने पाया कि (एफ 4,115= 223.070,पी <.001) महत्वपूर्ण प्रभाव पाया गया इसमें सभी माडल (सहसंयोजकों सहित) पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण मात्रा में भिन्नता को देखा गया है।

इसका मुख्य प्रभाव निम्नानुसार है:-

पूर्व कोवेरियंटः महत्वपूर्ण प्रभाव (एफ (1,115)=469.925,,पी<.001) यह दर्शाता है कि पहले प्राप्त परिणाम तथा यौगिक अभ्यास के बाद प्राप्त परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।

समूह में प्राप्त (एफ(11,115)=335.621,पी<.001) प्रभाव से दिखाई देता है कि प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।

लिंग समूह के आधार पर (एफ(11,115)= 0.021,पी <.885) महिलाओं एवं पुरूषों के पश्चात परिणाम में कोई महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया।महिलाओं एवं पुरूषों के प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पश्चात प्राप्त परिणाम (एफ(11,115)=4,<667,पी=>033) के आधार पर प्रायोगात्मक बनाम नियंत्रित समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के प्राप्त पश्चात परिणाम में महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।

तालिका क्र. 3 यौगिक अभ्यासों का समूह प्रभाव का अध्ययन

समूह	मध्यमान	मानक विचलन	लोवर बाॅड	अपर बाॅड
प्रायोगिक	22.48	.770	20.99	24.00
नियंत्रित	42.45	.770	40.92	43.97

यौगिक अभ्यास का समग्र प्रभाव समूह पर निम्नानुसार प्राप्त हुआ:-

तालिका क्र. 2 में समूह के अनुसार प्रायोगिक समूह (माध्य=22.48) एवं नियंत्रित समूह (माध्य=42.45) के प्राप्त पश्चात परिणाम में प्राप्त माध्य के आधार पर प्रायोगिक समूह यौगिक अभ्यास के पश्चात प्राप्त माध्य में बहुत कमी पायी गयी। जो कि बताता है कि यौगिक अभ्यास के कारण समायोजन स्कोर में कमी पायी गयी अर्थात योगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास करवाया गया उनके माध्य में नियंत्रित समूह जिसे यौगिक अभ्यास नही कराया गया उनके माध्य से कम पाया गया। प्रायोगिक समूह की तुलना में नियंत्रित समूह का माध्य अधिक होने से नियंत्रित समूह में समायोजन में कमी देखी गयी वही प्रायोगिक समूह के माध्य कम होने से समायोजन में वृद्धि पाया गया।

तालिका क्र. 4 लिंग के आधार पर प्रभाव का अध्ययन

समूह	लिंग	मध्य	एस टी डी त्रुटि	. 95कानफिडेंस इनटरवाल	
				लोवर बाॅड	अपर बाॅड
प्रायोगिक समूह	महिला	23.76	1.090	21.60	25.91
	पुरूष	21.20	1.094	19.03	23.36
नियंत्रित समूह	महिला	41.32	1.095	39.16	43.50
	पुरूष	43.57	1.102	41.39	45.75


तालिका क्र.3 के अनुसार महिलाओं एवं पुरूषों के पश्चात परीक्षण परिणाम के आधार पर महत्वपूर्ण अंतर नही पाया गया।

महत्वपूर्ण अंतःक्रिया प्रभाव से ज्ञात होता है कि समायोजन स्कोर पर यौगिक अभ्यास का प्रभाव लिंगो के पूर्व एवं पश्चात परीक्षण में अधिक अंतर पाया गया।

पुरूषों के नियंत्रित (माध्य 42.45) की तुलना में प्रायोगिक समूह का (माध्य 21.20) स्कोर कम पाया गया। जिससे ज्ञात होता है कि नियंत्रित समूह जिसे यौगिक अभ्यास नही कराया गया उनके स्कोर अधिक पाये गये जो कि समायोजन की कमी को बताता है। प्रायोगिक समूह जिसने यौगिक अभ्यास किया उनके समायोजन स्कोर में कमी पायी गयी जो समायोजन को बढ़ाने में सहायक रहा। पुरूष समूह में (प्रायोगिक और नियंत्रित समूह) के पश्चात परीक्षण में

महत्वपूर्ण अंतर पाया गया।

महिला समूह के नियंत्रित (माध्य 41.33) एवं प्रायोगिक स्कोर (माध्य 23.76) के आधार पर ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास के अभाव में नियंत्रित समूह का स्कोर अधिक है जो खराब समायोजन को दर्शाता है। प्रायोगिक समूह जिसे यौगिक अभ्यास कराया गया उनके माध्य स्कोर में कमी पायी गयी जो कि समायोजन वृद्धि को दर्शाता है। पुरूषों की तुलना में महिलाओं के बीच का अंतर कम था।



चार्ट के आधार पर यह पाया गया कि स्वतंत्र चर के अलग अलग स्तरों पर आश्रित चर के परिणाम में क्या अंतर पाया गया। स्वंतत्र चर के आधार पर यह चार्ट में समूहों एवं लिंगों पर प्रभाव को दर्शाता है। जैसे प्रायोगिक समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के अंक एवं नियंत्रित समूह के महिलाओं एवं पुरूषों के अंक में अंतर पाया गया। आश्रित चर के आधार पर समायोजन क्षमता के अंकों पर अंतर पाया गया जो यह दर्शाता है कि लिंगो के आधार पर प्रभाव को दर्शाता है।

यह चार्ट के द्वारा एनकोवा के सांख्यिकीय प्रभाव को समझने में सहायता मिलती है। जिसमें स्वतंत्र चर का आश्रित चर पर सकारात्मक प्रभाव पाया गया। प्रायोगिक समूह एवं नियंत्रित समूह के अंकों के स्तर को समझने में सहायक है। दोनों सूमह का प्रभाव जो चार्ट यौगिक अभ्यास करने वाले समूह का अंक स्तर नीचे की ओर है तथा नियंत्रित समूह का अंक स्तर अधिक पाया गया। कम अंक अधिक समायोजन को बताता है। समूह एवं लिंगों पर यौगिक अभ्यास करने अथवा नही करने के पश्चात अंक स्तर से समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का ज्ञात करने में सहायता मिली। यौगिक अभ्यास का समायोजन संबंधी समस्याओं को कम करने में सहायक है तथा महिलाओं की तुलना में पुरूषों पर इसका अधिक प्रभाव पाया गया। महिला एवं पुरूष दोनों के समूह में प्रायोगिक के पश्चात स्कोर में कमी पायी गयी जो कि दर्शाता है कि यौगिक अभ्यास का समायोजन पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

शोध अध्ययन से ज्ञात होता है कि यौगिक अभ्यास हस्तक्षेप के बाद समायोजन क्षमता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। नियंत्रित एवं प्रायोगिक समूह के स्कोर में भिन्नता देखी गई। प्रायोगिक समूह का स्कोर नियंत्रित समूह की तुलना में कम पाया जाना यौगिक अभ्यास के प्रभाव को स्पस्ट करता है। महिला पुरूष के पश्चात परिणाम में अधिक भिन्नता नही पायी गई जिससे ज्ञात होता है कि लिंग के आधार पर अधिक अंतर नही पाया गया। किन्तु अलग अलग लिंग के प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के पूर्व एवं पश्चात स्कोर के आधार पर महिला एवं पुरूष के समायोजन परिणाम में सार्थक अंतर पाया गया।

परिणामों का विश्लेषण :-

पूर्व में शोधों के आधार पर विश्लेषणात्मक अध्ययन करने से प्राप्त होता है कि वर्मा माधव (जनवरी 2022) ने 'जिला बिजनौर के ग्रामीण प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों के कार्यक्षेत्र में समायोजन की स्थिति का अध्ययन किया अपने अध्ययन में पाया कि शिक्षक के समायोजन क्षमता का केवल शिक्षक पर ही नहीं विद्यार्थियों, समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।, राय, मुखोपाध्याय एवं घोष 2021 आवासीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों के समायोजन पर योग अभ्यास के प्रभाव का तुलानात्मक अध्ययन किया जिसमें योगाभ्यास का सामाजिक, भावनात्मक एवं शैक्षिक समायोजन पर प्रभाव नही पाया गया इसका कारण अलग आयु समूह तथा प्रज्ञा योग की सख्ती जलवायु परिवर्तन को भी कारण बताया है।, कुमार कामख्या (2016) ने अपने शोध 'कामकाजी महिलाओं के समायोजन पर योगप्रथाओं के प्रभाव का एक अध्ययन किया।'इन्होने पाया कि समायोजन पर योगाभ्यास का प्रभाव पड़ता है देव संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्रों पर इन्होंने प्रभाव को देखा प्रायोगिक एवं नियंत्रित समूह के द्वारा जिसमें नियंत्रित समूह की तुलना में प्रायोगिक समूह पर योगाभ्यास से उनके समायोजन पर प्रभाव पड़ता है नियमित करने वाली महिलाओं पर अच्छा प्रभाव देखा गया।, नार्के एवं दरयानानी (2015) किशोरों के लिंग और निवास अंतर के संबंध में समायोजन के लिए योग अभ्यास इंडियन जर्नल ऑफ पॉज़िटिव साइकॉलजी 6 (1), 69, 2015 में किशोरों पर अभ्यास, लिंग तथा आवास के साथ व्यक्तिगत रूप से तथा एक दूसरे के साथ समायोजन करने की क्षमता पायी गई।

निष्कर्ष:- महिलाओं एवं पुरूषों दोनों पर यौगिक अभ्यासों का समायोजन क्षमता पर सार्थक प्रभाव पड़ता है। महिला एवं पुरूष दोनों के समायोजन क्षमता को बढ़ाने में यौगिक अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका है। नियमित यौगिक अभ्यास से समायोजन क्षमता में वृद्धि होगी। शोध में पाया गया कि लिंग के आधार पर अंक स्तर में अधिक अंतर नही पाया गया किन्तु लिंग समूह के प्रायोगिक समूह पर यौगिक अभ्यास के पूर्व एवं पश्चात परीक्षण के अंक स्तर पर स्पष्ट अंतर पाया गया जिससे ज्ञात होता है कि महिलाओं एवं पुरूषों के समायोजन क्षमता पर यौगिक अभ्यास का सार्थक प्रभाव पड़ता है।

सदंर्भ ग्रंथः

1. बार्टोस, पोसादास, व्रप्सन एवं क्रैगेलोह 2023 तत्कालीन परीक्षण के साथ प्रतिक्रिया बदलाव के लिए समायोजन के बाद माइंडफुलनेस और योग-आधारित हस्तक्षेप में प्रभाव आकार में वृद्धि। माइंडफुलनेस 14(4), 953-969.
2. अधिकारी अनसूया 2023 सामाजिक- शैक्षणिक दृष्टिकोणःमानव समायोजन पर एक अध्ययन। ईपीआरए इंटेरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आईजेआरडी) 8 (1),97-101. ISBN 2455.7838.
3. कुमार कामख्या 2016 विद्यार्थियों में समायोजन के लिए योग आधारित जीवनषैली का दृष्टिकोण (एपरोच ऑफ योगा बेस्ड लाइफस्टाइलवर्ड सोशल एडजेस्टमेंट एमंग स्टुडेंटस) इंटरनेषनल जर्नल ऑफ योगा एण्ड एलाइड सांइस volume:Issue:1: जनवरी से जून 18-23. ISBN 2278.5159.
4. नार्के एवं दरयानानी 2015 किशोरों के लिंग और निवास अंतर के संबंध में समायोजन के लिए योगाभ्यास। इंडियन जर्नल ऑफ पाॅजिटिव साइकोलाॅजी 6 (1), 69 2015.
5. चौधरी बिनोद 2013 जनजातीय छात्रों के तनाव और सामाजिक समायोजन क्षमता पर योग निद्रा और प्राणायाम का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फिजिकल एंड सोशल सांइसेज 3(11),87-95.
6. राय , मुखोपाध्याय एवं घोष 2021 आवासीय छात्रावास विद्यार्थियों में योगिक अभ्यास का समायोजन पर तुलनात्मक अध्ययन। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ साइकोलाजी न्यूटीशन एंड शारीरिक शिक्षा एंड 2021; 6(1) 32-34. ISBN :2456-0057.
7. माहेश्वरी एवं यादव 2018 महविद्यालय जाने वाली कन्याओं के बीच समायोजन पर योग-प्रेक्षा ध्यान का प्रभाव। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ योगा एंड अलाइड सांइसेज 7(1), 45-51.
8. सरीन एवं सरीन 2015 शैक्षिक अनुसंधान विधियां अग्रवाल पव्लिकेशन्सन ISBN: 978-81-89994-89-1
9. बिहारिया, बिहारिया एवं सिंह योगाभ्यास (सूर्य नमस्कार, योग निद्रा एवं स्वाध्याय) का समायोजन स्तर एवं सांवेगिक बुद्धि पर प्रभाव माइंड एवं सामाजिक ISBN: 2277-6907 vol.2 no.II&III अप्रैल-सिंतम्बर 2013 पेज नं.5-12
10. वर्मा एवं गुरवेन्द्र (2016) शहरी क्षेत्र में महाविद्यालय के सामाजिक समायोजन पर सामूहिक योगिक अभ्यास के प्रभाव पर एक अध्ययन 2(21):36-40
11. वर्मा एवं कामाख्या (2020) व्यस्कों में जीवन संतुष्टि पर समूह और व्यक्तिगत चेतना का साक्ष्य-आधारित तुलानात्मक अध्ययन
12. असियाची, सनातकरन एवं बहारी (2017) बुजुर्ग पुरूषों और महिलाओं के समायोजन पर योग की प्रभावशीलता एजिंग साइकोलाजी 2(4),261-270,2017
13. डॉ. अस्मिता (2019) कामकाजी महिलाओं का बच्चों के साथ समायोजन
14. International journal of Research in Social Sciences Volume 9, Issue 5(May 2019) ISBN: 249-2496
15. स्वामी सरस्वती सत्यानंद ,(2017) आसान,प्राणायाम,मुद्रा एवं बंध मुंगेर बिहार पब्लिकेसन ISBN; 978-8185787527 (2017)
16. सिंह,अरुण एवं सिंह, आशीष (2015) व्यक्तिव का मनोविज्ञान मोतीलाल बनरसीदास जवाहर नगर दिल्ली ISBN: 978-81-208-2198-9 पेज नं 215-220 प्रथम संस्करण 2000

****

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का प्रभाव

-डॉ.रश्मि जहाँ
एम.ए.,एम.एड.पीएच.डी,
अस्टिस्टेन्ट प्रोफेसर
श्री द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्याल,
दनकौर (गौतमबुद्ध नगर) उ.प्र.

-डॉ.बोबिन्द्र
एम.ए.,एम.एड.एम.फिल.,पीएच.डी,
अस्टिस्टेन्ट प्रोफेसर
श्री साँई महाविद्याल,फतेहपुर पुट्टी (बागपत) उ.प्र.

शोध-सारांश :

दुनिया में, हमें ''मानव व्यवहार'' का अर्थ समझना चाहिए। मानव व्यवहार से तात्पर्य मनुष्यों द्वारा अपने पर्यावरण के साथ मिलकर प्रदर्शित की जाने वाली विभिन्न क्रियाओं और दृष्टिकोणों से है। यह स्पष्ट है कि जिस वातावरण में लोग रहते हैं, उसका उनके व्यवहार पर बहुत प्रभाव पड़ता है। दूसरी ओर, प्रत्येक व्यक्ति के व्यवहार का पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण में सभी जीवित जीव, निर्जीव पदार्थ और ब्रह्माण्ड के रूप में जाना जाने वाला पूरा क्षेत्र शामिल है। जब हम पर्यावरण के बारे में बात करते हैं, तो हम वास्तव में अपने आस-पास के बारे में बात कर रहे होते हैं, जिसमें वे सभी भौतिक, जैविक और सामाजिक स्थितियाँ भी शामिल होती हैं, जिनका किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के विकास पर प्रभाव पड़ता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यक्ति स्कूल में है या काम पर, जेसे कि नर्स, डॉक्टर, वकील इत्यादि, प्रत्येक व्यक्ति का व्यवहार पर्यावरण से प्रभावित होता है। यह स्पष्ट है कि प्रदूषण के कई रूप हैं और पर्यावरण पर इसके प्रभाव हैं। इसी तरह, व्यक्ति के व्यवहार की प्रकृति अक्सर उस सामाजिक और भौतिक सेटिंग के प्रकार से निर्धारित होती है जिसमें वह पला-बढ़ा है।

ग्रह पृथ्वी सबसे बड़ा पारिस्थितिकी तंत्र है जिसका अध्ययन किया जा सकता है और आंशिक रूप से समझा जा सकता है। एक पारिस्थितिकी तंत्र सभी जीवित और निर्जीव जीवों और पर्यावरणों का संयोजन है जो समग्र रूप से प्रणाली के समग्र कार्य और पोषण में योगदान करते हैं। इसमें पौधे, जानवर, भूमि, मिट्टी, पानी, हवा, जीवमण्डल और इसके भीतर की हर चीज शामिल है। पर्यावरण पर मानव प्रभाव उन सभी गति. विधियों और व्यवहारों का योग है जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव पैदा करते हैं जो पृथ्वी के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करते हैं।

मुख्य शब्द:- वातावरण, सामाजिक, उदाहरण, भौतिक, प्राकृतिक, जीवित, मानव, व्यवहार, जागरूकता, नुकसान।

पर्यावरण पर मानव व्यवहार के प्रभाव का अध्ययन करने का महत्व:

पर्यावरणीय मुधों का वैश्विक और बड़ा प्रभाव होने के कारण, इसलिए हमारे लिए अपने व्यवहार के पर्यावरणीय प्रभावों को समझना बहुत महत्वपूर्ण है- चाहे वह हमारे ग्रह पर सीधे प्रभाव हो या हमारे साथ ग्रह को साझा करने वाले तीसरे पक्ष पर प्रभाव हो। मानव व्यवहार और सामाजिक पर्यावरण को अच्छी तरह से समझने से वर्तमान और भविष्य की पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान खोजने में मदद मिलती है। लेकिन क्या हम भूल गए हैं या हमने देखा है कि हम जो कुछ भी करते हैं और उसका पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है, उसके बीच क्या संबंध है? हाँ, ''सामाजिक वातावरण और सामाजिक संदर्भ में पर्यावरण पर मानव व्यवहार के प्रभाव'' के अध्ययन का प्राथमिक ध्यान उन तरीकों और साधनों को खोजने पर है जिनके द्वारा जैव विविधता का नुकसान, वनों की कटाई की रोकथाम, ग्लोबल वार्मिंग और अन्य प्रमुख पर्यावरणीय मुधों को रोका जा सकता है। सामान्य तौर पर, कई लोग मानते हैं कि मानव व्यवहार का अध्ययन करना 'सामान्य ज्ञान' है। यह बात कुछ हद तक सही हो सकती है, फिर भी, स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और प्रतिक्रियाओं का अध्ययन करने के लिए समझ के अनुप्रयोग बहुत महत्वपूर्ण हैं। मानव व्यवहार का अध्ययन करने का मतलब न केवल हमारे कार्यों के पहलुओं और उन कारणों का गहरा ज्ञान होना है जो हमें इस तरह से कार्य करने के लिए मजबूर करते हैं, बल्कि ऐसे तरीके भी तैयार करना है जिनसे हम समाज को बेहतर बना सकें। इसलिए, पर्यावरण पर मानवीय प्रतिक्रियाओं के प्रभावों की गहराई को मापने के लिए, हाल के अध्ययनों से पता चला है कि कई मानवीय गतिविधियाँ हैं जिनके कारण रेगिस्तान का निर्माण हुआ है। जैसे-जैसे रेगिस्तान समय के साथ फैलते जा रहे हैं, अधिक चराई के कारण अधिक पौधे नष्ट हो जाएँगे, ओर इससे भूस्खलन और मिट्टी का कटाव अधिक होगा। और इसलिए कई शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि संज्ञ. नात्मक, भावनात्मक और कभी-कभी न्यूरोबायोलॉजिकल प्रक्रियाओं को समझना महत्वपूर्ण है जो मानव व्यवहार चाहते हैं और उन तरीकों को समझना है जिनके द्वारा ज्ञान के ऐसे स्रोतों को पर्यावरणीय समस्याओं के अध्ययन में उत्पादक रूप में शामिल और उपयोग किया जा सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भौतिकता के साथ सामाजिक संबंधों में मौलिक परिवर्तनों की आवश्यकता होगी, जिससे हमारे जैसे सामाजिक वैज्ञानिकों को सामाजिक और प्राकृतिक विज्ञान के बीच कम प्रतिकूल और अधिक संभावना-समृद्ध संबंध बनाने के अवसरों की खोज जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। खैर, इन्हें राजनीतिक कार्रवाई और कई अन्य प्रकार के

आम और पेशेवर विशेषता को गतिशील और अनुकूल निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में घनिष्ठ एकीकरण द्वारा पूरक करने की आवश्यकता होगी।

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का प्रत्यक्ष प्रभ. ाव :

पहला मुख्य क्षेत्र जहाँ मनुष्य पर्यावरण पर सीधा प्रभाव डालता है, वह है प्रदूषण और अपशिष्ट उत्पादन। पर्यावरण पर मानव गतिविधि के हानिकारक प्रभावों के प्रमुख उदाहरणों में से एक प्रशान्त महासागर में स्थित ग्रेअ पैसिफ़िक गार्बेजे पैच में देखा जाता है। यह कचरे और कूड़े का एक विशाल क्षेत्र है, जो मुख्य रूप से बैग, बोतल और माइक्रोबीड्स जैसे गैर-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक से बना है। कचरा पैच तब बनता है जब अपशिष्ट पदार्थ समुद्री धाराओं द्वारा फँस जाता है, जिससे मलबे का एक केन्द्रित क्षेत्र बन जाता है। इसका स्थानीय समुद्री जीवन पर विनाशकारी प्रभाव पड़ता है-उदाहरण के लिए, समुद्री कछुए अक्सर प्लास्टिक की थैलियों को जेलीफ़िश समझ लेते हैं, जो उनके पसंदीदा भोजन में से एक है, जिससे उनके पाचन तंत्र में रूकावट आती है। इसी तरह, डॉल्फ़िन मछली पकड़ने के छोड़े गए जाल में उलझ सकती हैं, जिससे उनकी तैरने और भोजन की तलाश करने की क्षमता को खतरा हो सकता है। पर्यावरा पर दूसरा सीधा प्रभ. ाव वनों की कटाई और आवास विनाश से आता है। इसका एक प्रमुख उदाहरण ब्राज़ील में अमेज़न वर्षावन का विनाश है। यह वनों की कटाई बढ़ते औद्योगिकरण और विकास का परिणाम है, क्योंकि मवेशियों के पालन और सोयाबीन उत्पादन जैसे व्यावसायिक उपक्रमों के लिए पेड़ों की बढ़ती संख्या को काटा जा रहा है। ये क्रियाएँ न केवल वर्षावन के भीतर जैव विविधता को कम करती हैं, बल्कि जल चक्र को भी बाधित करती हैं और शुष्क परिदृश्य का कारण बन सकती हैं। वन जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे कार्बन सिंक के रूप में कार्य करते हैं- एक प्राकृतिक भण्डार जो वातावरण से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है।

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का एक और प्रमुख प्रत्यक्ष प्रभाव है। पिछली कुछ शताब्दियों में अत्यधिक जनसंख्या और अत्यधिक उपभोग ने पर्यावरण पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। इससे व्यापक वायु और जल प्रदूषण, दुनिया के महासागरों का प्रदूषण और विनाश, और ग्रीनहाऊस गैसों का उत्सर्जन हुआ है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग हुई है। विकासशील देशों में अत्यधिक जनसंख्या, विशेष रूप से, न केवल पर्यावरण को असंतुलित कर रही है, बल्कि दुनिया के प्राकृतिक संसाध ानों को भी कम कर रही है। इस स्थिति के समाधान के बिना, सम्पूर्ण ग्रह आज जीवित लोगों की संख्या को बनाए नहीं रख सकता, और न ही भविष्य में जन्म लेने वाले लोगों को बनाए रख सकता है।

प्रदूषण और अपशिष्ट उत्पादन :

दूसरा प्रत्यक्ष प्रभाव जो खोजा गया है वह अपशिष्ट और प्रदूषण का उत्पादन। अपशिष्ट वह सामग्री है जिसे अब उपयोगी नहीं माना जाता है और जिसे या तो निपटाया जाना है या निपटान के लिए एकत्र किया जाना है। दूसरी ओर, प्रदूषण पर्यावरण में हानिकारक पदा. र्थो का प्रवेश है। अपशिष्ट उत्पादन और प्रदूषण मुख्य रूप से औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों के कारण होता है, लेकिन घरेलू गतिविधियों के कारण भी होता है। प्रदूषित पानी और पर्यावरण क्षरण से प्रतिकूल मानव स्वास्थ्य प्रभाव उत्पन्न हो सकते हैं।

अति उपभोग और संसाधनों का ह्रास :

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का एक और महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष प्रभाव अति उपभोग है। अति उपभोग तब होता है जब संसाधनों का उपयोग प्रकृति द्वारा उन्हें फिर से भरने की तुलना में तेज़ गति से किया जाता है। इससे प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास हो सकता है। ह्रास किसी क्षेत्र में संसाधनों की कमी है। हमारा समाज अति उपभोग महामारी के बीच में है। अति उपभोग की अमेरिकी संस्कृति संसाधनों की वैश्विक कमी में योगदान दे रही है। यह अति उपभोग पानी, भूमि और ऊर्जा उपयोग सहित कई क्षेत्रों में स्पष्ट है। कुछ समाज जनसं ख्या और संसाधन उपभोग के बीच संतुलन बनाने में कामयाब रहे हैं। उनमें से कई क्षेत्रों में, समुदायों को पारिस्थितिकी तंत्र का दोहन करने के बजाय केवल वही उपयोग करने के लिए एक नैतिक मानक द्वारा निर्देशित किया जाता है जिसकी उन्हें आवश्यकता होती है। इन क्षेत्रों में, जब संसाधन समाप्त हो जाते हैं, तो वे आम तौर पर अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए कोई दूसरा संसाधन या नया तरीका खोज लेते हैं।

जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग :

जलवायु परिवर्तन का मतलब है दुनिया भर में तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलाव। यह पृथ्वी के वायुमण्डल में ग्रीनहाऊस गैसों के निर्माण के कारण होता है, जो सूर्य से गर्मी को फँसाते हैं और इसे वापस अंतरिक्ष में जाने से रोकते हैं। इस घटना को अक्सर ''ग्रीनहाऊस प्रभाव'' के रूप में जाना जाता है। जलवायु परिवर्तन के सबसे महत्वपूर्ण चालकों में से एक ऊर्जा के लिए जीवाश्म ईंधन का जलना है। औद्योगिक क्रान्ति के बाद से, दुनिया ने बिजली संयंत्रों, कारों और अन्य मशीनों को चलाने के लिए जीवाश्म ईंधन-कोयला, तेल और प्राकृतिक गैस- के जलने की मात्रा में भारी वृद्धि देखी है। नतीजतन, 19वीं सदी के बाद से वायु मण्डल में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

जैव विविधता की हानि :

इसके बाद, पृथ्वी पर पाई जाने वाली जैव विविधता पर विचार करना महत्वपूर्ण है। जैव विविधता से तात्पर्य किसी विशिष्ट आवास में पाई जाने वाली प्रजातियों की विविधता से है। विभिन्न प्रजातियों ने अलग-अलग पर्यावरणीय परिस्थितियों में जीवित रहने के लिए खुद को अनुकूलित किया है। यह विविधता, वास्तव में, पृथ्वी की जीवन को सहारा देने की क्षमता का प्रमाण है। हालाँकि, जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियाँ बढ़ी हैं, वैसे-वैसे विलुप्त होने की दर भी बढ़ी है। विलुप्त होना एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। जैसे-जैसे एक प्रजाति लुप्त होती है, यह दूसरी के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। हालाँकि, विलुप्त होने की प्राकृतिक दर अब मुख्य रूप से वनों की कटाई, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप तेज हो रही है। प्रजातियों का नुकसान अपरिवर्तनीय है और अब यह न केवल पृथ्वी पर जीवन रूपों की विविधता के लिए बल्कि उन मानवीय गतिविधियों के लिए भी खतरा पैदा कर रहा है जो इस नुकसान के लिए जिम्मेदार हैं। प्रजातियों को विलुप्त करने वाली कई प्रक्रियाएँ मानवीय गतिविधियों के कारण होती है।

पारिस्थितिकी तंत्र का विघटन :

पारिस्थितिकी तंत्र का विघटन मानव व्यवहार और पर्यावरण के अध्ययन के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। पारिस्थितिकी तंत्र पौधों और जानवरों का एक समुदाय है जो किसी दिए गए क्षेत्र में एक दूसरे के साथ रहते हैं और बातचीत करते हैं। प्रत्येक पारिस्थितिकी तंत्र में जीवन का एक सावधानीपूर्वक संतुलन होता है, जहाँ प्रत्येक जीव की एक विशिष्ट भूमिका होती है। जीवन के लिए एक दूसरे पर निर्भर रहने वाले जीवों की इस प्रक्रिया को वैज्ञानिक शब्दों में ''खाद्य जाल'' के रूप में जाना जाता है। खाद्य जाल को ''कौन किसे खाता है'' आरेख के रूप में वर्णित किया जा सकता है जो किसी दिए गए वातावरण में जीवित चीजों के बीच जटिल संबंधों को दर्शाता है। हालाँकि, मानवीय हस्तक्षेप इस नाजुक संतुलन को बाधि ाक कर सकता है। जंगलों की कटाई, प्रदूषण और जानवरों की अत्यधिक कटाई पारिस्थितिकी तंत्र के लिए प्रत्यक्ष खतरों के उदाहरण हैं। महासागरों में तेल रिसाव समुद्री और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बड़ी समस्याएँ पैदा कर सकता है।

पर्यावरण पर मानव व्यवहार का अप्रत्यक्ष प्रभाव:

पर्यावरण पर मानव व्यवहार के अप्रत्यक्ष प्रभावों का निदान करना अक्सर अधिक कठिन होता है। अप्रत्य क्ष नुकसान के सबसे आम उदाहरण भूमि उपयोग से संबंधित हैं, क्योंकि यह सामान्य बात है कि मानव अवकाश और यात्रा गतिविधियों द्वारा विभिन्न तरीकों से आवासों को बदला जाता है। जबकि लम्बी पैदल यात्रा और अन्य बाहरी गतिविधियाँ पर्यावरण के अनुकूल लग सकती हैं, फिर भी वे परिदृश्य को बदल देती हैं, कभी-कभी काफी हद तक, जिसका उन स्थानों पर रहने वाले पौधों और जानवरों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, पैदल चलने के लिए किसी विशेष क्षेत्र के उपयोग में मामूली वृद्धि भी उस क्षेत्र में पेड़ की जड़ों की वृद्धि को रोक सकती है, जो कम स्थिरता वाले पेड़ में बदल सकती है और तूफान के दौरान गिर सकती है। मानव गतिविधि और यातायात के कारण होने वाले कटाव से अक्सर पौधों और आवासों को दीर्घकालिक नुकसान हो सकता है। जब बड़ी संख्या में लोग विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के लिए एक ही प्राकृतिक स्थल का उपयोग करते हैं, तो परिदृश्य और आवास में परिवर्तन अपरिहार्य हैं। अप्रत्यक्ष प्रभावों में सामाजिक तनावों के बिगड़ते प्रभाव भी शामिल हैं, जैसे कि राष्ट्रीय उद्यान के माध्यम से एक नई सड़क के निर्माण से उत्पन्न तनाव। जब कोई नई सड़क बनाई जाती है, तो इससे लोगों के लिए प्राकृतिक स्थलों तक नई पहुँच हो सकती है, जो उन क्षेत्रों का उपयोग करने वाले पौधों और जानवरों की मूल, अक्सर दुर्लभ, प्रजातियों को बाहर कर सकती है। ऐसे सामाजिक तनाव वनस्पतियों और जीवों की पहले से ही अलग-थलग आबादी के भीतर मानसिक स्वास्थ्य के मुधों से भी जुड़े हो सकते हैं। अवकाश और यात्रा से जुड़ा मानव व्यवहार अक्सर क्रियाओं के बारे में जागरूकता की कमी से संबंधित होता है। इसलिए व्यक्तियों के लिए पर्यावरण के साथ बातचीत करने के तरीकों के संभावित अप्रत्यक्ष प्रभावों को बेहतर ढ़ंग से समझना महत्वपूर्ण है। शैक्षिक कार्यक्रम केवल तेल रिसाव और रासायनिक प्रदूषा जैसे बड़े स्पष्ट नुकसान को कम करने पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर सकते हैं, बल्कि रोजमर्रा की, अक्सर अनदेखी की जाने वाली कार्रवाईयों पर भी ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं जो अभी भी पर्यावरणीय स्थितियों में महत्वपूर्ण बदलाव लाती है। यह समझकर कि विभिन्न प्रकार के जीवन और भूमि आपस में कैसे जुड़े हुए हैं, मुनष्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह को संरक्षित करने में अधिक जानबूझकर और देखभाल करने वाली भूमिका निभा सकते हैं। नए निर्माण, शहर के विस्तार और अन्य मानवीय गतिविधियों के सामने वन्यजीव संरक्षा और पड़ोस के सामुदायिक हितों का समर्थन और प्रचार किया जाना चाहिए। विभिन्न प्र. जातियों की उपस्थिति को महत्व देना महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पारिस्थितिकी तंत्र संतुलन और स्थिरता में योगदान देता है। यह देखते हुए कि निर्माण और भवन योजनाओं के परिणामस्वरूप आमतौर पर वन्यजीवों का निवास स्थान नष्ट हो जाता है या उनका विस्थापन होता है, यह मानव समुदायों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे विभिन्न प्रजातियों और प्राकृतिक परिवेश के बीच मौजूदा सामंजस्यपूर्ण संबंधों को पहचानें। ऐसी मान्यता का उपयोग पारिस्थितिक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण

महत्व वाले स्थलों की सुरक्षा और रख-रखाव के लिए पैरवी करने के लिए किया जा सकता है। अस्थिर व्यवहार आसपास के पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यक विशेषताओं को बदल सकते हैं और, निवास स्थान के नुकसान या देशी प्रजातियों के विस्थापन के नॉक-ऑन प्रभावों के माध्यम से, मनुष्य खुद को ऐसे क्षेत्रों में रह सकते हैं जहाँ स्थिर और विविध पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाएँ कम उपलब्ध होती हैं। इस तथ्य को पहचान कर कि मानव समाज और पर्यावरण के बीच एक सार्थक और स्वस्थ संबंध के लिए पारिस्थितिकीय रूप से सही और वर्तमान को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, पर्यावरण के साथ दीर्घकालिक सद्भावना और बातचीत को बढ़ावा दिया जा सकता है, जिससे अंततः अधिक टिकाऊ और जिम्मेदारी पृथ्वी जीवन की ओर अग्रसर हो सकता है।

निष्कर्ष :

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण को गम्भीर नुकसान हुए हैं। पर्यावरण की क्षति मनुष्य के स्वास्थ्य को हमेशा से प्रभावित करती आ रही है। इनमें से ज्यादातर स्वास्थ्य समस्याएँ पर्यावरण प्रदूषण से जुड़ी है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि पर्यावरण प्रदूषण की गम्भीर समस्या पर्यावरण संसाधनों के अविवेकपूर्ण उपयोग से जुड़ी है। यदि हम संसाधनों को संरक्षण तथा कम से कम उपयोग करते तो विकराल समस्याओं से बचा जा सकता था।

विनाशकारी पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए बहुत सारे नियंत्रण उपायों की आवश्यकता है क्योंकि इसके गम्भीर प्रभाव समस्त मानव जीवन पर पड़ रहे हैं। सार्वजनिक पर्यावरण जागरूकता अभियान तथा पर्यावरण प्रबन्धन हेतु राष्ट्रीय नीतियों के द्वारा लोगों को विभिन्न पर्यावरणीय मुधों के प्रति सजग किया जा सकता है। पर्यावरणीय मुधे समस्त मानव जीवन के व्यवहार तथा जीवन गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। इसलिए आवश्यकता है कि मनुष्य अधिक से अधिक संरक्षण की नियत के साथ वातावरण से विवेकपूर्ण सम्बन्ध रखे।

कई पर्यावरणीय समस्याएँ मनुष्य की अनभिज्ञता से उत्पन्न होती है। इसलिए सम्बन्धित सरकारी विभागों तथा संस्थाओं को लोगों की गतिविधियों से होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बताना चाहिए कि वातावरण और मानव स्वास्थ्य का सम्बन्ध किस प्रकार है।

सरकार को ऐसे पर्यावरण संरक्षण आयोग की स्थापना करनी चाहिए जो पर्यावरण मंत्रालय के अधीन हो। इस आयोग का मुख्य उधेश्य स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण निगरानी करना होना चाहिए।

संदर्भित पुस्तक और वेबसाइट्स :

1.https://timesofindia.indiatimes.com
2.https://en.wikipedia.org
3पर्यावरण शिक्षा- डॉ0 गजेन्द्र सिंह तोमर, पृ0सं0- 1-15
4 प्रज्ञा (पर्यावरण विशेषांक) 2009-10
5 पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (छठा संस्करण), दृष्टि पब्लिकेशन्स, दिल्ली
6 सिंह, सावेन्द्र (1995), पर्यावरण भूगोल, प्रयाग पुस्तक भवन, इलाहाबाद
7 सक्सेना, डॉ0 हरिमोहन (1994), पर्यावरण एवं प्रदूषण, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
8 गर्ग, राजीव (1989), पर्यावरण और हम, राजपाल एण्ड सन्स दिल्ली, प्रथम संस्करण

****

गृहवास्तू निर्माण में भूमि-विचार

डॉ. सर्वेन्द्र कुमार
सहायकाचार्य
संस्कृत विभाग,
देशबन्धु महाविदयाल, दिल्ली

वास्तु का अभिप्राय निवास से है। यह शब्द **"वस् निवासे"** धातु से तुण् प्रत्यय के योग होने पर निष्पन्न होता है। जहाँ मनुष्य वास करते हैं उसे वास्तु कहा जाता है। इसके गृह, देवालय, ग्राम, नगर, पुर, आदि अनेक भेद हैं। **"वसन्ति प्राणिनो यत्र"** अर्थात् प्राणियों के वास–स्थान को वास्तु कहा जाता है। इस दृष्टि से जो प्राणी जहाँ रहता है उसके लिए वही वास्तु है। जलचर जल में रहते हैं, उनके लिए वही वास्तु है। पक्षी अपने नीड में रहते हैं, अतः उनके लिए नीड ही उनका वास्तु है। इस प्रकार सामान्यतया निवास–योग्य भूमि की संज्ञा वास्तु है और वास्तु अर्थात् भवन से सम्बन्धित शास्त्र को 'वास्तुशास्त्र' कहा जाता है।

भारतीय परम्परा में वास्तुशास्त्र अर्थात् निर्माण–अभियान्त्रिकी (Science of Architecture) को ऋषियों अथवा मनीषियों के अद्वितीय ज्ञान–कोष से उद्भूत माना गया है। वास्तु का विस्तृत अर्थ एवं उसका क्षेत्र साधरण एवं सीमित अर्थ में 'निवास–योग्य भूमि' अथवा भवन है परन्तु वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में वास्तु का अभिप्राय व्यापक है। आचार्य मय ने देवों और मनुष्यों के निवास स्थल को 'वास्तु' कहा है –

अमर्त्याश्चैव मर्त्याश्च यत्र यत्र वसन्ति हि।
तद् वस्त्विति मतं तज्ज्ञैस्तदभेदं च वदाम्यहम्।।

'मयमतम्' में वास्तु को चार प्रकार का बताया गया है – भूमि, प्रासाद (देवालय), यान एवं शयन। इनमें प्रधान वास्तु भूमि ही है, क्योंकि शेष इसी से उत्पन्न होते हैं।

प्रासाद आदि वस्तु प्रधान (वास्तु) भूमि से उत्पन्न होने एवं उस पर आश्रित होने के कारण वास्तु ही है। इसी कारण प्राचीन आचार्यों ने इसे वास्तु की संज्ञा प्रदान की है। वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में वास्तु की संज्ञा देते हुए 'भूमि' को ही मुख्य वास्तु बताया गया है, क्योंकि इन वास्तुओं का निर्माण मूलतः जिन वस्तुओं से होता है उनका उत्पत्ति–स्थान 'भूमि' ही है।

सभी वास्तु ग्रन्थ इन चारों वास्तुओं में प्रथमतः प्रधान वास्तु भूमि पर विचार करने के लिए कहते हैं। भवन–प्रासादादि के निर्माण के लिये भूमि की परीक्षा वर्ण, गन्ध, रस, आकृति, दिशा, शब्द एवं स्पर्श के द्वारा ही करनी चाहिये। परीक्षा के पश्चात् ही निर्माण कार्य की आवश्यकता के अनुसार ही भूमि को ग्रहण करना चाहिए।

मनुष्य को वास्तुशास्त्र सम्मत भूमि का चयन करके गृह का निर्माण करना चाहिए क्योंकि शास्त्रों में एक सद् गृहस्थ के लिए अपने गृह का होना आवश्यक बताया गया है 'गृह' उसके पारिवारिक जीवन के सुखभोग का हेतु है और धर्म, अर्थ एवं काम की प्राप्ति में सहायक है। सर्दी, गर्मी एवं वर्षा तथा शत्रुओं से अभिरक्षा का साधन तथा मांगलिक एवं धार्मिक कृतियों का सम्पादक–स्थल होता है। अतः शास्त्रों में एक सद् गृहस्थ के लिए अपने गृह का होना आवश्यक बताया गया है। क्योंकि एक गृहस्थ के द्वारा किये गये सभी यज्ञ, संस्कार, दान, तप, कृत्य यदि दूसरे किसी के गृह में होते हैं तो उन सभी कृत्यों का फल उस गृह अर्थात् भू के अधिपति को मिलता है –

परगेहे कृतास्सर्वाः श्रौतस्मार्तक्रियाः शुभाः।
निष्फलाः स्युर्यतस्तासां भूमीशः फलमश्नुते।।

गृह निर्माण प्रक्रिया में भूमि–चयन उस निर्माण का आधार है। अतः गृह–निर्माण विनियोजन में भूमि का चयन महत्त्वपूर्ण कार्य है। गृह निवेश हो अथवा पुर–निवेश, प्रत्येक के लिए निवेश्य स्थल का समुचित चयन करना आवश्यक है। गृह–निर्माण के लिए भूमि का चयन करते समय भूमि या मिट्टी की गुणवत्ता का विचार आवश्यक है। भूमि के कुछ गुणधर्म सभी मनुष्यों के लिए समान होते हैं, जबकि कुछ वर्ण–विशेष के अनुसार विचारणीय होते हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में भी भगवान कृष्ण ने कहा है –

चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः।

अर्थात् भारतीय शास्त्रीय परम्परा में सभी मनुष्य चार भाग में विभक्त हैं, इसी कारण उनके गुणधर्म भी भिन्न हैं उसी के अनुसार वास्तुशास्त्र में सभी वर्णों के लिए निवास हेतु भूमि का चयन उसकी गन्ध, वर्ण, स्वाद, प्लव तथा भूमि पर स्वतः उत्पन्न कुशादि के आधार पर करने का उल्लेख हुआ है तथा उसी के अनुसार उन्हें अपने कर्मों का पूर्ण फल मिलता है।

गृह सभी वर्णों को स्त्री–पुत्रादि भोग, सुख प्रदान करने वाला, धर्म, अर्थ और काम को देने वाला, प्राणियों को सुख प्रदान करने वाला आश्रम स्थल, शीत, वर्षा और ग्रीष्म ऋतुओं से रक्षा करने वाला है, केवल गृहनिर्माण से ही वापी, देवमन्दिरादि के निर्माण का समस्त पुण्यफल प्राप्त हो जाता है। इसीलिए विश्वकर्मा आदि देवों ने सर्वप्रथम गृहनिर्माण के लिए ही कहा है, मनुष्य को घासफूस एवं तिनके से गृह निर्माण करने पर करोड़ गुना, मिट्टी से गृह निर्माण करने पर दस करोड़ गुना, ईंट से गृह निर्माण करने पर सौ करोड़ गुना तथा पर्वत–पत्थर से गृह निर्माण करने पर अनन्त गुना पुण्य फल मिलता है।

भूमिचयन के प्रसङ्ग में वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थों में कहा गया है जिस भूमि पर शुभ मांगलिक जयंती, जया आदि शुभ

औषधियाँ याज्ञिक, यज्ञ सरज, शाल, गुलर, वट, खैर, मवलेसरी आदि वृक्ष हों, मधुर स्वादु, सुष्ठु गंध, स्नेह (देखने मात्र से प्रसन्नता), सम, नीचोच्च विषमता रहित, बिल–प्रस्फुटितादि दोषशून्य हो, वह भूमि मनुष्य के लिए मांगलिक है, इस प्रकार की भूमि पर कुछ समय बैठने मात्र से मार्गजनित श्रम दूर होकर अभूतपूर्व आनन्द–सुखानुभूति होती है, तो वैसी भूमि पर गृह निर्माण कर निवास करने से शाश्वत सुख–शान्ति, आनन्द व लक्ष्मी का निवास रहता है।

भूमिचयन प्रक्रिया में ब्राह्मणों के लिए श्वेत वर्ण वाली भूमि उपयुक्त है, क्षत्रियों के लिए रक्तवर्ण वाली भूमि, वैश्य के लिए पीतवर्ण वाली भूमि, शूद्रों के लिए कृष्णवर्ण वाली भूमि तथा अन्य वर्णों के लिए मिश्रित वर्ण वाली भूमि प्रशस्त बतायी गयी है –

श्वेता ब्राह्मणभूमिका च घृतवद्गन्धा शुभस्वादिनी
रक्ता शोणितगन्धिनी नृपति भूः स्वादे कषाया च सा।
स्वादेऽम्ला तिलतैलगन्धिरुदिता पीता च वैश्या मही
कृष्णा मत्स्यसुगन्धिनी च कटुका शूद्रेति भूलक्षणम्।।

ऋग्वेद के आश्ववलायनगृह्यसूत्र के द्वितीय अध्याय की सप्तमी कण्डिका के वास्तुपरीक्षण में भी भूमिचयन के विषय में भी यही बताया गया है बालू की अधिकता वाली शुभ्र वर्ण वाली भूमि ब्राह्मण के वास्तु निर्माण के लिए उपयुक्त होती है। उसमें उसको मधुर स्वादिष्ट पदार्थ मिलते रहते हैं। क्षत्रियों के गृह–निर्माण के लिए बालू की अधिकता वाली लालवर्ण की भूमि उपयुक्त होती है तथा वैश्य के लिए बालू की अधिकता वाली पीले वर्ण की भूमि गृह–निर्माण के लिए शुभ बताई गयी है।

ऐसी भूमि गृह निर्माण के लिए चारों वर्णों के लिए प्रशस्त होती है जो स्वाद में मधुर एवं श्वेत वर्ण की हो। भूमि इतने स्नेह से युक्त हो जहाँ नकुल एवं सर्प भी प्रेमपूर्वक रहें अथवा भूमि का प्रभाव इतना सौमनस्य युक्त हो कि मूषक एवं विडाल भी दौर्मनस्य त्याग कर प्रेमपूर्वक निवास करें।

भूमि परीक्षण के पश्चात् सुख की कामना से चण्डिका के साथ गणेश, क्षेत्रपाल तथा अष्ट–दिक्पालों की पुष्प, धूप एवं बलि द्वारा पूजा करनी चाहिए।

मधुरा दर्भसंयुक्ता घृतगन्धा च या मही।
उत्तरप्रवणा ज्ञेया ब्राह्मणानां च सा शुभा।।
रक्तगन्धा कषाया च शरवीरेण संयुता।
रक्ता प्राक्प्रवणा ज्ञेया क्षत्रियाणां च सा मही।।
दक्षिणप्रवणा भूमिर्याऽम्ला दूर्वाभिरन्विता।
अन्नगन्धा च वैश्यानां पीतवर्णा प्रशस्यते।।
पश्चिमप्रवणा कृष्णा बैकुण्ठा काशसंयुता।
मद्यगन्धा मही धन्या शूद्राणां कटुका तथा।।

भारतीय वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में प्रायः यह विषय वर्णित है ब्राह्मणों के लिए मधुर, दर्भयुक्त, घृतगन्ध वाली, उत्तर की ओर ढलानयुक्त एवं श्वेत वर्ण वाली भूमि ब्राह्मणों के गृहनिर्माण में श्रेष्ठ बतायी गयी है।

रक्तगन्धवति, कषाय शरपत से युक्त, रक्तवर्ण वाली अम्ल, दूर्वायुक्त अन्नगन्ध वाली भूमि क्षत्रियों के लिए उपयुक्त है व दक्षिण की ओर ढलान वाली, अम्ल व दूर्वायुक्त पीली वर्ण वाली भूमि वैश्यों के लिए उपयुक्त है तथा पश्चिम की ओर ढलाऊ, कृष्ण, कटुरसयुक्त, मद्यगन्ध वाली व काश से युक्त भूमि शूद्रों के लिए प्रशस्त बतायी गयी है।

भूमि परीक्षा के लिए वास्तुशास्त्र में अनेक विधियाँ बताई गयी हैं। वर्णानुसार भूमि चयन के बाद भू–परीक्षा के लिए भूमि में एक हाथ का गड्ढा खोदकर खुदाई से प्राप्त मिट्टी से गड्ढे को भर देना चाहिए। यदि मिट्टी कम पड़े तो भूमि निष्कृष्ट फल देने वाली होती है। पूरी मिट्टी गड्ढे में भर जाय तो भूमि सामान्य फल देने वाली एवं गड्ढा पूर्ण भरने के बाद भी मिट्टी बच जाए तो भूमि उत्कृष्ट होती है। दूसरी खात–परीक्षा विधि इस प्रकार है भूमि में थोड़ा गड्ढा खोदकर वहाँ से सौ पद दूर जाना चाहिए एवं लौटकर गड्ढे के जल को देखना चाहिए। यदि गड्ढे में जल चौथाई से कम बच्चे तो भूमि अधम माननी चाहिए, यदि आधा बचे तो भूमि को मध्यम जानना चाहिए और यदि आधे से अधिक बचे तो भूमि को उत्तम कोटि का जानना चाहिए।

दानवराजमय द्वारा विरचित मयमतम् में खात–परीक्षा में यह विधि इस प्रकार बताई गई है सर्वप्रथम चयनित वास्तु (भूमि) के मध्य में एक हाथ गहरा, चौकोर, जिसकी दिशाएँ ठीक हो, दोषरहित गड्ढा खोदना चाहिये। यह गड्ढा सँकरा नहीं होना चाहिए तथा न ही बहुत गहरा होना चाहिये। इसके पश्चात् यथोचित विधि से पूजा करके तथा उस गड्ढे की वन्दना करने के पश्चात् सभी रत्नों से जल को युक्त करके बुद्धिमान मनुष्य को रात्रि के प्रारम्भ में गड्ढे में डालते हुये उसे जल से पूर्ण करना चाहिये। इसके पश्चात् पवित्र होकर सावधान मन से गड्ढे के पास भूमि पर कुछ बिछाकर पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठ जाना चाहिये। उपवास करते हुये **"अस्मिन् वस्तुनि वर्धस्व धनधान्येन मेदिनी!"।।** इस मंत्र का जाप करना चाहिये तथा प्रार्थना करनी चाहिये **हे पृथ्वी, इस भूमि पर उत्तम समृद्धि स्थापित करें इसे धन–धान्य से वृद्धि प्रदान करो।** तत्पश्चात् बुद्धिमान स्थपति को दिन होने पर प्रथमतः उस गड्ढे की परीक्षा करनी चाहिये तथा जल बचा हुआ देख कर सभी प्रकार की सम्पत्तियों के लिये उस भूमि को निर्माण हेतु ग्रहण करना चाहिये।

यदि भूमि गीली रहे तो उस पर निर्मित गृह में विनाश होता है। यदि शुष्क रहे तो उसे गृह में धन–धान्य की हानि होती है। यदि उस गड्ढे के खोदने से निकली मिट्टी से भर जाए एवं पूरी मिट्टी उसमें समा जाय तो भूमि को मध्यम श्रेणी का समझना चाहिए। यदि मिट्टी से गड्ढा भर जाय एवं मिट्टी बच भी जाए अर्थात् मिट्टी अधिक हो तो भूमि उत्तम होती है, यदि गड्ढा बिना भरे एवं मिट्टी समाप्त हो जाए अर्थात् मिट्टी गड्ढा भरने में कम पड़े तो वह भूमि निम्नकोटि की होती है तथा उसे गड्ढे के मध्य में यदि

जल दाहिनी और घूम कर बहे तो इस प्रकार की भूमि सर्वसम्पत्ति को देने वाली होती है तथा इस विधि से परीक्षित भूमि को निर्माण–हेतु ग्रहण करना चाहिये। इस विधि से विविध प्रकार की भूमियों का ज्ञान करके व्यक्ति को ग्राम, अग्रहार, पूर्व, पत्तन, खर्वट, स्थानीय खेत, निगम एवं अन्य की स्थापना के लिये भूमि का ग्रहण करना चाहिए।

स्फुटिता च सशल्या च वाल्मीकारोहिणी तथा।
दूरतः परिहर्तव्या कर्त्तुरायुर्धनापहा।।
स्फुटिता मरणं कुर्यादूषरा धननाशिनी।
सशल्या क्लेशदा नित्यं विषमा शत्रुवर्धिनी।।
चैत्ये भयं गृहकृतो बल्मीके स्वकुले विपत्।
गर्तानां तु विनाशः स्यात्कूर्माकारे धनक्षयः।।

गृह निर्माण के लिए भूमि चयन में भूमि सूखने के कारण फटी हुई, हड्डी अमांगलिक पदार्थ से युक्त, दीमक, चींटी इत्यादि से भरी हुई, असमतल भूमि निवासकर्ता की आयु–धनादि का नाश करने वाली होती है। अतः ऐसी भूमि को दूर से ही त्याग देना चाहिए। फटी भूमि मरणभय देने वाली, ऊसर भूमि धननाश करने वाली होती है, शल्ययुक्त भूमि नित्य दुःख देने वाली होती है। असमतल भूमि शत्रुवर्धिनी, स्मारक या समाधिस्थलादि चैत्य भूमि भयकारिका होती है। दीमक–चींटी आदि से युक्त भूमि, अपने कुल में विपत्तियाँ लाने वाली होती है। गड्ढों वाली भूमि विनाश करने वाली तथा कछुए की आकार वाली भूमि धननाश करने वाली होती है। चयनित भूमि को हल से अनेक बार जोतकर चारों ओर से समतल करना चाहिए पुनः भूमि के चारों कोणों को मापना चाहिए। गृहनिर्माण वाली भूमि आयताकार अथवा वर्गाकार होनी चाहिए –

तत्सहस्रसीतं कृत्वा यथादिक्समचतुरस्त्रं मापयेत्।।
आयतं चतुरस्त्रं वा।।

वास्तुशास्त्रीय नियमों का पालन करते हुए यह बात भी विचारणीय है कि भूमि–चयन में मन का प्रमाण भी अवश्य मानना चाहिये। जिस भूमि को देखने के लिए मन और नेत्रों को संतोष मिले एवं सुख की अनुभूति हो, वह भूमि उस व्यक्ति के लिए आवासादि के लिए शुभ होती है।

यदि गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश करते समय ज्योतिषशास्त्र के अनुसार शुभाशुभ मास, तिथि, वार, नक्षत्र आदि योगों का विचार भी कर लिया जाय तो ऐसे गृह में निश्चय ही गृहस्वामी को स्वास्थ्यलाभ, आत्मिक शांति, समपन्नता, ऐश्वर्य एवं धनादि की प्राप्ति होती है।

निःसंदेह भारतीय वास्तुशास्त्र अत्यन्त तर्कसंगत एवं वैज्ञानिक विधि से गृह–निर्माण एवं गृह में निवास करने की विधि प्रस्तुत करता है, जो भारतीय वातावरण, परिस्थितियों एवं जीवन–दर्शन के सर्वथा अनुकूल है। यह शास्त्र मात्र विविध अचेतन सामग्र से संघटित गृह के निर्माण से ही नहीं, अपितु उसमें निवास करने वाले व्यक्ति के उत्तम स्वास्थ्य एवं समुचित जीवन–शैली से भी सम्बद्ध है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार प्राचीन भारतीय वास्तुशास्त्र के मूलभूत सिद्धान्तों को सिविल इंजिनियरिंग के पाठ्यक्रम में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करे, जिससे सिविल इंजिनियरिंग के छात्र भारतीय वास्तुशास्त्र पर गौरव कर सकें और इसके अनुसार ही गृह–रचना का प्रारूप तैयार कर मानव कल्याण में अपना योगदान दे सकें।

संदर्भ

1. मयमतम्, द्वितीय अध्याय, श्लोक–1, पृ.सं. 4
2. मयमतम्, द्वितीय अध्याय, श्लोक–2, पृ.सं. 4
3. बृहद्वास्तुमाला, प्रथम प्रकरण, श्लोक–7, पृ.सं. 6
4. भगवद्गीता, अध्याय–4, श्लोक–13
5. बृहद्वास्तुमाला, श्लोक 4–5, प्रथम प्रकरण
6. भूमिपरीक्षणप्रकरणम्, वास्तुसार, श्लोक–1, पृ.सं. 12
   अनूषरमविवदिष्णु भूम, ओषधिवनस्पतिवत्। आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका, श्लोक–1–2, पृ.सं. 147
7. राजवल्लभमण्डनम्, प्रथम अध्याय, पृ.सं. 6–7
8. श्वेतं मधुरास्वादं सिकतोत्तरं ब्राह्मणस्य।लोहितं क्षत्रिस्य। मधुरास्वादं सिकतोत्तरमिति वर्तते। (आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका 6–8, द्वितीय अध्याय, श्लोक 6–8, पृ.सं. 150–151
9. राजवल्लभमण्डनम्, श्लोक–15, पृ.सं. 7
10. भूमिपरीक्षणप्रकरणम्, वास्तुसार, श्लोक 4–7, पृ.सं. 13
11. मिश्रकलक्षणम्, प्रथम अध्याय, श्लोक 8–9,वास्तुसार मण्डनम् आयतत्त्वञ्च
12. राजवल्लभमण्डनम्, श्लोक 16–17, पृ.सं. 8
13. भूपरिग्रह, मयमतम्, श्लोक–14, अध्याय–4
14. भूपरिग्रह, मयमतम्, अध्याय चतुर्थ, पृ.सं. 17
15. बृहद्वास्तुमाला, मिश्रप्रकरण, श्लोक 79–81, पृ.सं. 39
16. आश्वलायन गृह्यसूत्र, सप्तम् कण्डिका 9–10, पृ.स. 151

****

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार गृह के उत्पात एवं शांति के उपाय

–सौरभ
शोधार्थी, पीएच.डी.
संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

उत्पात का सम्बन्ध मानव एवं मानव से भिन्न प्राणियों के साथ आदिकाल से ही रहा है। 'उत्पात' शब्द 'उद्' उपसर्गपूर्वक 'पत्' धतु से 'घञ्' प्रत्यय लगाकर निष्पन्न होता है, जिसके उछलना, कूदना, अनहोनी, आकस्मिक्–घ ाटना, ग्रहण, भूकम्पादि विविध अर्थ होते हैं। वर्तमान समय में 'उत्पात' शब्द का प्रयोग प्रायः अशुभ घटना अथवा आक. स्मिक घटना के लिए ही होता है, जबकि शास्त्रीय ग्रन्थों से यह स्पष्ट होता है कि ये उत्पात किसी आकस्मिक घ ाटना अथवा अनिष्ट के ही सूचक नहीं हैं, अपितु कुछ उत्पात शुभसूचक भी होते हैं। उत्पात होने का कारण बताते हुये वराहमिहिर कहते हैं कि मनुष्यों के दुर्व्यवहार से पाप इकट्ठे होते हैं और उन पापों से उपद्रव (उत्पात) होते हैं।

बृहत्संहिता में दिव्य, आन्तरिक्ष और भौम – ये तीन प्रकार के उत्पात बताये गये हैं। सूर्यादि ग्रह और नक्षत्रों के विकार से जो अनिष्ट की आशंका होती है, वह 'दिव्य उत्पात' कहलाता है। उल्कापात, दिशाओं का दाह (मण्डलों का उदय, सूर्य–चन्द्रमा के आसपास पड़ने वाले घेरे का दि खायी देना) आकाश में गन्धर्व–नगर तथा इन्द्रधनुषादि का दर्शन, रुक–रुक कर वर्षा का होना, अनावृष्टि (सूखा पड़ना) या अतिवृष्टि (वर्षा का अधिक होना) आदि 'अन्तरि क्षजन्य उत्पात' हैं तथा चलायमान वस्तु के स्थिर तथा स्थिर वस्तु के चलायमान होने का नाम 'भौम उत्पात' है। इनमें से कुछ उत्पात केवल गृह में ही प्रभावी होते हैं ; जबकि कुछ सार्वभौमिक होते हैं। गृह से सम्बंधित प्रमुख उत्पातों का विवेचन इस प्रकार हैं–

विकृत (क्षत–विक्षत) पक्षी, पाण्डुवर्ण कबूतर, सफेद उल्लू, काला कौआ आदि पक्षी यदि किसी के घर में गिरे तो उस घर में महान् उत्पात की संभावना रहती है। यदि गले की मालाएँ आपस में टकराने लगें, पैदा होते ही बाले के दाँत हों, देवताओं की मूर्तियाँ हँसती हुई सी दिखाई दें, मूर्तियों में पसीना दीख पड़े और घड़े में सर्प और मेंढक के बच्चों का जन्म हो जाय तो उस घर की गृहिणी पर छः मास पर विपत्ति आती है। घर पर या वृक्ष पर बिजली कड़कड़ाकर गिरने और आग की ज्वालाएँ दिखाई देने पर भी महान् उत्पात होता है। ये सभी सूर्यजन्य उत्पात माने गये हैं। इन सबकी शांति के लिए गृहस्वामी रविवार के दिन भगवान् सूर्य की प्रसन्नता–हेतू पूजा करे। तिल एवं पायस से **'ऊँ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।'** इस मन्त्र द्वारा सात हजार आहुतियाँ प्रदान करे। वराह ने भी गृह, प्रधान वृक्ष, तोरण (पुरद्वार) या गृहद्वार पर पक्षियों के समुदाय का गिरना अशुभ फलदायी माना है।

यदि गृह में स्त्री–पुरुषों की निरन्तर लड़ाई, कोयल और उल्ले का रोना तथा ताड़ एवं सुपारी के वृक्ष एक साथ उत्पन्न हो जायँ तो उस घर में रहने वालों पर विपत्ति की संभावना होती है। दूसरे वृक्षों में अन्य वृक्षों के फल–फूल का दिखलाई देना भी अशुभ होता है। ये सभी उत्पात सामग्रह–जन्य हैं। इनकी शांति के लिए सोमवार के दिन सोम के निमित्त, दधि, मधु, घृत तथा पलाश आदि से **'ऊँ श्रां श्रीं श्रौं सः सोमाय नमः'** इस मंत्र से ग्यारह हजार आहुतियाँ देनी चाहिए।

लोकोत्तराणां चेतांसि को हि विज्ञातुमर्हति।

सन्दर्भ :

1. महावीरचरितम्, मालतीमाधवम्, उत्तररामच. रितम्।
2. उत्तररामचरितम् – 1/7.
3. वाल्मीकीय रामायण – किष्किन्धाकाण्ड – 16/36, 22/24.
4. महावीरचरितम् – 5/61
5. वहीं, 4/21.
6. उत्तरारामचरितम् – प्रथम अंक, पृ. 37.
7. वहीं, पृ. 41.
8. वहीं, 1/41.
9. वहीं, 1/44.
10. वहीं, 1/11.
11. वहीं, 1/12.
12. उत्तररामचरितम्, 1/43
13. उत्तररामचरितम् 1/39
14. उत्तररामचरितम् 3/38
15. उत्पत्तिः परिपूतायाः किमस्याः पावनान्तरैः। तीर्थोदकं च बह्निश्च नान्यतः शुद्धिमर्हतः।। उत्तररामचरितम् – 1/13.
16 वहीं, 3/1.
17. उत्तररामचरितम् 3/26
18. उत्तररामचरितम् 3/2
19. उत्तररामचरितम् 3/21
20. उत्तररामचरितम् 3/6
21. उत्तररामचरितम् 3/27
22. उत्तररामचरितम् 3/10
23. उत्तररामचरितम् 3/12
24. वहीं, 3/31.
25. वहीं, अंक–3, पृ. 255.

****

भारतीय संस्कृति में तीर्थ यात्रा का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व
(नदी तीर्थ गंगा के विशेष संदर्भ में)

-डॉ.चंद्रशेखर पासवान

स्कूल ऑफ बुद्धिस्ट स्टडीज एंड सिविलाइजेशन

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश

सार संक्षेप

यहाँ मेरा शोध आलेख नदी तीर्थ गंगा से सम्बंधित है। वैदिक काल से भारतीय धर्म ग्रंथों में तीर्थों के बारे में विशद व्याख्या किया गया है। तीर्थ अनेक प्रकार से किया जाता है जिनमें नदी तीर्थ ,पर्वत ,मंदिर ,स्तूप ,विहार , चौत्य ,वन आदि आते हैं। मेरा शोध आलेख नदी तीर्थ पर आधारित मुख्य रूप से हिन्दू तीर्थ परम पावनी गंगा नदी तीर्थ से है। मुख्य रूप से तीर्थ का अर्थ ,व्याख्या ,धर्म शास्त्रों में वर्णन , तीर्थ क्यों आवश्यक है ,तीर्थ का महत्व , आदि वर्णन किया गया है।

बीज शब्द–नदी तीर्थ हरिद्वार ,प्रयाग ,काशी ,गंगा सागर का मुख्य विषय।

विस्तृत व्याख्या

भारतवर्ष में पवित्र स्थानों में अति महत्वपूर्ण योगदान किया है। विशाल एवं लम्बी नदियां, पर्वत एवं वन सदैव पुण्यप्रद एवं दिव्य स्थल कहे गये है। प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत में तीर्थयात्राओं से समाज एवं स्वयं तीर्थयात्रियों को बहुत लाभ होते थे। यद्यपि भारतवर्ष कई राज्यों में विभाजित है और लोग भांति–भांति के सम्प्रदायों एवं उपसम्प्रदायों के अनुयायी है, किन्तु तीर्थयात्राओं ने भारतीय संस्कृति एवं देश की महत्वपूर्ण मौलिक एकता की भावना को संवर्धित किया। यद्यपि हिन्दू समाज बहुत–सी जातियों में विभक्त है और जाति–संकीर्णता में जकड़े हुए हैं। किन्तु तीर्थयात्राओं ने सभी को पवित्र नदियों एवं स्थलों में एक स्थान पर सभी एक है। पवित्र स्थानों से संबंधित परम्पराओं, तीर्थयात्रियों की संयमशीलता, पवित्र एवं दार्शनिक लोगों के समागम एवं तीर्थों के वातावरण ने यात्रियों को एक उच्च आध्यात्मिक स्तर पर अवस्थित कर रखा है और उनके मन में एक ऐसी श्रद्धा–भक्ति की भावना भर उठती थी। जो तीर्थयात्रा से लौटने के उपरान्त भी दीर्घ काल तक उन्हें अनुप्राणित किये रहती थी। प्राचीन काल में तीर्थयात्रा करना एक ऐसा साधन था जो साधरण लोगों को स्वार्थमय जीवन–कर्मों से दूर रखने में सहायक होता था और उन्हें उच्चतर एवं दीर्घकालीन महान नैतिक एवं महान नैतिक एवं आध्यात्मिक जीवन मूल्यों के विषय में सोचने को उत्तेजित करता रहता था।पवित्र तथा तीर्थ के स्थलों पर देवों का निवास माना जाता है। अतः इस भावना से उत्पन्न स्पष्ट लाभ एवं विश्वास के कारण प्राचीन धर्मशास्त्रकारों ने तीर्थों की यात्राओं पर बल दिया। विष्णुधर्मसूत्र के अनुसार सामान्य धर्म में निम्न बातें आती हैं–क्षमा, सत्य, दम ;मानस संयम, शौच, दान, इन्द्रिय–संयम, अहिंसा, गुरुशुश्रूषा, तीर्थयात्रा, दया, आर्जव ,ऋजुता, लोभशून्यता, देवब्राह्मणपूजन एवं जीवन मुक्ति ।

तीर्थ का अर्थ एवं विकास

ऋग्वेद एवं अन्य वैदिक संहिताओं में 'तीर्थ' शब्द बहुध प्रयुक्त हुआ है। तीर्थ शब्द, मार्ग या सड़क के अर्थ में आया है। कुछ स्थानों पर इसका तात्पर्य नदी का सुतार , उथला स्थान है। तीर्थ उस मार्ग को भी कहते हैं जो यज्ञिय स्थल ,विहार से आने–जाने के लिए। जिस प्रकार मानवशरीर के कुछ अंग, यथा दाहिना हाथ या कर्ण, अन्यअंगों से अपेक्षाकृत पवित्र माने जाते हैं, उसी प्रकार पृथिवी के कुछ स्थल पवित्र माने जाते हैं। तीर्थ तीन कारणों से पवित्र माने जाते हैं, यथा–स्थल की कुछ आश्चर्यजनक प्राकृतिक विशेषताओं के कारण, या किसी जलीय स्थल की अनोखी रमणीयता के कारण, या किसी तपःपूत ऋषि या मुनि के वहां स्नान करने, तपःसाधना करने आदि के लिए रहने के कारण।

अतः तीर्थ का अर्थ है वह स्थान या स्थल या जलयुक्त स्थान ,नदी, प्रपात, जलाशय आदि जो अपने विलक्षण स्वरूप के कारण पुण्यार्जन की भावना को जाग्रत करे। क्षेत्र ,स्थान विशेष तो आजकल प्रधान रूप से तीर्थ माना ही गया है, क्योंकि आज सभी लोग प्रायः स्थल विशेष के लिए ही तीर्थ शब्द का प्रयोग करते हैं। विश्वप्रकाश कोशकारने शास्त्र, यज्ञ, क्षेत्र, उपाय, उपाध्याय, मन्त्री, अवतार, ऋषियेवित जल, आदिको तीर्थसंज्ञा दी है।

तीर्थ शास्त्राध्वरक्षेत्रोपायोपाध्यायमन्त्रिशु।

अवतारर्शिजुस्टाम्भः स्त्रीरजःसु च विश्रुतम्।।[1]

ऋग्वेद में तीर्थ शब्द का प्रयोग अनेक बार हुआ है, जिसमें अनेक स्थलों पर यह मार्ग अर्थ में प्रयुक्त हुआ है।[2] ऋग्वेद[3] की व्याख्या में सायण ने तीर्थ का अर्थ–'पापोत्तरणसमर्थ' दिया है। अवतरण प्रदेश ,नदी का किनारा, घाट, यज्ञ तथा स्थान विशेष के लिए भी तीर्थ शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में हुआ है।[4] अथर्ववेद में तीर्थ शब्द यज्ञ तथा नदी के अवतरण प्रदेश घाट अर्थों में प्रयुक्त हुआ है। अथर्ववेद कहता है– मनुष्य तीर्थोंके सहारे भारी से भारी विपत्तियोंको तर जाता है। तीर्थोंके सेवनसे बड़े–बड़े पाप नष्ट हो जाते हैं।

भारत में तीर्थों का महत्व बहुत प्राचीन काल से रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद, तैत्तिरीय संहिता, शुक्ल यजुर्वेद आदि वैदिक साहित्य में तीर्थ शब्द का प्रयोग पवित्र स्थान के अर्थ में हुआ है। रामायण एवं महाभारत काल में भी तीर्थों का माहात्म्य अधिक था। महाभारत में तो तीर्थों का वर्णन –प्राधन्य को स्वीकारोक्ति स्पष्ट शब्दों में है–

तीर्थानां नाम पुण्यानां देशानां चेह कीर्त्तनम् ।
वनानां पर्वतानां च नदीनां सागरस्य च ।।
देशानां चैव पुण्यानां पुराणानां चैव कीर्त्तनम् ।[5]

तथा यह प्रधानता महाभारत में अनेक स्थलों पर विस्तृत वर्णन द्वारा भी प्रतिपादित है। पुलस्त्य–भीष्म–संवाद, गौतम–अर्घिरस्–संवाद तथा धौम्य युधिष्ठिर–संवाद में तीर्थों का माहात्म्य एवं फल सम्बन्धी विवेचन विस्तृत रूप से किया गया है।[6]रमणीय वन तथा पर्वत प्रदेशों में एवं नदियों के किनारे अनेक तीर्थ थे। अनुपम प्राकृतिक सौन्दर्य, विशुद्ध जलवायु तथा निर्जनता के कारण ये देवर्षि–सिद्ध –जन–निवास करते थे। देवों एवं महर्षियों ने यज्ञ, तप आदि के द्वारा इन आश्रमों को पवित्र किया था, जिससे तीर्थयात्री के मन में भावि–जीवन को प्रभावित करने वाली आध्यात्मिक अनुभूति होती थी, जो आत्मोन्नति में बड़ी सहायक होती थी। केवल सनातन धर्मावलम्बी ही नहीं, किंतु अन्य धर्मावलम्बी भी तीर्थ–माहात्म्य को स्वीकार करते हैं। महाभारत और पुराणों में भी यही भावना थोड़ी विकसित अवस्था में पहुँची है तथा यज्ञों के स्थान पर तीर्थ पर तीर्थ–संस्था का विकास हुआ। धर्मसूत्रों से भी पता चलता है कि उत्तर वैदिक काल में यज्ञ, तप, स्नान, श्राद्ध, तर्पण, दान, शुद्धि तथा प्रायश्चित इत्यादि कर्मकाण्डों के लिये भी तीर्थ स्थानों को ही महत्व दिया गया। दैनिक ''पंचमहायज्ञ'' के विधान में ही पितृ–तर्पण का महत्व मिलता है। तीर्थों में तर्पण, श्राद्ध तथा पूजापाठ का मूल भी पितृतर्पण के कर्मकाण्ड तथा विधान में ही पाया जाता है। इन कर्मकाण्डों के सम्पादन के लिये पवित्र जलीय स्थानों अथवा नदियों को ही महत्व दिया गया।

महाभारत के अनुशासन पर्व से हमें पता चलता है कि अध्याय 25 में युद्धिष्ठिर के पूछने पर भीष्म कहते हैं कि एक बार अंगिरा ने गौतम से विभिन्न तीर्थों का माहात्म्य बतलाया था, उसे सुनोः–तीर्थानां दर्शनों श्रेयः स्नानं च भरतर्षभ। अवणं च, महा प्राज्ञ श्रोतुमिच्छामि तत्वतः।

पृविव्यां यानि तोर्थानि पुण्यानि भरतर्षभ। वक्तुमहासि में वानि श्रोतास्मि नियतं प्रभों।

इममंगिरसा भक्त तीर्थवंर्ष महाद्यते।श्रोतुमहसि भद्रं ते प्राप्यसे धर्ममुत्तमम्।

तीर्थों के दर्शन, वहाँ स्नान तथा तीर्थों का श्रवण करना तीनों लाभदायक बतलाया। तीर्थ–प्रचार ऐसे समय में जब कि जनता का ध्यान यज्ञों की ओर से हट चला था, मार्ग–प्रदर्शन के लिए अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हुआ। महाभारत के शल्य–पर्व में लगभग 30 तीर्थ आये हैं। शल्य–पर्व के तीर्थों पर एक दृष्टि स्वरूप की दृष्टि ये घाट, कूप, स्त्रोत, वन, तपोभूमि, आयम, नदी तथा हृद हैं।

धर्मशास्त्र–संबंधी ग्रन्थों में तीर्थ पर जो साहित्य है वह अपेक्षाकृत सबसे अधिक विशद है। वनपर्व एवं शल्यपर्व में ही लगभग तीर्थयात्रा–संबंधी श्लोक हैं। इसके अतिरिक्त निम्न निबन्ध एवं तीर्थ–संबंधी ग्रन्थ उल्लेखनीय है। लक्ष्मीधर के कल्पतरु का तीर्थविवेचन काण्ड, हेमाद्रि की चतुर्वर्ग–चिन्तामणि का तीर्थखण्ड जो अभी उपलब्ध नहीं हुआ है, वाचस्पति की तीर्थचिन्तामणि, नृसिंहप्रसाद का तीर्थसार, नारायण भट्ट का त्रिस्थलीसेतुसारसंग्रह, रघुनन्दन का तीर्थतत्त्व या तीर्थयात्रा–विधितत्व, मित्र मिश्र का तीर्थप्रकाश, नागेश या नागोजि का तीर्थेन्दुशेखर। विद्यापति का गंगावाक्यावली नामक ग्रन्थ, सुरेश्वराचार्य का काशीमृतिमोक्ष–विचार, रघुनन्दन की गयाश्राद्धपद्ध ति एवं पुरुषोत्तमक्षेत्रतत्व।[7]

तीर्थों के प्रकार

ब्रह्मपुराण ने तीर्थों को चार कोटियों में बांटा है– दैव द्वारा उत्पन्न, आसुर जो गय, बलि जैसे असुरों से संबंधित है, आर्ष एवं मानुष, जिनमें प्रत्येक पूर्ववर्ती अपने अनुवर्ती से उत्तम है। ब्रह्मपुराण में विन्ध्य के दक्षिण की छः नदियों और हिमालय से निर्गत छः नदियों को देवतीर्थों में सबसे अधिक पुनीत माना है, यथा–गोदावरी, भीमरथी, तुंगभद्रा, वेणिका, तापी, पयोष्णी, भागीरथी, नर्मदा, यमुना, सरस्वती, विशोका एवं वितस्ता। इसी प्रकार काशी, पुष्कर एवं प्रभास देवतीर्थ हैं। प्रथमतः तीर्थों को तीन भागों में विभक्त कर सकते हैं। 1. जंगम 2. मानस 3. स्थावर।

स्थावर तीर्थ

भूमि एवं जल के तेज से तथा महर्षियों के आश्रय के कारण ये स्थावर तीर्थ अत्यन्त पुण्य हैं। मानस एवं पार्थिक तीर्थ पुण्य हैं। जो इन उभयविध तीर्थों में स्नान करता है, वह शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त करता है। तीर्थों के अनेक अर्थों में से व्यवहार में प्रचलित अर्थ स्थावर तीर्थ ही है। ये तीर्थ नदी, कूप, सरोवर आदि, महर्षियों के आश्रम, देव तीर्थ, वन, वृक्ष, पर्वत आदि, और अन्य विविध तीर्थ के रूप अनेक प्रकार के हें। महर्षियों द्वारा सेवित सभी पुण्यस्थल तीर्थ माने गये हैं।[8]महाभारत में इन स्थ. ावर तीर्थों के सम्बन्ध में बहुत ही विस्तृत वर्णन है। स्थावर तीर्थों का विभाजन अन्य प्रकार से भी हो सकता है–नैसर्गिक अथवा स्वयम्भूतः जैसे प्रभास आदि सरोवर, काम्यक आदि वन, हिमवदादि पर्वत, गंगादि नदी तथा समुद्रादि।

तीर्थयात्रा के उद्देश्य –तप के लिये–तीर्थस्थान का वातावरण शान्त एवं पवित्र होने के कारण वह तप के लिये उपयुक्त होता है। इसीलिये देवों एवं महर्षियों ने तीर्थों में जाकर तप तथा यज्ञ किये हैं।

पापनाश हेतु–तीर्थसेवन से पापनाश होते हैं। अतः पापशमनार्थ तीर्थयात्रा करना चाहिये। धर्मशील देवों ने नदी, समुद्र, सरोवर आदि पुण्यतीर्थ स्थानों में जाकर यज्ञ,

दान, तप आदि के द्वारा पापनाश कर श्रेयः एवं उत्तम ऐश्वर्य प्राप्त किया

शौचार्थ—तीर्थयात्रा से बाह्य तथा आभ्यन्तर दोनों प्रकार की शुद्धि हो जाती है। शौचार्थ तीर्थावगाहन करना श्रेयस्कर है। इसीलिये पुण्यदेश में जाना परमपवित्र माना गया है।

दान देने के लिये—महाभारत के अनुसार 'जो तीर्थों में जाकर दान नहीं देता, वह सन्यास आश्रम में प्रवेश करने पर भी दोनों लोकों से भ्रष्ट होता है। पुण्यक्षेत्रों में दिया गया दान अधिक फलप्रद होता है। अतः दानपफल प्राप्त्यर्थ तीर्थों में जाकर दान करना चाहिये। तीर्थों में भूमिक्रय कर उस भूमि में श्राद्ध करके दान करने का महापफल कहा गया है। श्राद्ध हेतु, स्वाध्याय हेतु तीर्थाटन करते हुए पृथिवी पर भ्रमण करते थे। मन की अशान्ति दूर करने हेतु।

तीर्थ यात्रा का अधिकारी

तीर्थयात्रामें सभी श्रद्धालुओं का अधिकार है, चाहे वे किसी भी वर्ण या आश्रम के क्यों न हों। जो मनुष्य विषयों में आसक्त रहता है, वह संसार में बंधा रहता है, किन्तु जो विषयों को त्याग देता है, उस व्यक्ति का विषयविरक्त मन ही मुक्ति का कारण बन जाता है। इसीलिए महर्षियों ने मनःशुद्धि को सर्वप्रधन माना है। काम एवं क्रोध दोनों ही मनुष्य को मदान्ध कर देते हैं, अतः कामना—निवृत्ति के अनन्तर क्रोध पर विजय पाना भी आवश्यक है। वही व्यक्ति तीर्थफल को पाता है, जो क्रोध को त्याग देता है। दृढ़प्रतिज्ञ तथा सत्य आचरण करने वाले व्यक्ति की ही तीर्थयात्रा सफल होती है। अन्य प्राणियों में अपने समान ही भावना रखना चाहिये। सभी प्राणियों में वही एक अखण्ड, अद्वैत ब्रह्म मणियों की माला में सूत्र के समान है।, इस प्रकार विचार कर किसी से भी राग—द्वेष न करते हुए सभी का कल्याण करना हमारा धर्म है, ऐसा जानकर वसुधैव कुटुम्बकम्' का सिद्धान्त अपनाते हुए प्राणिमात्र पर दया करना चाहिये।

प्रसिद्ध **तीर्थ**

गंगा

नदीसूक्त में सर्वप्रथम गंगा का ही आह्वान किया गया है। महाभारत एवं पुराणों में गंगा की महत्ता एवं पवित्रीकरण के विषय में सैकड़ों प्रशस्तिजनक श्लोक हैं। स्कन्द. में गंगा के एक सहस्र नामों का उल्लेख है। गंगा के माहात्म्य एवं उसकी तीर्थयात्रा के विषय में पृथक्—पृथक् ग्रन्थ प्रणीत हुए हैं। यथा गणेश्वर का गंगापत्तलक, मिथिला की रानी विश्वासदेवी की गंगावाक्यावली, गणपति की गंगा भक्ति—तरंगिणी एवं वर्द्धमान का गंगाकृत्यविवेक। यदि कोई सैकड़ों पापकर्म करके गंगा—जल का अवसिंचन करता है तो गंगाल्जल उन दृष्कृत्यों को उसी प्रकार जला देता हे, जिस प्रकार अग्नि इंधन को। कृतयुग में सभी स्थल पवित्र थे, त्रेता में पुष्कर सबसे अधिक पवित्र था, द्वापर में कुरु क्षेत्र एवं कलियुग में गंगा। नाम लेने पर गंगा पापी को पवित्र कर देती है, इसे देखने से सौभाग्य प्राप्त होता है, जब इसमें स्नान किया गया जाता है या इसका जल ग्रहण किया जाता है तो सात पीढ़ियों तक कुल पवित्र हो जाता है। जब तक किसी मनुष्य की अस्थि—गंगा—जल को स्पर्श करती रहती है। तब तक वह स्वर्गलोक में प्रसन्न रहता है। वह देश, जहां गंगा बहती है और वह तपोवन जहां गंगा पायी जाती है, उसे सिद्धिक्षेत्र कहना चाहिए, क्योंकि वह गंगातीर को छूता रहता है। अनुशासनपर्व में आया है कि वे जनपद एवं देश, वे पर्वत एवं आश्रम, जिनसे होकर गंगा बहती है, पुण्य का फल देने में महान है। जो लोग, गंगा में स्नान करते हैं उनका फल बढ़ता जाता है, वे पवित्रात्मा हो जाते हैं और ऐसा पुण्यपफल पाते हैं जो सैकड़ों वैदिक यज्ञों के सम्पादन से भी नहीं प्राप्त होता। भगवद्गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा कि धाराओं मैं गंगा हूं। कुछ पुराणों ने गंगा को मंदाकिनी के रूप में स्वर्ग में, गंगा के रूप में पृथिवी पर और भोगवती के रूप में पाताल में प्रवाहित होते हुए वर्णित किया है। गंगा सव. 'प्रथम सीता, अलकनंदा, सुचक्षु एवं भद्रा नामक चार वि. भन्न धराओं में बहती हे, अलकनन्दा दक्षिण की ओर बहती है, भारतवर्ष की ओर आती है और सप्त मुखों में होकर समुद्र में गिरती है। गंगा दिन—प्रतिदिन प्राणियों को पवित्र करती है जब सहस्रों योजन दूर रहनेवाले लोग गंगा नाम का उच्चारण करते हैं तो तीनों जन्मों के एकत्र पाप नष्ट हो जाते हैं। बराहपुराण में गंगा का व्युत्पत्ति 'गां गता' है। गंगा के विषय में निम्न मूलमंत्र दिया है —'ओ नमो गंगायै विश्वरूपिण्यै नारायण्यै नाम नमः।'

गंगा दशहरा का पर्व—ज्येष्ठमास शुक्लपक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। जिस दिन पूर्वान्ह में दशमी अैर आगे बताये जानेवाले दश योग हों, उस दिन करना चाहिए। दश योग ये हैं— (1) ज्येष्ठमास, (2) शुक्लपक्ष, (3) दशमीतिथि, (बुधवार), (5) हस्तनक्षत्र, (6) व्यतीपातयोग, (7) गरकरण (8) आनन्दयोग (बुघवार के दिन हस्तनक्षत्र होने से आनन्दयोग माना जाता है), (9) कन्यारशि का चंद्रमा और (10) वृषराषि का सूर्य। इस दश योगों में से दशमी और व्यतीपपातयोग मु ख्य हैं।[9] ज्येष्ठमास शुक्लपक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है। इसी दिन सरिताओं में श्रेष्ठ गंगाजी को राजा भागीरथ ने स्वर्ग से पृथ्वी पर लायी था।[10] इस दिन गंगा में स्नान करने से दश पापों का नाश होता है।[11] ज्येष्ठ मास की शुक्लदशमी के दिन हस्तनक्षत्र में गंगाजी भूतल में अवतीर्ण हुई थीं। गंगाजी का जन्म दिन होने के कारण इस तिथि का विशेष महत्व है। भारतीय धर्म—ग्रंथों में हिन्दू—समाज के लिए इस तिथि को विषेश महत्व दिया गया है, क्योंकि गंगा के बिना समग्र हिन्दूजाति के कल्याण की कल्पना नहीं की जा सकती जो आज है। गग़ा में पतितपावनी हैं। मुगल बादशाह अकबर को तो गंगाजल से बड़ा ही प्रेम था। अबुलफजल अपने आईने अकबारी में लिखता है कि

बादशाह गंगाजल को अमृत समझते हैं और उसका बराबर प्रबन्ध रखने के लिए उन्होंने योग्य व्यक्तियों को नियुक्त कर रखा है। वन पर्व में सभी तीर्थों में पितृ तर्पण करने का उल्लेख मिलता है। महाभारत युद्ध के बाद मृत सैनिकों का सामूहिक रूप से गंगा–जल में तर्पण करने का उल्लेख प्राप्त होता है। शान्तनु की मृत्यु के बाद भीष्म ने हरिद्वार तीर्थ में श्राद्ध किया था।

हरिद्वार – हिन्दू धर्म नदी तीर्थ में गोमुख ,हरिद्वार परमप. ावन माना जाता है। हरिद्वार स्वर्ग के समान है जैसा की पद्मपुराण आदिखंड[12] तथा महाभारत वनपर्व में वर्णन है –स्वगद्वारेण तत तुल्यं गंगाद्वारे न संशयः। तत्राः भिषेकं कुर्वीत कोटीतीर्थे समाहितः।[13] अर्थात हरिद्वार सात पुरयों में मायापुरी हरिद्वार के विस्तार के अंतर्गत माना जाता है। हिन्दू धर्म गंगाद्वारे कुशावर्ते बिल्वके नीलपर्वते। स्नात्वा कनखले पुनर्जन्म न विद्यते। अर्थात राजा भगीरथ तपस्या के फलस्वरूप ब्रह्मा जी कहने पर गंगा जी स्वर्ग से धरती पर पधारी थीं। इसलिए यहाँ ब्रह्म कुंड नाम से व्यक्ति स्नान कर मुक्ति पता है। राजा भतृहरि तपस्या करके अमरत्व पाया था यहाँ उन्होंने सीढ़ी बनबाया था जिसे हर की पैरियाँ (हरकीपौड़ी) कहा जाता है।

प्रयाग

गंगा–यमुना के संगम से संबंधित अत्यन्त प्राचीन साक्ष्य ऋग्वेद में मिलता है और उसका अनुवाद यों है– 'जो लोग श्वेत सित या कृष्ण नील या असित दो नदियों के मिलन–स्थल पर स्नान करते हैं, जो लोग वहां अपना शरीर त्याग करते हैं। वे मोक्ष पाते हैं। महाभारत ने प्रयाग की महत्ता का वर्णन किया गया है। मत्स्य, कूर्म आदि पुराणों में ऐसा कहा गया है कि प्रयाग के दर्शन, नाम लेने या इसकी मिट्टी लगाने मात्र से मनुष्य पापमुक्त हो जाता है। यह पुनीत स्थल तीर्थराज है। इसी को त्रिवेणी की संज्ञा मिली है। 'प्रयाग' शब्द की व्युत्पत्ति कई प्रकार से की गई है। वनपर्व में आया है कि सभी जीवों के अधीश ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया था और इसी से 'यज्' धातु से 'प्रयाग' बना। स्कन्द. ने इसे 'प्र' एवं 'याग' से युक्त माना है। प्रयाग एवं वेणी त्रिवेणी का विस्तार परिधि ा में पांच योजन है और ज्यों ही कोई उस भूमिखण्ड में प्रविष्ट होता है, उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल होता है। यहां तीन पवित्र कूप है, यथा प्रयाग, प्रतिष्ठानपुर एवं अलर्कपुर में। यहां तीन अग्निकुंड हैं और गंगा उनके मध्य से बहती है। वेणी–स्थल–स्नान और वेणी का तात्पर्य है दोनों ;गंगा एवं यमुना का संगम। सभी वर्णों के लोग, स्त्रियां, वर्णसंकर आदि यह स्नान कर सकते हैं।ये जो वर्णन है– "द तीर्थसहस्राणि कोट्स्त्रथापराः। समागच्छति माध्यां तु प्रयोग भरतवर्षम। माघमासं प्रयोग तु नियतः स्वर्गमाप्नुयात्।[14] प्रयाग को तीर्थराज कहा गया है। पुराणों मे प्रमुखतः मत्स्यपुराण, कर्मपुराण, स्कन्दपुराण (काशीखण्ड) आदि में प्रयाग के बारे में कहा गया है कि प्रयाग का दर्शन नाम लेने और उसकी मिट्टी लगाने मात्र से मनुष्य पाप मुक्त हो जाता है। कर्मपुराण में कहा गया है कि प्र. जापति का पवित्र स्थल है। जो यहा स्नान करत है वह वेतरणी पार कर जाता है, वे स्वर्ग जाते है, और जो यहॉ मर कर मुक्ति पाता वह पुर्नजन्म नहीं लेता। यह स्थल तीर्थराज है जो 'केशव, (भगवान श्री कृष्ण) को प्रिय है। त्रिस्थली सेतु में उद्यृत है–यथा–" ओमित्ये का क्षर ब्रह्मम् परब्रह्मम् भिषायकम्। तदेव वेणी विज्ञेया सर्वसैख्य प्रदायनी। अकारः शारदा प्रोक्ता प्रद्युम्नस्त्रत जायते। उकारा यमुना.....। मकारो जाह्मवी गंगा तत्र संकषणो हरिः । एंव त्रिवेणी विख्याता वेदबीजं प्रकीर्तिता।[15] तीन नदियों का संगम 'ओंकार" संबंधित माना गया है (ओकार प्रणव का द्योतक है) "ओम् के तीन भाग ,– गंगा, यमुना, सरस्वती माना है एवं तीनों को जल प्रद्युम्न, अनिरूद्ध एंव सकर्षण हरि के प्रतीक हैं।[16] यहॉ कि महिमा कि यात्री को देवरक्षित प्रयाग में ब्रह्ममचर्य पूर्वक एक मास यहा ठहरना चाहिए तथा प्रयाग त्रिवेणी स्नान कर दान करना चाहिए।

गंगासागर तीर्थयात्रा

गंगासागर तीर्थ गंगा मुहाना– हुगाली नदी–सागर संगम के पूर्वी तट पर स्थित तटवर्ती क्षेत्र है। इसे गंगासागर कहते है। यहॉ यात्री मकर संक्रांति के दिन तीर्थ स्वरूप ध ार्मिक स्नान करते है तथा समुद्र देवता को जनेऊ एंव नारियल अर्पण करते है। पूजा एंव पिण्डदान के उदेश्य से पूजा कराने वाले पंडा (पूजारी) रहते है, ऐसी अवधारणा है कि हम अपने पितरों को समुद्र जल अर्पित करना चाहिए इसे भवसागर पार कह सकते हैं। गंगासागर का महत्व मोक्ष के साथ स्वर्ग तक पहुॅचने का माध्यम माना गया है। धर्मशास्त्र के अनुसार एक कथा है कि भगवान श्रीराम के वंश में सूर्यवंशीय पूर्वजो में महाराजा भागीरथ गंगाजी को पृथ्वी पर लाये और राख बने अपने पूर्वजो को गंगा जल से पवित्र किया और वे लोग मोक्ष प्राप्त कर स्वर्ग लोक पहुॅच गये। इसलिए मकर संक्रांति के पर्व पर लोग गंगा सागर मे स्नान करते हैं। यही परम्परा हिन्दुओ का अपने पूर्वजों को सम्मान दिलाता है और यात्रा मुख्य उदेश्य पूरा होता है।

काशी

काशी में तीर्थ स्थान एवं दान सर्वोत्तम होता है। यहां मु ख्यतः निम्न दिनों में स्नान सर्वोत्तम माना गया है। तीनों दिन माघ की मकर–संक्रान्ति, सप्तमी एवं अमावस्या है। हिन्दुओं के लिए यह नगर अटूत धार्मिक, पवित्रता, पुण्य एवं विद्या का प्रतीक रहा है। महाभाष्य में पतंजलि ने वाराणसी के गंगा के किनारे अवस्थित कहा है।

तीर्थ एवं सांस्कृतिक विकास

तीर्थों के विषय में इस अनुसंधान से भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक स्थिति के क्रमिक विकास पर अवष्य प्रकाष पड़ता है। जहां तक तीर्थो में उनके प्रतीक मिलते

हैं वे आदिकालीन विष्वब्यापर प्रकृति–पूजा, गन्धर्व, अप्सरा, नाग लिंग, यानि, यक्ष, वृक्ष, पशु पर्वतीय शिव, कुवेर, कार्तिकेय तथा गण–गणेश इत्यादि हैं। अवतारों के भी तीर्थ मिलते हैं। विभिन्न आदिकालीन संस्कृतियों में सूर्य, पर्वत, वन, वृक्ष, पाषाण, वृष्टि, कृषि, तड़ित, पशु, पक्षी, नाग इत्यादि की समादर–भावनाये मिलती हैं। स्थान भेद से मु ख्य तीर्थों का वर्णन महाभारत तथा पुराण से मिलाकर पढ़ने से तीर्थस्थानों पर पूर्ण रूप से प्रकाश पड़ता है। समय सयम राजाओं तथा महाराजाओं ने इन संस्कृतियों के उत्थ. ान में सहायता प्रदान की।

मूल्यांकन

भारतीय संस्कृति में तीर्थों का महत्व

राष्ट्रिय एकता –

यद्यपि भारत अनेक जातियों तथा राज्यों में विभक्त था, तथापि तीर्थयात्रा भारतीय संस्कृति एवं भारत की एकता में बड़ी सहायक होती थी। आज भी इससे एकता की भावना सुदृढ़ की जा सकती है। प्रान्तीय – भेद, जाति भेद एवं उँच–नीच के भेद की समाप्ति। हिमालय से लेकर दक्षिण समुद्र तक एवं बंगाल से लेकर गुजरात तक सम्पूर्ण देश में भिन्न–भिन्न स्थानों में तीर्थ हैं। इन स्थानों में भ्रमण करने से भिन्न–भिन्न प्रान्त एवं जाति के लोग एक दूसरे के संपर्क में आते हैं, जिससे भेदभाव कम होकर धर्मिक सहिष्णुता की वृद्धि होती है। तीर्थों में राजा और रंक समान हैं। वहां उंच–नीच का भेद नहीं है।

सांस्कृतिक विकास

भिन्न–भिन्न प्रान्तों के लोगों के सम्पर्क एक दूसरे की संस्कृति तथा आचार–विचार का आदान–प्रदान होता है, जिससे व्यक्ति अपनी संकुचित मनोवृत्ति को त्याग कर उदात्त भावना जागृत कर सकता है। व्रत–नियमादि के कारण सादगी की शिक्षा– अनेक तीर्थों की यात्रा संयम, नियम, व्रत–उपवासपरायण एवं ब्रह्मचारी होकर करने का विधान है। इस प्रकार व्रत नियमादि के पालन से सादगी की शिक्षा मिलती है। जिसे चारित्रिक विकास होती है। तीर्थस्थान की दिव्यता एवं मान्यतायें, वहां के पवित्रा एवं दार्शनिक महात्माओं का सम्पर्क, पवित्रा वातावरण आदि यात्री के मन में आध्यात्मिक शक्ति एवं आदर की भावना जागृत करते है।, जो उनके मन पर जीवन भर प्रभ. ाव डालती हैं यही कारण है, कि धर्मशास्त्रकारों ने तीर्थयात्रा पर जोर दिया है। प्राचीन काल में यातायात के साधन न होने से यात्रा में अत्यध्कि कठिनाई थी। पर आज जहां एक ओर यातायात के साधन बढ़ जाने से यात्रा सुलभ हो गई है।, वहां दूसरे अवरोध हमारे सामने आ गये हैं–आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा, कठिन आर्थिक परिस्थिति एवं कठोर जीवनसंघर्ष ने हमें आध्यात्मिकता से दूर हटाकर केवल भौतिकता की ओर आकृष्ट कर लिया है। आज संकीर्णता को दूर हटाकर भारत की एकता के लिये प्रयास करना आवश्यक है। यदि इस भाव का ध्यान में रखकर भ्रमण किया जाय, जो तीर्थयात्रा इस उद्देश्य की पूर्ति के लिये बड़ी सहायक होगी। तीर्थ भावना के विकास के पूर्व आदिकालीन तथा प्राग्वैदिक सभ्यता के कितने ही स्तर प्रस्तरकाल से लेकर अब तक व्यतीत हो चुके थे, उसकी कल्पना करना कठिन है, किन्तु जहाँ तक तीर्थों में उनके प्रतीक मिलते हैं ये आदि कालीन विश्वव्यापी प्रकृति–पूजा–संस्कृति, तप–प्रधान मुनि–संस्कति, इत्यादि हैं। वैदिक समन्वय–भावना आज तक भारतीय संस्कृति में चली आ रही है।

एकं सद् विप्रा वहुधा वदन्ति।[17]

यों देवानां नामधा एक एव।[18]

पाद टिप्पणी

1.तीर्थांक,संख्या636,गीताप्रेस गोरखपुर, पृष्ठ ,743
2.वही,2
3.ऋग्वेद 10.114.7
4.वही,2
5.आदिपर्व, 51/43–44
6.हजारी राजा राम, प्राचीन भारत में तीर्थ, पृष्ठ,भूमिका
7.काणे पी0 बी0 धर्मषास्त्र का इतिहास, भाग–1, 2, 3, 4, 5.,पुरुशोत्तमदास हिन्दी भवन पृष्ठ, हिन्दी समिति उत्तर प्रदेष षासन लखनऊ 1975, पृष्ठ,1310
9.धर्मसिन्धु:,श्रीकाषीनाथोपाध्यायविरचित:,चौखम्भा प्रकाषन, वाराणसी,वि0 सं0 2075,पृश्ठ,101
10.व्रतपर्वोत्सव–कल्याण विषेशांक,अंक–1,गीताप्रेस,गोर खपुर,वर्श 76,पृश्ठ,207
11.वही पृश्ठ,462
12.पद्मपुराण आदिखंड 28 , 27 –30
13. तीर्थांक ,गीता प्रेस गोरखपुर ,पृ.104
14.अनुषासनपर्व:,88/36–38
15.वही,1329
16.काणे पी0 बी0 धर्मषास्त्र का इतिहास, भाग–1, 2, 3, 4, पुरुशोत्तमदास हिन्दी भवन पृश्ठ, हिन्दी समिति उत्तर प्रदेष षासन लखनऊ 1975, पृश्ठ,1229
17.ऋग्वेद, 1/164/46
18.ऋग्वेद, 10/82/2

*****

कोंकणी उपन्यास 'पोको':एक विवेचन

-डा. एस. वी. शेण्वि,
हिंदी सह प्राध्यापक
डा. ए. वी. बाळिगा वाणिज्य महाविद्यालय, कुमटा (उ.क.) कर्नाटक

डा. एस. डी. बुळ्ळा,
ग्रंथपाल
डा. ए. वी. बाळिगा वाणिज्य महाविद्यालय, कुमटा
(उ.क.) कर्नाटक

साहित्य के संदर्भ में मानवीय चेतना एवं सामाजिकता का मूल्य सर्वोपरी होता है और इसे स्पष्टरूपेण शब्दबद्ध करने की क्षमता मात्र उपन्यास में है। उपन्यास गद्यलेखन की एक सशक्त विधा है। उपन्यास का अर्थ होता है सामने रखना। अर्थात उपन्यास वह विधा जिसमें मानव जीवन के किसी तत्व को उक्ति-उक्त रूप में समन्वित कर रखा जाये। शायद इसीलिए उपन्यास को 'गद्य का महाकाव्य' भी कहा गया है। उपन्यास के माध्यम से जीवन तस्वीर प्रस्तुत होती है। "उपन्यास पर्याप्त आकार की वह मौल्कि गद्यकथा है जो पाठक को एक काल्पनिक, पर यथार्थ संसार में ले जाती है, जो लेखक द्वारा व्यक्तिगत रुप से अनुभूत और सर्जित होने के कारण नवीन होता है।"[१] हिन्दी उपन्यास शिल्प की यात्रा के अध्ययन में हम मग्न थे कि मातृभाषा कोंकणी साहित्य के प्रति मन में अचानक उत्सुकता जागी कि कोंकणी उपन्यास 'पोको' कोअन्य भाषा के पाठकों से परिचित कराये यहीकोशिश आपके सम्मुख है।

कोंकणी भारत के पश्चिमी तट में स्थित कोंकण प्रदेश में बोलीजानेवाली मीठी बोली थी। यह गोवा, महाराष्ट्र के दक्षिण भाग, कर्नाटक के उत्तरी भाग, केरल के कुछ क्षेत्रों में बोली जाती है। गोवावाला प्रदेश सदियों तक पुर्तगाल के अधीन रहा। पुर्तगालियों ने जोर जबर्दस्ती धर्मपरिवर्तन किया और उनके मूल सांस्कृतिक रूप को छिन-भिन्न की। इन विषम परिस्थितियों में भी लोगों ने अपनी मातृभाषा की रक्षा की। संविधान के आठवीं अनुसूची के तहत आज कोंकणी को भाषा का स्थान प्राप्त है। सन १९८७ ई. में गोवा में कोंकणी को मराठी के बराबर राजभाषा का दर्जा दिया गया है। आज कोंकणी देवनागरी, कन्नड, मलयालम और रोमनापि मेंखी जाती है। सत्रहवीं सदी से पूर्व कोंकणी का कोईखित साहित्य उपलब्ध नहीं था। किंतु आज कोंकणी में पर्याप्त साहित्याखा जा रहा है।

नंदा धर्मा बोरकार कोंकणी के प्रतिभासंपन्न लेखक है। विशेषत: उपन्यास और नाटक क्षेत्र में उनका अपना एक विशिष्ट स्थान है। ३३ साल हिन्दी, मराठी और कोंकणी में अध्यापन का सुदीर्घ अनुभव है। शिक्षा के साथ सामाजिक क्षेत्र में सेवानुभव है। हिन्दी भाषा के प्रचारक और प्रसारक भी रहे हैं। कोंकणी और मराठी नाटकों में अभिनय किया है। 'नवप्रभा', 'बिम्ब' आदि पत्रिकाओं में लेखन प्रकाशित हुए हैं। विवेच्य उपन्यास 'पोको' बोरकरजी का सामाजिक समस्या प्रधान उपन्यास है। यह एक अबोध मजदूर बालक की संघर्षमय जिंदगी की संवेदनपूर्ण कहानी है।

उपन्यास का नायक पोको गाँव में बसनेवाला गरीब मजदूर परिवार का लडका है। वह दत्तु और शांतु का बडा बेटा है। गरीब, इमानदार दत्तु पोको को मजदूरी करने अपने साथ ले जाता था। शांतु उसे पढानाचाहती थी लेकिन पहली कक्षा तक पढते ही स्कूल छोडने की अनिवार्यता आ गयी। वह पिता के साथ छोटे-मोटे काम करता था। पोको लिखने -पढने में, नारियल पेड चढने में, मच्छी पकडने में, खेती करने में माहिर था। गाँववालों के साथ खान में काम करने की अनिवार्यता आन पडती है। खान का मालिक उसके काम से प्रसन्न था। बारिश में जब खान बंद हो जाता था भाई का घर अपना समझकर काम करता।उसे भाई के घरपैसे चुराने का इलजाम लगता है। होटल में दो साल काम करने की नौबत आती है। पश्च्चात खान में मजदूरसप्लाई करने का कांट्रेक्ट मिलता है। इस व्यवहार में उसे नुकसान भी उठानी पडती है। पोको किसी के नीचे काम करना पसंद नहीं करता था। वह लोगों का खेत जोतता। उसेहल बैल बेचकर बहन पीसू की शादी करने की अनिवार्यता आती है। काशीनाथ को अपने दोस्तों के साथ अंग्रेजी बात करते देख पोको गाँव के किसी मास्टर से थोडा बहुत अंग्रेजी बोलना सीखता है। आगे उसे७५ रुपये की सुपरवैसर की नौकरी मिलती है। अनुशासित पोको से सभी प्यार करते थे। पास गाँव के नये कंपनी केलिए पोको मजदूर ले जाता है। उन्हें मजदूरी न मिलने परअपने पैसों से किराना दिलाता है। धीरे-धीरे वह हिन्दी के प्रबोध, प्रवीण, एस.एस.सी.परीक्षा में पासहो जाता है। मिशनरी स्कूल

में हिन्दी विषय में अध्यापक के रूप में उसकी नियुक्ति होती है। अपनी मेहनत और योग्यता के बल पर उच्चतर शिक्षा बी.ए., एम.ए. डिग्री प्राप्त कर युवापीढी केलिए आदर्श साबित होता है। पोको के इस विजयी यात्रा केलिए उसका दृढ संकल्प, कर्मठता महत्व रखता है,लेकिन लोगतो मात्र तकदीर को क्रेडिट देते हैं।

साहित्य सृजन के पीछे रचनाकार के दो संघर्ष मायने रखते हैं एक आत्मसंघर्ष और दूसरा सामाजिक संघर्ष। सबसे बडी बात है साहित्य सृजन के पीछे जो भी होवह अंततः 'लोकमंगल' में परिवर्तित होता है। इस दृष्टि से देखा जाय तो उपन्यास 'पोको' का नायक एक अद्भुत पात्र है। मजदूर और श्रमिक वर्ग का प्रतिनिधित्व करनेवालेपोको को अपने जीवन में दंश ही दंश प्राप्त हुई लेकिन उसने कभी अच्छाई नहीं छोडी। अच्छाई और श्रम के प्रति उसके मन में पूजा का भाव है। पोको एक अतीतजीवी प्राणी है। उसने संपूर्ण जीवनबनावटीपन से दूर सादगी से जीती है। उपन्यास की पृष्ठभूमि में ग्रामीण भारतीय समाज है।"आधुनिक काल के उपन्यासों और संस्कृत की आख्यायिकाओं में यों तो बहुत अंतर है, मगर कथानक की दृष्टि से आधुनिक उपन्यास संस्कृत-परंपरा के विकसित एवं सुसंस्कृत रूप ही प्रतीत होते हैं।"[2]भारतीय समाज के उच्च लोकाचार, लोक मान्यताएँ व लोकसंस्कृति को देखकर मन प्रसन्न अवश्य होता है कि ये भारतवासी सदियों की अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से विलग नहीं हुए। उपन्यास के जरिये लेखक वर्णनात्मक शैली से पाठकों को अनुभूत कराते हैं कि यह अंत नहीं है बकि एक अनवस्त सिलसिला है। प्रस्तुत उपन्यास की उपलब्धी यह भी है कि यह निराशा की जगह जीवनोत्साह उत्पन्न करता है। साथ ही एक ऐसा सेन्स आफ रियलाईजेशन भी है जिससे हम अपने 'सेल्फ' का भी मूल्यांकन कर सकते हैं। उपन्यास का उद्देश्य स्पष्ट है कि सपना देखना गलत नहीं है बकि परिश्रम से अपने सपने को साकार करने की क्षमता हममें अवश्य होनी चाहिए। जिंदगी का नाम आगे बढना है। तकदीर नहीं आत्मविश्वास, दृढसंक्ल्प और परिश्रम से मात्र व्यक्ति अपनी जिंदगी के मुकाम तक सफलपतापूर्वक रास्ता तैर कर सकता है और यही प्रस्तुत उपन्यास का केंद्रबिन्दु है।"उपन्यास मानव जीवन को समग्र रुप से देखने का सर्वप्रथम प्रयास है।"[3]

किसी की सफलता के पीछे तकदीर से बढकर परिश्रम की अहं भूमिका होती है, इसे गरीब-मजदूर पोको पात्र के जरिये दर्शाया गया है। शिक्षित व्यक्ति की सुनहरे भविष्य की कल्पना पर विश्वास रखते हुए लेखक स्त्री की दूरदर्शिता और अपने संतान के प्रति चिंता की बात गरीब और अनपढ शांतु पात्र के जरिये अभिव्यक्त करते हैं। खान के काम में मौजूद खतरा और इसमें काम करनेवाले मजदूर से कंट्राक्टर तक की जिंदगी में जो अनिवार्यता, असहायकता, अनिश्चितता है उस पर प्रकाश डालने की उपन्यासकार की कोशिश प्रशंसनीय है। समाज और अपने परिवार के प्रति उत्तरदायित्व की भावना पोको पात्र के जरिये व्यक्त कर रास्ते से भटके हुए युवापीढी को वापस पटरी पर लाने की उपन्यासकार की कोशिश सचमुच सराहनीय है। साथ ही समाज मेंघुलमिले खिंचातानी प्रवृत्ति के प्रति सचेत करने की कोशिश भी स्पष्ट दिखाई गई है। उपन्यास में लेखक की मजदूर और श्रमिक वर्ग के प्रति गहरी संवेदनशीलता, सामाजिक चिंता, आर्थिक वैषम्य और शोषण की चककी में निरंतर पिसती विवशता के भी गहरे अनुभवजन्य चित्र उपस्थित हुए हैं। समाज, संस्कृति, धर्म इतिहास-परंपरा पर लेखक ने गम्भीर विश्लेषण प्रस्तुत कर दार्शनिक पक्ष का भी अधिकारिक तौर पर निर्वाह किया है।

सहायक ग्रंथ :

1. हिन्दीउपन्यास का इतिहास - गोपाल राय, पृ. २४
2. डा. मोहन अवस्थी - हिन्दी साहित्य का विवेचनपरक इतिहास पृ. २३९
3. डा. जयनारायण वर्मा - हिन्दी साहित्य का इतिहास पृ. १२५
4. कोंकणी साहित्य का इतिहास - मनोहर राय सरदेसाइ
5. कोंकणी भाषा की उत्पत्ति -कृष्णानंद कामत
6. अल्बुकर्कान गोंय कशे जिंकले -शेणय गोंयबाबा
7. गोमांतोपनिषद - शेणय गोंयबाबा
8. हिन्दी साहित्य का इतिहास ट्ट हेमंत कुकरेती
9. पोकोट्ट नंदा धर्मा बोरकर
10. कोंकणी साहित्य में लेखिकाओं का योगदान (पंचशील शोध समीक्षा) : डा. प्रभा भट्ट

*****

आंबेडकर का बौद्ध धर्म : एक समालोचनात्मक विश्लेषण

--डॉ.नवीन कुमार
इतिहास विभाग, राजधानी कॉलेज,
दिल्ली विश्वविद्यालय

शोध सार:

यह शोध डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर के बौद्ध धर्म के प्रति दृष्टिकोण का समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इसमें मुख्यतः उनकी पुस्तक "बुद्ध और उनका धर्म" को आधार बनाते हुए बौद्ध धर्म के तत्वों, उनके अनुभवजन्य विश्लेषण, और उनके दृष्टिकोण की प्रामाणिकता का अध्ययन किया गया है।

शोध में यह जांचने का प्रयास किया गया है कि आंबेडकर बौद्ध धर्म के ग्रंथगत तथ्यों से किस हद तक सहमत थे और उनकी सहमति या असहमति का आधार क्या था। क्या यह उनकी निजी अनुभूति और सामाजिक अनुभव का परिणाम था, या फिर यह ऐतिहासिक तथ्यों और तर्कों के असंगत मेल पर आधारित था?

शोध इस अवधारणा पर आधारित है कि ज्ञान और विचार नवीनता के आभास से प्रेरित होते हैं, लेकिन वे हमेशा सामाजिक और ऐतिहासिक संदर्भों से प्रभावित होते हैं। आंबेडकर ने बौद्ध धर्म को केवल एक आध्यात्मिक पथ के रूप में नहीं देखा, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और समानता का साधन माना। उन्होंने बुद्ध के धर्म को व्यक्तिगत अनुभव और सामाजिक चेतना के संदर्भ में पुनर्परिभाषित किया।

बीज शब्द: धम्म, थेरवाद, नवयान, महायान, हीनयान, पारमिता, दशभूमिका ससूत्र, ध्यान, धर्मांतरण |

शब्द विज्ञान के अनुसार बुद्ध और धर्म दोनों की अध्यात्मिक अवस्था एक ही है। बुद्ध और धर्म दोनों के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अनुभूति के स्तर पर जागृत रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में इतिहासकारों तथा समाजशास्त्रियों द्वारा यह प्रश्न उठाया जाना की कौन सा कथन किसका है? उसके कथन की प्रामाणिकता कितनी है ? इन सब प्रश्नों पर इस शोध में विचार किया जाएगा। यह स्पष्ट करने कि हमारी कोशिश है कि बौद्ध धर्म के संबंध में ग्रंथगत सूचनाओं के विषय में डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर कितना सहमत थे? उनकी सहमति तथा असहमति का आधार क्या उनका कोई व्यक्तिगत अनुभव था? या फिर तथ्य के असंगत मेल से उत्पन्न तर्क था? उपरोक्त प्रश्नों का विश्लेषण उनके द्वारा लिखी गई पुस्तक "बुद्ध और उसका धर्म" के आधार पर किया जाएगा। विचारों की प्रामाणिकता के संबंध में हमारी अवधारणा है कुछ भी पूरी तरह से नया नहीं होता है। प्रत्येक बदलाव नवीनता का आभास मात्र है। अतः जब हम किसी भी सम्पर्क सूत्र से ज्ञान का कोई भी स्वरूप ग्रहण करते हैं उसमें अपनी सहुलियत के अनुसार अपेक्षित और सामाजिक बदलाव करते हैं।

बौधधर्म: शब्द ज्ञान बनाम अनुभवजन्य

भीमराव आंबेडकर ने सर्वसाधारण मनुष्यों के लिए बुद्ध की जीवनी तथा उनके उपदेशों की संक्षिप्त और तार्किक ढंग से विवेचना की है। आंबेडकर द्वारा प्रस्तुत पूरी विवेचना को यहाँ रखना हमारा उद्देश्य नहीं है। बल्कि इसमें हम यह समझने का प्रयास करेंगे, अंबेडकर ने बौद्ध ग्रंथ में दी गई सूचनाओं को किस नजरिए से समझा है? उदाहरण के लिए बुद्ध के महाभिनिष्क्रमण के बारे में आदर्श व्याख्या यह है। जब, "उन्होंने एक दिन एक बूढ़ा आदमी, एक मृतक, एक बीमार और एक प्रसन्न चित भिक्षाटन करते हुए साधु को को देखा तो ऐसे सांसारिक दुःखों का समाधान करने के लिए उन्होंने गृह त्याग किया" । [1]इसके विपरीत आंबेडकर ने 'बुद्ध के गृह त्याग का कारण रोहिणी नदी के जल विवाद को बताया जो कि शाक्य तथा कोलिय गणराज्यों के बीच जलविवाद था। [2]इस विवाद को रोकने के लिए बुद्ध ने गृह त्याग किया।

बुद्ध की साधना के संबंध में यह बताया जाता है कि उन्होंने क्रमशः दो शिक्षकों से प्रारम्भिक शिक्षा ली थी। उन्होंने 'अलार कलाम से 'सांख्य दर्शन' और 'उद्रक रामपुत्र' से 'न्याय दर्शन' [3]की शिक्षा ली थी। परंतु जीवन तथा संसार के संबंध में सिद्धार्थ के मन में उपजे कारणों का समाधान परम्परागत ज्ञान से संबंधित नहीं था। उनके बुद्धत्व के बारे में यह बतलाया जाता है कि चार सप्ताह में वे पूर्ण जागृत हो गए थे। इस संख्यात्मक विचार पर अंबेडकर का एक अलग ही मानना है। यह बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति करने की अवधि नहीं बल्कि उनके ज्ञान की "चार अवस्थाएँ थी। [4]वे चार अवस्थाएँ

निम्नलिखित है:-

1. कारण और अनुसंधान की अवस्था
2. ध्यान
3. संतुलन और स्मृति
4. संतुलन की शुद्धता और स्मृति की शुद्धता की अवस्था

क्या कोई बुद्धत्व प्राप्त व्यक्ति सभी तरह की स्मृतियों से मुक्त हो जाता है? क्या सिद्धार्थ के विचारों पर बुधत्व प्राप्ति के बाद किसी पूर्ववर्ती विचार का असर नहीं था? प्रारंभिक तौर पर यह कहना कठिन है कि बुद्ध ज्ञान प्राप्ति के बाद समस्त आचरण, आत्मअनुभव से करते थे? जैसा कि हम जानते हैं कि गौतम बुद्ध को कपिल के सांख्य दर्शन की शिक्षा दी गई थी । तो बुद्ध के विचारों पर सांख्य दर्शन के कौन-कौन से विचारों का प्रभाव देखा जा सकता है? जो निम्नलिखित हैं-

1. "वस्तुगत ज्ञान प्रमाण पर अवलंबित होता है और विचार भौतिकता पर आधारित होता है।[5]
2. ईश्वर के अस्तित्व और उसके सृष्टिकर्ता के रूप में अस्वीकृति है।
3. संसार में दुःख शाश्वत है।

गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद संसार का प्रवर्तन करने का निश्चय किया। इसके लिए उन्होंने प्रथम पाँच ब्राह्मण (पंचवर्गीय) भिक्षुकों को धर्मचक्र प्रवर्तन का उपदेश दिया। इस प्रवर्तन के अंतर्गत चार आर्य सत्य का उपदेश दिया जिसकी चर्चा यहाँ अपेक्षित नहीं है। क्योंकि हमने उन चार आर्य सत्य की चर्चा प्रसंगवश कहीं की है। यहाँ सिर्फ इतना स्पष्ट करना जरूरी है कि बुद्ध के धर्म प्रवर्तन में सभी वर्ग के लोग मौजूद थे-

1. सेठी तथा राजाओं का परिवार
2. सामाजिक रूप से शोषित तथा वंचित वर्ग
3. धार्मिक समुदाय
4. परिवार और नाते रिश्तेदार

उपरोक्त वर्गों के संबंध में आंबेडकर का दृष्टिकोण सकारात्मक है। परंतु आंबडेकर ने बुद्ध के विचारों 'को तीन हिस्सों में रखा हैं-[6]

1. **धर्म**- धर्म उसे कहा जाता है जो आत्म अनुभव पर आधारित हो। धर्म सिद्धांत नहीं है, धर्म अभ्यास है, और धर्म प्रयोग है।
2. **अधर्म**- अधर्म उसे कहते हैं जो यज्ञ और पूजा-पाठ में विश्वास करता हो। वैदिक तथा पौराणिक ग्रंथों में विश्वास करने के लिए बाध्य करता हो। अनुभव जन्य ज्ञान के बजाय आदर्श ज्ञान का महत्व देता हो।
3. **सधर्म**- सधर्म की प्राप्ति प्रज्ञा से संभव है, इसमें आत्मअनुभव, अभ्यास सर्वकल्याण, समानता तथा भेद रहीत समाज की अवधारणा निहित होती है।

आंबेडकर ने बाहह्मण ग्रंथों में उल्लेखित धर्म शब्द को बौद्ध धर्म के ग्रंथों में वर्णित धर्म शब्द के अर्थ से अलग बताया है। धर्म प्रत्येक व्यक्ति की जागृत अवस्था है। उस अवस्था में स्वभावतः परिवर्तन की गति को देखना तो धर्म है। यह व्यक्तिगत मानसिक जरूरत है जबकि ब्राह्मण धर्म निश्चित नियमों तथा सिद्धांतों पर टिका हुआ है। यह मनुष्य की सामुदायिक अवस्था है इससे समाज में वर्ग संघर्ष का विकास होता है। इसके अलावा आंबेडकर ने अहिंसा के औचित्य को यथावत नहीं स्वीकार किया है। आंबेडकर ज़रूरतों के मद्देनजर की गई हिंसा को हिंसा नहीं मानते हैं। वे अंहिसा के दो सिद्धांत बताते हैं-

1. हिंसा की ज़रूरत। ।
2. हिंसा की मानसिकता।

इसके विपरीत प्रारम्भिक बौद्ध धर्म में अहिंसा के सिद्धांत के पालनार्थ कृषि कर्म और वर्षा के मौसम में भ्रमण करने को भी हिंसा समझा जाता था। परंतु कालांतर में अहिंसा के सिद्धांत में बदलाव दिखलाई देता है। जिसके अंतर्गत तीन प्रकार से हिंसक गतिविधि को भी हिंसक रूप में प्रदर्शित किया जा सकता है। इसे हम 'तिकोटि परिशुद्धि' कहते हैं-

1. स्वयं के द्वारा हत्या (वध) न करना।
2. मारते या हत्या करते समय आप के द्वारा न देखना।
3. आपने हत्या के लिए आदेश न दिया हो।

यह अहिंसा की अवधारणा निश्चित रूप से आंबेडकर के विचारों को प्रभावित करती है। आंबेडकर की विवेचना से कहीं भी यह स्पष्ट नहीं होता है। कैसी आवश्यकत्ता और कैसी इच्छा की स्थिति में हिंसा को अहिंसा समझा जा सकता है? कालांतर में अहिंसा संबंधी यह उद्धरण आंबेडकर के अनुयायियों के लिए "शारीरिक रूप से सशक्त बनने तथा युद्ध स्तर पर सामाजिक प्रतिकार करने के लिए सैन्य बल तथा लामबंद हो रहे हैं।" अहिंसा अपरिवर्तनीय सिद्धांत नहीं है। इसका बेशक शाब्दिक अर्थ किसी को नुकसान पहुंचाना हो। लेकिन ज़रूरतों की आपूर्ति शक्ति तथा साम्राज्य का विस्तार तथा महत्वाकांक्षा के हालात में भी अहिंसा का सहारा लेकर इसका प्रयोग किया जाता है।

"कार्ल मार्क्स ने धर्म को गरीबों की अफीम बताया था, जबकि भीमराव आंबेडकर ने, "धर्म को गरीबों की आवश्यकता बताया है।" धर्म के माध्यम से सामान्य व्यक्ति मुश्किल संघर्ष करता है और जीवन यापन की उम्मीद करता है। आंबेडकर के अनुसार धर्म की परिभाषा क्या है? 'धर्म व्यक्तिगत विकास है।" [7] समाज में एक साथ रहने के लिए यह आवश्यक है। इसका संबंध अध्यात्म और चेतना से नहीं है। आंबेडकर ने ईसाई, इस्लाम, सिख तथा पारसी धर्मों का सामान्य अध्ययन किया। तमाम सारे अध्ययनों में उन्हें

यह समझ में आया कि यीशु इसाई धर्म में यीशु मुक्तिदाता तथा पापमोचक है। इसके समानान्तर इस्लाम धर्म में मोहम्मद साहब उनके पैगम्बर है, वे केवल मुस्लिमों को मुक्ति देते हैं। पारसी धर्म में जरथुस्त्र के सिद्धांत के सिवाय दुनिया में कुछ भी सत्य नहीं है। सिख धर्म में सत्य केवल उनके गुरुजनों की बातें ही हो सकती है। इन सभी धर्मों में अनुयायी पाप से मुक्ति तथा मोक्ष की प्राप्ति के लिए अपने कर्मों के बजाय अपने ईश्वर पर आश्रित है।

आंबेडकर ने बौद्ध धर्म के अध्ययन से यह साबित किया कि बौद्ध धर्म में कोई ईश्वर नहीं है। कोई भी आप के पापमोचक और मोक्ष का ठेकेदार नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति का आत्म अनुभव ही उसे सभी तरह के बंधनों से मुक्त करा सकता है। ऐसे में आंबेडकर की पुस्तक 'बुद्ध और उसका धर्म' के बारे में पूछा जाता रहा है। क्या आंबेडकर के प्रस्तुत विचार बौद्ध शास्त्र के हिसाब से है? सामान्य परीक्षण में यह पाया गया है कि इस पुस्तक में अंबेडकर ने बौद्ध धर्म को यथावत नहीं स्वीकार किया है बल्कि उन्होंने अपने अनुभव और तर्क को भी शामिल किया है।

बौध धर्म के सिद्धांतों के प्रति आंबेडकर की आपत्तियां। आंबेडकर यह नहीं मानते हैं कि "सिद्धार्थ ने घर का त्याग इसलिए किया क्योंकि उन्होंने एक बीमार, एक बुढ़ा, एक मृतक और एक प्रसन्नचित साधु को देखा था।"[8] आंबेडकर के अनुसार ये सिद्धार्थ के हृदय परिवर्तन के घटक नहीं हो सकते हैं। क्योंकि सिद्धार्थ ने 29 वर्ष की आयु में पहली बार उपरोक्त मनुष्य की चार अवस्थाएँ नहीं देखी होगी। इसलिए वे इस व्यवस्था को अस्वीकार करते हैं। आंबेडरक की इस टिप्पणि के संबंध में हमारे मन में कुछ सहज प्रश्न है। क्या कोई व्यक्ति हमेशा जितना देखता है उतना ही समझता है? क्या किसी व्यक्ति का परिवेश बदलने से उसके दृष्टिकोण नहीं बदलते हैं? क्या हमेशा प्राकृतिक छटाएँ तथा मानवीय छवि सामने वाले के मन में एक ही तरह का असर छोडती है?

उपरोक्त तीनों प्रश्नों पर विचार करने से यह स्पष्ट हो जाता है। आंबेडकर के विश्लेषण में अनुभव और अनुभूति से ज़्यादा तर्क का दखल था। आंबेडकर के प्रश्नों को समझने के लिए और खुद के द्वारा उठाए गए तीनों प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक दृष्टांत अपेक्षित हैं। न्यूटन ने अपने जीवन में पहली बार सेब गिरते नहीं देखा था। ना तो न्यूटन पहला व्यक्ति था जिसने सेब गिरते देखा था। जब उसने जिस सेब को गिरते देखा था उसके गिरने के साथ न्यूटन की अनुभूति जुड़ी हुई थी। जिससे उसने गुरुत्वाकर्षण की शक्ति का सिद्धांत दिया। अतः हमें यहां यह समझना चाहिए बेशक किसी ने कहा हो प्रत्येक क्रिया की प्रतिक्रिया होती है। परन्तु प्रत्येक क्रिया के साथ हमेशा एक जैसा अनुभव व अनुभति काम नहीं करती है।

आंबेडकर की बाईस प्रतिज्ञाएँ

आंबेडकर ने सामाजिक रूप से पिछड़ी जातियों को यह समझाया कि बुद्ध ने प्रारम्भ में 'पाँच भिक्षुकों को उपदेश दिया था ।10 और उसके बाद चालीस लोगों को संघ में प्रवेश दिया था। उनका काम बौद्ध धर्म का प्रचार करना था । बुद्ध के अनुयायियों में सभी वर्गों के लोग मौजूद थे। बुद्ध ने 'यस' जैसे सेठियों को निर्देश दिया, "धमार्थ अपनी कमाई का बीसवाँ हिस्सा खर्च (दान) करो।"11जिस धर्म का उद्देश्य आदि मंगल, मध्य मंगल और अंत मंगल है। बुद्ध के इस विचार में आंबेडकर भी सहमति प्रकट करते हैं। उन्होंने भी अपने अनुयायियों से आह्वाहन किया। अब भिक्षुक संघ नहीं है। धर्म का प्रचार करना आप सब की जिम्मेदारी है।" [9]और प्रमार्थ कल्याण के लिए आप को भी अपनी कमाई का 20वां हिस्सा खर्च करना चाहिए। आंबेडकर ने बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए 'बाईस प्रतिज्ञाएँ घोषित की है।' [10]वे बाईस प्रतिज्ञाएँ निम्नलिखित हैं-

1. मैं ब्रह्मा, विष्णु और महेश को कभी ईश्वर नहीं मानूंगा और ना उनकी पूजा करूँगा।
2. मैं राम और कृष्ण को ईश्वर नहीं मानूंगा और न उनकी पूजा करूँगा।
3. मैं गौरी और गणपति आदि हिन्दू देवता और देवियों को नहीं मानूंगा और ना उनकी पूजा करूँगा।
4. मैं ईश्वर के अवतारवाद पर विश्वास नहीं करूँगा।
5. मैं कभी बुद्ध को विष्णु का अवतार नहीं मानूंगा।
6. मैं श्राद्ध नहीं करूँगा।
7. मैं बौद्ध धर्म विरोधी बातों को स्वीकार नहीं करूँगा।
8. मैं कोई भी धार्मिक क्रियाकलाप का आयोजन ब्राह्मणों द्वारा नहीं कराऊँगा।
9. मैं सभी मनुष्यों की समानता में विश्वास करूँगा।
10. मैं समानता की स्थापना के लिए प्रयत्न भी करूँगा।
11. मैं तथागत बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग का पालन करूँगा।
12. मैं बुद्ध द्वारा बताई दस पारमिताओं का पालन करूँगा।
13. मैं प्राणी मात्र पर दया करूँगा।
14. मैं चोरी नहीं करूँगा।
15. मैं झूठ नहीं बोलूँगा।
16. मैं व्यभिचार नहीं करूँगा।
17. मैं नशे का सेवन नहीं करूँगा।
18. मैं बौद्ध धर्म के प्रमुख तीन तत्वों का पालन करूँगा जिसमें निहित है, सहानुभूति, समानता, और स्वतंत्रता।

19. मैं हिन्दू धर्म का त्याग करता हूँ और बौद्ध धर्म को ग्रहण करता हूँ।

20. मैं बौद्ध धर्म के सधर्म में विश्वास करता हूँ।

21. मुझे विश्वास है कि मैं (इस धर्म परिवर्तन के द्वारा) फिर से जन्म ले रहा हूँ.

22. मैं बौद्ध धर्म की शिक्षाओं के अनुरूप आचारण करूँगा।

आंबेडकर की इन प्रतिज्ञाओं का सामान्य वर्गीकरण:-

1. इसमें पहली प्रतिज्ञा से लेकर पाँचवी प्रतिज्ञा तक हिन्दू देवी देवताओं के त्याग की घोषणा है।

2. छठवीं प्रतिज्ञा से आठवीं प्रतिज्ञा तक ब्राह्मण परंपरा की अवज्ञा है।

3. नौंवी प्रतिज्ञा से बारहवीं प्रतिज्ञा तक बौद्ध धर्म के सामान्य नियमों के प्रति स्वीकृति है।

4. तैरहवीं प्रतिज्ञा से सत्रहवीं प्रतिज्ञा तक विनय के सामान्य नियमों के प्रति स्वीकृति है जिसकी वजह से शुद्र वर्ण को कुख्याति मिलि है।

5. अठारहवीं प्रतिज्ञा से बाइसवीं प्रतिज्ञा तक बौद्ध धर्म के सिद्धांतों तथा उसके प्रति श्रद्धा और विश्वास है।

आंबेडकर की 22 प्रतिज्ञाओं का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण

आंबेडकर की बाईस प्रतिज्ञाओं के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण से "हमने कुछ ऐतिहासिक समझ की ओर जाने का प्रयास किया है। आंबेडकर परम्पराओं में विश्वास करने के विरूद्ध थे। इसीलिए उन्होंने हिन्दू देवी-देवताओं तथा उनके अवतारवाद में अविश्वास प्रकट किया। इसके विपरीत वे भलि-भाँति समझते थे कि सामाजिक रूप से पिछड़ी जातियाँ आर्थिक रूप से कमजोर थी। इससे बचाव करते हुए उन्होंने हिन्दू ग्रंथों द्वारा निर्धारित श्राद्ध तथा यज्ञ करने से रोका। क्योंकि ऐतिहासिक रूप से भी उन्हें मामूल था कि 'बुद्ध के जीवनकाल में भी धार्मिक अनुष्ठान अमीरों के लिए ही संभव थे।"[11]

आंबेडकर के मन में केवल ज्ञान के स्पष्टिकरण के लिए वर्गीय अवधारणा नहीं थी। उन्हें भारतीय समाज में शूद्रों की स्वीकार्यता की तलाश थी। इसलिए, उन्होंने अपनी तेरहवीं से

ए सत्रहवीं प्रतिज्ञा में निश्चित गुणों के विकास पर जोर दिया। ताकि बहुमत से प्राप्त सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक अवसर में साझेदारी हो सके।

आंबेडकर ने बौद्ध धर्म के ग्रंथों में उल्लिखित सिद्धांतों को 'तीन भागों में बाँटा है-

1. धर्म
2. अधर्म
3. सधर्म[12]

इन तीनों कारकों का उल्लेख पहले भी किया जा चुका है। परन्तु प्रसंग स्पष्ट करने के लिए इनका एक बार फिर जिक्र करना आवश्यक है। आंबेडकर ने अपने अनुयायियों को सधर्म का पालन करने के लिए कहा। इसकी छाप उनकी प्रतिज्ञा संख्या नौवीं से बारहवीं और अठारहवीं से बाईसवीं में देखी जा सकती है। इसके अंतर्गत उन्होंने "धर्म तथा धर्म के कारकों का इस्तेमाल एकता के लिए किया है।"[13] ताकि संघर्ष सफल हो सके उन्होंने अपने धर्मांतरण नामक भाषण में बुद्ध की मूर्ति पूजा और विशेष पोशाक का समर्थन किया है। ऐसे तत्वों को वे सामाजिक एकता के लिए आवश्यक मानते हैं। मनोवैज्ञानिक दृष्टि से उन्होंने अपने लोगों का मन तभी समझ लिया था जब सवर्णों के खिलाफ 'चौदार सत्याग्रह" [14](तालाब पर पानी पीने के लिए) और मंदिर प्रवेश सत्याग्रह किया था। इस आंदोलन में दलितों को अपमान का घूँट पिना पड़ा था। इसके बावजूद इस वर्ग का हिन्दू धर्म के प्रति मोह भंग नहीं हो रहा था। इसलिए उन्होंने अपने अनुयायियों को धर्म के बदले धर्म दिया। आंबेडकर के अनुसार धर्म व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है जबकि हिन्दू धर्म वर्ग विकास को केन्द्र में रखता है, इतना ही नहीं आंबेडकर की आर्थिक सुधार तथा सामाजिक सुधार जैसी प्राथमिकता सामाजिक सुधार की देन है।

आंबेडकर की बाईस प्रतिज्ञाओं का राजनीतिक विश्लेषण: -

प्रतिज्ञाओं के मद्देनजर उन्हें हम सीधे तौर पर राजनीतिककरार नहीं दे सकते हैं। लेकिन इतना सच है कि आंबेडकर यह भलि-भाँति समझ सकते थे। "अगर दलितों का बहुमत धर्म के साथ समायोजन नहीं हो सकता है, तो उन्हें उभरते नए वर्ग के साथ राजनीतिक समायोजन के लिए बाध्य किया जा सकता है ।"[15] नए वर्ग का उभार बदलते धार्मिक समीकरणों तथा गठजोडों से संभव है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि बौद्ध धर्म समता मूलक धर्म है। स्वतंत्रता तथा समानता इसका मूल लक्षण है। फिर भी तत्कालिक समाज पर इसका केवल धार्मिक एवं आध्यात्मिक असर नहीं था। ठीक उसी प्रकार से आंबेडकर की बाईस प्रतिज्ञाओं का संबंध केवल धर्मांतरण से नहीं हो सकता है। उदारण के लिए समसामयिक भारत में महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा के साथ-साथ और भी कई राज्य है। जहाँ धर्म पर आधारित छोटे-छोटे संगठन भारतीय राजनीति के पूरक के रूप में उभर रहे हैं। इतना ही नहीं "प्रथम चुनावी घोषणा से लेकर अभी तक की चुनावी घोषणाओं के विषय के रूप में। उभरते वर्ग भारतीय राजनीति में स्थान बना रहे हैं। [16]आंबेडकर की पहली प्रतिज्ञा से दसवी प्रतिज्ञा तक का राजनीतिक असर यह है कि मुस्लिम और इसाई राजनीतिक दृष्टि से दलित संगठनों के साथ आसानी से जुड़े सकते हैं। इसके विपरीत ग्यारहवीं से सत्रहवीं प्रतिज्ञा तक के राजनीतिक मायने यह है कि सामान्य विचार धारा वालों के साथ

शामिल होना संभव और शामिल करना संभव है। इसके अलावा आंबेडकर की अठारहवीं से बाईसवीं प्रतिज्ञा दलितों को पृथक राजनीतिक एवं धार्मिक अस्तित्व बनाये रखने में मदद करती है।

आंबेडकर ने अपनी बाईस प्रतिज्ञाओं के अन्तर्गत "विशेष करके ग्यारहवीं प्रतिज्ञा में अष्टांगिक मार्ग के पालन की चर्चा की है।"[17] उनका उल्लेख किसी दूसरे शोध में किया जा चुका है। इसके अलावा उन्होंने अपनी बारहवीं प्रतिज्ञा में दस पारमिताओं के पालन करने पर जोर दिया है। 'बौद्ध धर्म की दस पारमिताए[18] निम्नलिखित है-

1. "दान पारमिता"
2. "शील पारमिता"
3. "नेक्खम्मा (त्याग) पारमिता "
4. "पण पारमिता"
5. "वीरिय पारमिता "
6. "खांती पारमिता "
7. "सच्च पारमिता "
8. "अधिष्ठान पारमिता "
9. "मेत्ता पारमिता "
10. "उपेक्खा पारमिता"

उपरोक्त पारमिताएँ थेरवादी परंपरा के अनुसार है। इसके अलावा महायान में 'छः पारमिताएँ [19]बतलाई गई है जो निम्नलिखित-

1. "दान पारमिता"
2. "शील पारमिता"
3. "कान्ति पारमिता"
4. "वीर्य पारमिता
5. "ध्यान पारमिता
6. "प्रज्ञा पारमिता"

इसके अलावा "दशभूमिकासूत्र' में निम्नलिखित "चार पारमिताएँ"[20]भी गिनायी गयी है जो निम्नलिखित है-

7. 'उपाय पारमिता'
8. "प्राणिधान पारमिता।"
9. "बल पारमिता"
10. "ज्ञान पारमिता"

आंबेडकर की बारहवीं प्रतिज्ञा तथ्यात्मक दृष्टि से अस्पष्ट है क्योंकि उन्होंने अपनी धार्मिक अवधारणा पुष्ट करने के लिए बौद्ध धर्म की विशेष शाखा का अनुसरण नहीं किया है। ऐसी स्थिति में कुछ अंतर के साथ तीन तरह की पारमिता का समूह है-

1. थेरवादियों की दस पारमिताएँ।
2. महायानियों की छः पारमिताएँ।
3. "दशभूमिकासूत्र" के अनुसार चार पारमिताओं।

महायानियों की छः पारमिताओं में से चार पारमिताएं थेरवादी पारमिताओं से शाब्दिक समानता रखती है। महायानी परम्परा की प्रज्ञा तथा ध्यान पारमीता परस्पर अलग है। जबकि इसके विपरीत दशभूमिकासूत्र में वर्णित चार पारमिताएं महायानी तथा थेरवादि परंपरा से मेल नहीं खाती है। लेकिन यह विरोधाभासी बात है। "दशभूमिकासूत्र" महायान परंपरा का ग्रंथ है। इसे हम बौद्ध धर्म में वैचारिक स्वतंत्रता के मिसाल के रूप में दर्शा सकते हैं। यद्यपि, पारमिताओं के संबंध में अंतरभूत दार्शनिक समझ के मामले में हमारी असमर्थता है। इस पक्ष पर विशेष कुछ नहीं कहा जा सकता।

बुद्ध के कौन से विचार ऐसे थे जिनसे आंबेडकर प्रभावित हो के दलितों का मार्ग दर्शन कर रहे थे? कि बौद्ध धर्म एक बेहतर धर्म है। आंबेडकर ने सामाजिक समरसता के संबंध में या जाति उच्छेदवाद के संबंध में विशेष तौर से तीन सूत्रों का सहारा लिया है-

1. "अस्वलायनसूत्र"[21]
2. "ऐसुकारीसूत्र," [22]मज्झिम निकाय से
3. "अज्ञिय भारद्वाज सूत्र," [23]दिघनिकाय से उद्धरित किया है।

इन तीनों सूत्रों में बुद्ध जातीय अथवा वर्ण श्रेष्ठता को अस्वीकार करते हैं। उन्होंने जन्म पर आधारित श्रेष्ठता के बजाय कर्म पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को स्वीकार किया है। कुछ इतिहासकार यह मानते हैं कि बुद्ध ने कहीं भी जातीय तथा लैंगिक बदलाव की बात नहीं की है। इसके संबंध में आंबेडकर का मानना है। सामानता, स्वतंत्रता तथा सहानुभूति बौद्ध धर्म के अभिन्न अंग है। अतः इनके माध्यम से सामाजिक बदलाव किया जा सकता है I

निष्कर्ष

आंबेडकर ने मार्क्सवादी दृष्टिकोणों के विपरीत धर्म के माध्यम से वर्ग-संघर्ष तथा वर्ग गठजोड़ को जारी रखना चाहा था। आंबेडकर के सिद्धांत सुधारों के संबंध में केवल सामाजिक एवं आर्थिक नहीं है, बल्कि राजनीतिक तथा मनोवैज्ञानिक भी है। इसलिए आंबेडकर के व्यक्तित्व को बौद्ध धर्म की किसी विशेष शाखा के साथ लाक्षणिक दृष्टि से जोड़ कर देखना संभव नहीं है। उन्होंने प्रायः बौद्ध धर्म के सामान्य नियमों का प्रतिपादन किया है। उनके धार्मिक स्पष्टिकरण का अधिकांश हिस्सा उनके अनुभव व तर्क पर आधारित है। उनके धर्मांतरण की नीति का दलित वर्ग पर राजनीतिक व आर्थिक प्रभाव पड़ा है। जबकि वे सामाजिक परिवर्तन को प्राथमिकता देते

थे। उन्होंने अपनी भाषा में स्वीकार किया है, 'जब किसी धर्म का संरक्षक, प्रचारक तथा अनुयायी नहीं होता है तब धर्म का बुरा दौर होता है। यद्यपि यह विचार आंबेडकर ने मिलिन्द प्रश्न' से लिया है। इसमें मिलिन्द नागसेन से पूछता है कि, 'धर्मग्लानि क्या है? इसके जबाव में नागसेन ने उपरोक्त व्यक्तव्य दिया था। जहाँ तक हमने समझा है। नये वर्ग का उभार और उसका गठजोड़ संख्यात्मक शक्ति का विषय है। यह कुशल नेतृत्व के अभाव में संभव नहीं है। बौद्ध धर्म ऐसी मुश्किलों से गुजर रहा है। संविधान में आरक्षण का प्रावधान यदि सही समय पर लागू होता। तो सबसे पहले सामाजिक परिवर्तन होता। प्राथमिक रूप में आरक्षण के अतंर्गत अल्पसंख्यकों को नहीं शामिल किया गया था। कालांतर में बढ़ते राजनीतिक दबाव के कारण अल्पसंख्यकों को आरक्षण के दायरे में लाया गया। शुरुआती दौर में इसके अंतर्गत इस्लाम तथा इसाई धर्म के अनुयायियों को रखा गया। बाद में बौद्धों तथा जैनों को भी अल्प संख्यक के दायरे में लाया गया। जो कि शुरूआती संविधानिक प्रावधान में हिन्दुओं के साथ रखा गया था। यह आंबेडकर की धार्मिक चेतना के साथ नये वर्ग के उभार के संबंध में विरोधाभासी राजनैतिक नीति थी।

1. डॉ ई ओवरमिलर, (अनु), हिस्ट्री ऑफ बुद्धिस्म, (हईडनबर्ग, जर्मनी, 1931), पृ. 8-10.
2. डी डी कोशांबी, एन इंट्रोडक्शन टू द स्टडी ऑफ इण्डियन हिस्ट्री, (पापूलर प्रकाशन,बांबे, 1956), पृ. 144-183.
3. हरमन हेस्से, सिद्धार्थ एन इंडियन टेल, (ई बुक, 1971), पृष्ठ 8।
4. डॉ बी आर कॉम, बुद्ध एंड हिज धम्मा, (सिद्धार्थ बुक डिपो, दिल्ली, 2006), पी.60-68.
5. दास गुप्ता, अ हिस्ट्री ऑफ इण्डियन फिलास्फी, (कैंब्रिज, लदंन, 1922), पृ.6.
6. वहीं, अंबेडकर, बुद्ध एण्ड हिज धम्म, पृ 70-75.
7. अंबेडकर, धर्मांतरण क्यों ? (गौतम बुक सेंटर, दिल्ली, 2010), पृ. 20-40.
8. सब्यसाची भट्टाचार्य, बुद्ध फॉर यंग, (एन बी टी, दिल्ली, 2001), पृ 1-10.
9. वही, पृ.115.
10. स्वपन कुमार बिस्वास, बौद्ध धर्म, मोहनजोदड़ो हड़प्पा नगरों का धर्म, (ओरीयन बुक्स, कलकता, 1999), पृ. 338-383.
11. वही, पृ. 172-204.
12. वही, अंबेडकर, बुद्ध एंड हिज धम्मा, पृ.88.
13. डॉ. अंगने लाल, बौद्ध संस्कृति के विविध आयाम, (उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ, 2008), पृ. 1-38.
14. वही, स्वपन बिस्वास, बौद्ध-मोहनजोदड़ो हडप्पा नगरी का धर्म, पृ.55.
15. वलेरीयन रोडरीगज, ओरीजन एण्ड डवलपमेंट ऑफ द डिस्कोर्स इन मॉडर्न इण्डिय, (संदीपा बुक शॉप, श्री लंका, 1977), पृ.10.
16. वही, पृ.15
17. वही, स्वपन बिस्वास, बौद्ध धर्म, मोहन जोदड़ो हड़प्पा नगरी का धर्म, पृ.70.
18. रीचर्ड एफ. गोम्वरीच, थेरवादा बुद्धिस्म अ सोशल हिस्ट्री फ्रॉम एन्शीयंट बनारस टू गॉडर्न कोलम्बों, (राउटलेज, लंदन, 2006), पृ. 119-136
19. थ. स्त्रावास्की, बौद्धिसत्व, (मोती लाल बनारसी दास, दिल्ली, 1992), पृ. 29-32.
20. वही, पृ.40.
21. एडवर्ड कोन्जे, (अनु), द लार्ज सूत्रा ऑफ परफेक्ट विजडम, (कैलिफोर्निया, प्रेस, एल ए. 1984), पृ.37.
22. भीखू ननमोलि और भिखू बौद्धी, (अनु), द मिडल लेंथ डिस्कोर्स ऑफ दी बुद्धा, (बौद्ध पब्लिकेशन सोसाइटी, केंडी, श्रीलंका, 1995), पृ.786।
23. स्टीवन कॉलिन्स, अगंय सुत्त, (ऑनलाईन, पृ. 15

संदर्भ ग्रंथ सूची

प्राथमिक स्रोत

1. अम्बेडकर भीमराव, पत्र-संग्रह, (गौतम बुक सेंटर, दिल्ली, 1995).
2 कोन्जे ऐडवर्ड, (अनु.), द लार्ज ऑफ प्रफेक्ट विजडम, (कैलिफॉर्निया प्रैस, एल.ए, 1984)
3. कॉलिन्स स्टीवन, अग्यं सूत्र, (ऑनलाइन, 2018)
4 गांगुली किसारी मोहन, (अनु), द महाभारत, (इ. लाइब्रेरी, 2003)
5 गांधी एम. के. (अनु.), अनाशक्ति योग, (श्रीमदभागवत गीता) (नवजीवन ट्रस्ट, अहमदाबाद, 2014)
6. तुलसीदास गोस्वामी, रामचरितमानस, अयोध्या कांड, (गीताप्रैस, गोरखपुर, 2007)
7. ग्रीफिथ रॉल्फ टी.एच., रामायन ऑफ वाल्मिकी, (ट्रूबनर एण्ड कम्पनी, लंदन, 1870)
8. जोशी के.एल., अग्निपरन, (डायमंड बुक्स, दिल्ली, 2004)
9. टॉल्सटॉय, वॉर एण्ड पीस, (बुक वन, 1805)
10. डन जॉन, (अनु.) हिन्द स्वराज, (कैम्बीज यूनिवर्सिटी प्रैस, दिल्ली, 1997),

11 थेरो वेरागडा सारदा, धम्मपद, (बौद्ध धर्म एजूकेशन ऐसोसियेशन, थाइवान, 2007)

12. पाण्डे उमेश चन्द्र, गौतम धर्मसूत्र, (चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी)

13. फैड्रीक पॉल, (अनु.) द गीता, (सनी प्रेस, न्यूयोर्क, 2003)

14. बैबिट सी. ऐलन, जातक का टेल्स, (द सेंचूरी कं. न्यूयोर्क, 1912)

15. बूलर जॉर्ज, (अनु.) द लॉज ऑफ मनु, (एशियाटिक सोसाईटी ऑफ बंगाल, 1895)

16. बौद्ध भिक्षु और भिक्षु नान मौली, द मिडलैंग्थ डिस्कोर्स, ऑफ़ दी बुद्धा। (बौद्ध प्रकाशन, सोसायटी, कैंडी, इंडिलैण्ड, 1995)

17. रस्किन जॉन, अन टू द लास्ट, (जॉन विलि एंड संस, 1881)

18. बॉस मंदक्रांता, (अनु.), द रमायना रीविसिटेड, (ऑक्सफार्ड यूनिवर्सिटि, प्रेस, 2004)

19. भारत सरकार, जनगणना, 2011, (गृह मंत्रालय, 2011)

20. समस्त्रे आर. (अनु), कॉटिल्य अर्थशास्त्र, (गवर्नमेंट प्रैस, बैंगलोर, 1915)

21. शास्त्री स्वामी द्वारिकादास, सूत्रपिटक (दिघनिकायपाली), (बुद्ध भारती, वाराणसी)

22. शास्त्री स्वामी द्वारिकादास, सद्धर्मलडकावतासूत्रम्, प्रमुख वैपुल्यसूत्रम्, (बुद्ध भारती, वाराणसी, 1996)

23 हैल्सी चार्ल्स, थेरीगाथा पायम्स ऑफ द फर्स्ट बुद्धिस्ट वूमन, (तीन मूर्ति, क्लासिकल लाईब्रेरी, 1913)

द्वितीयक स्रोत

1. अमिन, शाहीद, इवैन्ट मैटाफर चौरी चौरा, (ऑक्सफोर्ड, 1922-1992)

2. अम्बेडकर, बी.आर. हू वर शूद्रास? (ठकर्स बाम्बे, 1949)

3. अम्बेडकर, बी.आर, बुद्ध और उसका धर्म (सिद्धार्थ बुक, दिल्ली, 2006)

4. अम्बेडकर, बी.आर., धर्मांतरण क्यों? (गौतम बुक सेंटर, दिल्ली, 2010)

5. अय्यर, राघवन, द मोरल एंड पोलिटिक्ल थॉट ऑफ महात्मा गांधी, (ऑक्सफार्ड, लंदन, 1973)

महावाक्योपनिषदि प्रतिपादिताद्वैतवेदान्तविचार:

प्रस्तोता- विभाकर कुमार दीक्षित:
शोधच्छात्र:- दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
शोधनिर्देशक:- प्रो. दयाशंकर तिवारी
संस्कृतविभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

प्रस्तावना

तरौ मधुकोशं परितः मधुमक्षिकाः इव मनुष्याः विषयासक्ताः। अवलिप्तविषयाश्च मनुष्याः इममेव लोकम् उत्कृष्टं मन्यमानाः, परलोकं च अमन्यमानाः परमपुरुषार्थात् विहन्यन्ते। उक्तं च- "अयं लोके नास्ति पर इति मानीपुनः पुनर्वशमापद्यते मे"[1] इति किन्तु परमकारुणिका भगवती श्रुतिःजगतस्थितिकारणं परिपिपालयिषुः प्राणिनां अनेकजन्ममृत्युजराबन्धादिभ्यः निवृत्तिकामा परमपुरुषार्थप्रयुक्तेतरत्रिपुरुषार्थसाधिका प्रवर्तते लोके। तामेव श्रुतिमादाय सर्वाणि सांख्ययोगादीनि आस्तिकानि वेदप्रामाण्याभ्युपगन्तृणि दर्शनानि मनुष्यबुद्धिसहजानि ऋषिभिः प्रणीतानि। यद्यपि एतानि भिन्नभिन्नोपायप्रदर्शकानि किन्तु लक्ष्यैकमात्रबोधकानि। यथा "तत्वज्ञानान्निश्रेयसाधिगमः"[2] इति सूत्रेण तत्वज्ञानात् मोक्षसिद्धिः इत्यभाणि महर्षिभिः गौतमैः। "व्यक्ताव्यक्तज्ञविज्ञानात्"[3] इति सांख्याः, एवमेव अन्यैरपि दार्शनिकैः ज्ञानदेव मोक्षः इति आख्यायि। किन्तु यदा ज्ञानप्राप्तसाधनविचारः आयाति तदा योगदर्शनं दर्शनामस्तकर्माधिरोहति।

न च यावता चित्तैकाग्र्यं सिद्ध्यति तावता ज्ञानसंभवः। स च तत्वविषयको वा ब्रह्मविषयको वा स योगादेवेति नास्ति संन्देहलेशोऽपि। ज्ञानादेव कैवल्यमिति ब्रुवतां ज्ञानकैवल्ययोर्मध्ये साध्यसाधनभावः उच्यते किन्तु वेदान्तदर्शने ज्ञानमेवमोक्षः ब्रह्मणः ज्ञानस्वरूपत्वात्, ज्ञानस्वरूपस्यैव मोक्षत्वात्। अतः एव ज्ञानप्राप्तौ यानि शास्त्राणि प्रवर्तन्ते तानि साधनशास्त्राणि वेदान्तस्तु साध्यशास्त्रम्। साध्यसाधनयोश्च तादाम्यात् योगवेदान्तयोः अस्ति साध्यसाधनरूपः सम्बन्धः इति अमुमेवांशं बोधयन्ति विंशत्यधिकाः योगान्तर्गताः योगशिखोपनिषदाद्याः। इदमेव भारतीयदर्शनानां सौन्दर्यम्। अधुना सङ्कल्पितो विषयः महावाक्योपनिषदि – अद्वैतवेदान्तविमर्शः इति। शोधपत्रेऽस्मिन् योगोपनिषदि विद्यमानान् वेदान्तोपयुक्तान् साधनविशेषान् प्रमेयान् च संगृह्य प्रसिद्धवेदान्तप्रस्थानत्रयेण तुलना समीक्षा च विधीयते यथा च द्वयोः दर्शनयोः वैमनस्यं च न स्यात् तथा यत्नो विधीयते। वैमस्यप्राप्तौ तु "एतेन योगः प्रत्युक्तः" [4]इति वैय्यासिकं सूत्रम् मनसि निधाय आक्षिप्यते जनैः, स च विचारः अन्यः, साधनविचारश्च अन्यः इति इति वैमनस्य हेतुं पृथक्कृत्य साधनविचारमात्रे सौमनस्यसाधनार्थं प्रवर्तते शोधलेखः।

महावाक्योपनिषद: परिचय: स्वरूपञ्च

महावाक्योपनिषद् अथर्ववदीया अस्ति। अस्यामुपनिषदि द्वादशमन्त्राः सन्ति द्वादशमन्त्रैश्च कथं प्रजापतिः ब्रह्मा देवानां सम्मुखे रहस्यविद्यां प्रकटीचकार इति अस्य विस्तृतं वरणं कृतं वर्तते। महावाक्यं नाम किमिति जिज्ञासायाम्- यत्र अल्पैः अक्षरैः महत्त्वं प्रतिपाद्यते अथवा उपनिषदां मुख्यप्रयोजनभूतं जीवब्रह्मणोः ऐक्यं येन वाक्येन बोद्ध्यते तद् वाक्यं महावाक्यमिति कथ्यते। यद्यपि अस्मिन् संस्कृतवाङ्मये चत्वारि महावाक्यानि प्रसिद्धानि वर्तन्ते किन्तु तानि महावाक्यानि केवलं प्रत्येकमपि वेदस्य उपलक्षणानि एव सन्ति। अतः भारतीयसंस्कृतवाङ्मये न केवलं चत्वारि एव महावाक्यानि किन्तु अनेकान वाक्यानि वर्तन्ते, इत्येव विज्ञातव्यम् अतः यदा उपनिषदामध्ययनं क्रियते तदानीं तत् तत् उपनिषदः प्रमेयम् अल्पैः अक्षरैः प्रतिपाद्यते तत्सर्वमपि महावाक्यमिति वक्तुं शक्यते। अल्पाक्षरयुतानां गूढतत्त्वप्रतिपादकवाक्यानां महावाक्यसंज्ञा वर्तते। तद्वदेव महावाक्योपनिषद्यपि द्वादशमन्त्रैः समग्रं व्याख्यानं समग्रोपनिषदां सारः प्रतिपादितः अस्ति इति कृत्वा एषा महावाक्योपनिषदिति कथ्यते। अस्यां महावाक्योपनिषदि अपरोक्षानुभवोपदेशाधिकारी, विद्याविद्ययोः स्वरूपं तत्कार्यं तथा च तत्त्वज्ञानस्य वृत्तिरूपत्वं कथं भवितमर्हति इत्यादि अनेके विषयाः प्रतिपादिताः सन्ति। एषा च उपनिषद् अत्यन्तं च गोपनीया, ये केवलं कठिनपरिश्रमेण अधिकारित्वं सम्पादयन्ति ते एव अस्यामुपनिषदि अधिकारिणः भवितुमर्हन्ति। अत्र प्रतिपाद्यमानः यः ब्रह्मविषयकः अपरोक्षानुभवः वर्तते, तस्य उपदेशः वेदान्ताधिकारिस्वरूपं यथा अन्येषु वेदान्तग्रन्थेषु वेदान्तसारेषु निर्णीतमस्ति तादृशाय अधिकारिणे एव प्रदेयमिति अत्र निरूपितमस्ति। यतोहि अत्र प्रतिपाद्यमाना या विद्या हंसविद्या परमात्मविद्या च तत् सामान्यजनैः अवगन्तुं न शक्यते इति कृत्वा अधिकारादि स्वरूपं च अत्र चिन्तितं वर्तते। अस्याश्च उपनिषदः प्रत्येकमपि वाक्यं महावाक्यं वर्तते। अतः आदौ एव मन्त्रारम्भे एव उपनिषदः आरम्भः अस्ति- **अथ हो वाच भगवान्ब्रह्माऽपरोक्षानुभवपरोपनिषदं व्याख्यास्याम: इति।** अत्रापि ब्रह्मणः देवं प्रति यः उपदेशः उपदेशमाध्यमेन ब्रह्मणः तत्वप्रतिपादननिरूपणप्रकारः वर्तते स सर्वोऽपि उपनिषदामन्त्यन्तमपि गूढतमं तत्त्वं सारल्येन कथमवगन्तुं शक्यते इति निमित्तिकृत्य आख्यायिकायाः आख्यायिकया गूढतमा विद्या प्रतिपाद्यते। अतः अत्रापि अन्योपनिषद्वत् आख्यायिकाविद्या स्तुत्यर्था वर्तते, परं तत्वं मुख्यप्रतिपाद्यमस्ति। अत्र उपनिषत्सु उपलभ्यमानानां तत्त्वानां कथं वेदान्तेन सह सम्बन्धः भवितुमर्हति इति अग्रे मीमांसा करिष्यते।

प्रतिपाद्यविषयाः

एषा उपनिषत् अथर्ववेदस्था इति आहुः साम्प्रदायिकाः। किन्तु क्वापि वेदप्रामाण्येन अनुपलब्धेः योगोपनिषदां न अपौरुषेयत्वमित्यपि केचित् आहुः। किन्तु इह प्रामाण्याप्रामाण्यविचारो नैव प्रस्तूयते। यथासंप्रदायं टीकाकृद्भिः अस्याः उपनिषदः कृष्णयजुर्वेदे प्रविभागो दर्शितः इत्यतः तस्था इत्येव मन्तव्यम्। अस्याञ्च उपनिषदि स्वात्मव्यतिरेकेण अनुभूयमानस्य प्रपञ्चस्य ब्रह्मावबोधानन्तरं ब्रह्ममात्रत्वमेव भविष्यति इति अशेषं जीवब्रह्मयोरैक्यं बोध्यते। न तावत् महावाक्योपनिषत् इति नामश्रवणमात्रेण तत्त्वमस्यादि प्रसिद्धवाक्यानां विचारो विधीयते इति मन्तव्यम्।

सम्प्रदाये महावाक्यं नाम यैः वाक्यैः जीवब्रह्मणोः ऐक्यं प्रतिपाद्यते तत् वाक्यं महावाक्यसंज्ञा लभते। अतश्च जीवेश्वरयोः अभेदः एव अस्याः उपनिषदः विषयो वरीवर्ति।

को नाम अपरोक्षानुभवे अधिकारी इति जिज्ञासायाम् उच्यते-

"अथ होवाच भगवन् ब्रह्माऽपरोक्षानुभवपरोपनिषदम् व्याख्यास्यामः"।

"गुह्याद्गुह्यतरमेषा न प्राकृतामोपदेष्टव्यासात्विकामान्तमुखाय परिशुश्रूषते" ॥[5]

अत्र च मन्त्रे कीदृशाय शिष्याय अधिकारिणे वा ब्रह्मरूप- अपरोक्षानुभवस्य उपदेशः करणीयः इत्युच्यते। प्रकृते च ब्रह्मा एव उत्तमाधिकारिणं संप्राप्य स्वानुभवं प्रकटयति। तत्र तावत् ब्रह्मणः स्वानुभवप्रतिपादको भवति प्रथमः मन्त्रः। अयमेव हि विषयः कठोपनिषदि प्रतिपाद्यते मुण्डकोपनिषदि च। तत्र नचिकेतसं प्रति प्रह्मविद्यायाः स्तुतिं कुर्वन् यमो ब्रवीति "श्रवणायादि बहुभिर्नलभ्यः"[6]। इत्यस्मिन् मन्त्रे-"आश्चर्यो वक्ता कुशलोस्य लब्धा आश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः"[7]। इति अत्र यः वक्ता स च अनुभवपूर्वकारी इति भवेत्।अनुभवहीनेन आचार्येण अपरोक्षानुभवोपदेशः न कथञ्चित् उपदेष्टुं शक्यते इत्युच्यते। मुण्डकोपनिषदि उपदेष्टुः कौशल्यं ब्रह्मवित्त्वं च सूचयति श्रुतिः।"स गुरुमेवाभिगच्छेत् श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्"[8] इत्यादि। इत्थं च समग्रे वेदान्तशास्त्रे सर्वत्रापि अयमेव उपदेशः भवति यत् केनचित् ब्रह्मविदा आचार्येण एव एतस्योपदेशः करणीयः इति॥

द्वितीये च मन्त्रे वक्ष्यमाणायाः उपनिषदः रहस्यार्थतत्त्वम् उपदिश्यते, अर्थात् न अयं अपरोक्षानुभवोपदेशः सर्वेभ्यः देयः इति। तदेव उक्तं महावाक्योपनिषदि "गुह्यात् गुह्यतरमेषा"[9] इति। इममेवांशं भगवान् वासुदेवः मोक्षसंन्यासयोगाख्ये श्रीमद्भगवद्गीतायाः अष्टादशे अध्याये आह- "इति ते ज्ञानमाख्यातं गुह्याद् गुह्यतरं मया"[10] इति। अर्थात् इहापि स्मृतिप्रस्थाने साक्षात् वासुदेवेन मत् ज्ञानं निरदेशि तस्य च गुह्यत्वं स्वयमेव ब्रवीति। न केवलं गीतायां किन्तु ब्रह्मविद्योपनिषदि अपि, "गुह्याद् गुह्यतरं गोप्यं ग्रहणीयं प्रयत्नतः"[11] इत्येवं प्रयत्नतः उपदिश्यते। इत्थं च अस्याः विद्यायाः अस्य शास्त्रस्य वा यत्र क्वापि वा गोपनीयत्वविषयतां पश्यामः, अनेकाः तत्र श्रुतयः अनेकाः तत्र स्मृतयश्च प्राप्यन्ते।

कस्मै प्रदेयं कस्मै न प्रदेयमिति जिज्ञासायां पूर्वं अप्रदेयता सूच्यते प्राकृताय न देयम् इति। अथ को नाम प्राकृतः इति जिज्ञासायामुच्यते प्राकृतो नाम अत्र यथौक्तसाधनविकलः इत्यर्थः। यथोक्तसाधनविकलाय इदं गुह्यं अपरोक्षानुभवं न ब्रूयात्। तर्हि कीदृशाय शिष्याय इयं विद्या प्रदेया तत्प्रति उच्यते "सात्त्विकाय अन्तर्मुखाय परिशुश्रूशवे"[12] इति। केवलसत्त्ववृत्तिमत्प्रयङ्मुखाय अथ च स्वाचार्यशुश्रूषादिसाधनसम्पन्नाय ब्रह्मविद्या उपदेष्टव्या। अयमर्थश्च साक्षात् उपदिश्यते मुण्डकश्रुत्या- "तस्मै स विद्वान् उपसन्नाय सम्यक्प्रशान्तचित्ताय शमान्विताय"[13] इति।

इत्थं च अनेकासु उपनिषत्सु अधिकारिणः लक्षणानि उक्तानि सन्ति। यद्यपि शब्देषु भेदः स्यान्नाम तथापि अर्थस्तु समानः एव भविष्यति। इत्थं च प्रथमे द्वितीये च मन्त्रे अपरोक्षानुभवस्य गोपनीयत्वम्, ब्रह्मणः स्वानुभवत्वम्, अनधिकारित्वम्, अधिकारित्वञ्च। एवमेव महावाक्योपनिषन्नामिकायां योगोपनिषदि विद्याविद्ययोः स्वरूपं कार्यं च। हंसविद्याभ्यासेन परमात्मविभविः तत्त्वज्ञानस्य वृत्तिस्वरूपत्वम्, प्रणवहंसज्योतिध्यानं, हंसज्योतिविद्याफलम् इत्यादयः अनेके विषयाः तत्र प्रतिपादिताः सन्ति। शोधपत्रस्य लघुस्वरूपत्वात् संक्षेपतः कथमस्यामुपनिषदि अद्वैतवेदान्तविचारः कर्तुं शक्यते इति प्रदर्शितमस्ति। यथा च अन्यासामुपनिषदां स्वरूपं भवति तथैव अस्याः अपि उपनिषदः अस्ति॥ आदौ अधिकारचिन्ता मध्ये च विषयवर्णनम् अन्ते वर्णितविषयविज्ञानस्य फलमिति अस्ति स्थितिः। इत्थं च संक्षेपतः महावाक्योपनिषदि अद्वैतवेदान्तविचारः प्रस्तुतः।

तच्च ब्रह्म शास्त्रेणैव अवगन्तुं शक्यते नान्यथा अत एव शास्त्रेषु ब्रह्मणः शास्त्रैकगम्यत्वरूपः सिद्धन्तः प्रसिध्यति। तद्यथा- अयं विचारः **"शास्त्र्योनित्वात्"[14]** इत्यधिकरणे द्वितीयवर्णके पुनः भगवद्गीतायाम् "अनाशिनोप्रमेयस्य"[15] इति अप्रमेय इति पदस्य विवरणकाले कृतः। शास्त्रमिह वेदः स्वीकार्यः। अतः शास्त्रम् ऋग्वेदादि योनिः कारणं प्रमाणमस्य ब्रह्मणः यथावत्स्वरूपाधिगमे इत्यर्थः उक्तः भाष्ये। शास्त्रं **"यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, येन जातानि जीवन्ति,"[16] यत्प्रयन्त्यभिसंविशन्ति"** इत्यादि वेदवाक्येन ब्रह्मणः जगज्जन्मादिहेतुत्वं प्रस्तूयते। तादृशं ब्रह्म अहमिति **अहं ब्रह्मास्मि [17]** इत्यादि शास्त्रेण आत्माभेदे प्रतिपादिते प्रमाणप्रमेयव्यवहारस्य आत्मज्ञानेन बाधात्, प्रमाणप्रमेयव्यवहाराः न सम्भवन्ति। अप्रमेयस्य आत्मनः कथं आगमेन परिच्छेदः इति चेत् **"तं त्वौपनिषदं पुरुषं पृच्छामि"** इति श्रुत्या ब्रह्मणः शास्त्रैकगम्यत्वं प्रतिपाद्यते इति वदामः।

शास्त्रं त्विह अन्त्यं प्रमाणम्। कथमिति चेत् उच्यते। लोके तावत् अहं मनुष्यः, अहं स्थूलः इत्यादि प्रत्ययैः आत्मा अतद्धर्मविशिष्टः भाति। तद्विषये शास्त्रं शास्ति "**अस्थूलम् अनणु**" इत्यादि यथार्थप्रत्ययान्। अतः शास्त्रं स्वभावतः सिद्धः यः प्रपञ्चाभावः तदुपदेशेन स्थूलादिप्रत्ययान् अयथार्थान् निवर्तयति केवलम्। तेन द्वारेण हि शस्त्रस्य प्रमाण्यम्। न तु अयं घटः इति इदंतया ब्रह्म बोधयति शास्त्रम् तदुक्तं भाष्ये – **न शास्त्रम् इदंतया विषयभूतं ब्रह्म प्रतिपिपादयिषति ; किं तर्हि ? प्रत्यगात्मत्वेन अविषयतया प्रतिपादयत् अविद्याकल्पितं वेद्यवेदितृवेदनादिभेदम् अपनयति। तथा च शास्त्रं – "यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद सः" "न दृष्टेः द्रष्टारं पश्येः"** इत्यादि [18]।

एतद्विज्ञानेन किं फलमिति जिज्ञासायामुच्यते महावाक्योपनिषदि एव "श्रीमहाविष्णुसायुज्यमवाप्नोतीत्युपनिषत्" इति। विदिततरमेव भवति सकलशास्त्रविजिज्ञासुभिः यत् सर्वेषामेव शास्त्राणां फलं मोक्षप्राप्तिरिति तदेवेह संकीर्त्यते। तत्र विष्णुशब्दस्य व्याप्त्यर्थकधातोः निष्पन्नत्वात् व्यातिमद्ब्रह्मैव गीयते इति अद्वैतिनः। तत्सायुज्यप्राप्त्यभावात् तत् तत्वमेवाप्नोति इति मन्तव्यम्। यदि तु प्राप्तिः चिन्त्यते तर्हि तदुपासनाफलमिति मन्तव्यम् इति दिक्।

उपसंहारः

आदौ यत्प्रतिज्ञातं यत् महावाक्योपनिषदि अद्वैतवेदान्त विमर्शः इति अत्रैतावता विस्तरेण जगत्स्वरूपं, गुरूपसदनं, प्रयोजनं च व्याख्यातम् तथा महावाक्योपनिषदि परिपठितानाम् सिद्धान्तानां वेदन्तेन समन्वयं विधाय तेषां च वेदान्तदिशाप्रामाणिकतां च न्यरूपि तथा च वेदान्तवासनावासितत्वात् उपनिषदां योगमार्गबोधकत्वेपि आरात् ब्रह्मज्ञानं प्रति उपकारकत्वं भवत्योव। अत्र शोधप्रबन्धे योगोपनिषदि अद्वैतवेदान्तविचाराख्ये संङ्क्षेपेण सूक्ष्मतया अध्ययनं विधाय तेषां वेदान्तप्रमाणपूर्विका चर्चा करिष्यते। इहोपन्यस्तन्यतिरेकेण अस्यामुपनिषदि मुक्तिमार्गस्य दुर्लभत्वम् ब्रह्मणः शास्त्रैकगम्यत्वम् ब्रह्मण जीवभावः ज्ञानयोगाभ्याम् दोषविनाशः जानस्वरूपं तत्फलम् अहं भावश्च सर्वानर्थमूलकत्वमित्यादि -अनेक योग वेदान्त समानाः विचाराः उपन्यस्ता। ते च यथा प्रतिभानं भाष्यादिग्रन्थसाहाय्येन व्याचक्ष्महे। येन च सिद्ध्येत अस्य शोधप्रबन्धस्य द्वयोः दर्शनयोः साम्यवैषम्यविवेकरूपं प्रयोदनम् इति शम्।

सन्दर्भग्रन्थसूची

1.योगशिखोपनिषत्, अड्यारसंस्कृतपुस्तकलय, 1983.

2.अष्टोत्तरशतोपनिषदः, गीताप्रेस, गोरखपुर, 2000.

3.कठोपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, 2005.

4.मुण्डकोपनिषद् गीताप्रेस, गोरखपुर, 2000.

5.तैत्तिरीयोपनिषद्, स्वामिचिन्मयानन्दा, चिन्मयप्राकशन्, 2011.

6.ब्रह्मसूत्रशांकरभाष्यम्, आचार्यजगदीशशास्त्रिणा, मोतीलाल बनारसीदास, वाराणसी, 2018.

7.गीताभयाष्यम्, गीताप्रेस, गोरखपुर, 2021.

8.योगसूत्रम्, स्वामी विवेकानन्दः, लिटरसीहौस्, 2019.

9.भारतीयदर्शनम्, चन्द्रधरशर्मा, मोतीलाल बनारसीदास,दिल्ली, 2005.

10.वेदान्तपरिभाषा, धर्मराजाध्वरीन्द्र, चौखम्बा सीरीज, 2005

11.वेदान्तसारः, सदानन्दः, परिमल्पब्लिकेषन्स्, 2005

12. भारतीय दार्शनीक निबन्ध, डाँ. डी.डी. बन्दिष्टे, डाँ. रमाशंकर शर्मा, 2008

13. पातञ्जलयोगदर्शनम्, आचार्य भवानी शंकर, जगदीश संस्कृत पुस्तकालय,20

1. कठोपनिषद् १.२.६
2. न्यायसूत्रम् १.१
3. सांख्यकारिका २
4. ब्रह्मसूत्रम् २.१.३
5. योगोपनिषत् म.वा. १,२
6. कठोपनिषद् १-२-७
7. कठोपनिषद् १-२-७
8. मुण्डकोपिनिषत् १-२-१२
9. महावाक्योपनिषद १-२
10. भगवद्गीता १८-६३
11. ब्रह्मविद्योपनिषत् ८
12. महावाक्योपनिषद १-२
13. मुण्डकोपिनिषत् १-२-१२
14. ब्र सू ३
15. भ गी २/१८
16. तै उ-३/१
17. बृ०उ-१/४/१०
18. ब्र सू १/१/४
19. महावाक्योपनिषद १-१२

भारतेन्दु का अनुवाद सिद्धांत

-डॉ. अभिषेक कुमार पटेल
सहायक प्राध्यापक
शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय ,
गुण्डरदेही,जिला बालोद, छत्तीसगढ़पिन कोड 491223
मोबाईल नंबर 7869668874
ईमेल patelabhishek84@gmail.com

नाट्यानुवाद - नाटकों को मूलतः मंच पर प्रस्तुत करने के उद्देश्य से लिखा जाता है और नाट्यानुवाद का भी यही उद्देश्य है। अतः लेखकों को अपने-अपने माध्यम या अपनी विधा की विशेष जानकारी होना जरूरी हो जाता है। नाट्यानुवादक के सामने उपस्थित कठिनाईयाँ बहुमुखी और विकट हैं। दो भाषाओं के पूर्ण ज्ञान के साथ रंगमंचीय जानकारी भी अनिवार्य है। अगर नाटक को प्रस्तुति योग्य बनाना है तो उसमें कुछ न कुछ काटना, बदलना या बढ़ाने का निर्णय अनुवादक को स्वयं लेना पड़ता है।

मंचीय अनुवाद अभिनय, रस एवं प्रभाव को दृष्टि में रखकर एक तरह का अनुसृजन है। वास्तव में नाटकानुवाद में नाटक के संपूर्ण परिवेश को, अपने दृश्यत्व एवं काव्यत्व को एक सासथ लक्ष्य भाषा में उतारना चाहिए। आजकल के बहुत से नाटकों का अनुवाद सिर्फ अनुवाद मात्र है। यही कारण होगा कि विद्वानों ने पठनीय एवं मंचीय नाटकों की चर्च की है। पाठ्यानुवाद से तात्पर्य है कि टेक्स्ट का ज्यों का त्यों, उसी लक्ष्य भाषा में अनुवाद करना। लेकिन हमें यह सोचना चाहिए कि पठनीय नामक कोई नाटक नहीं है। आजकल 'नाटकानुवाद' से बहुत से लोगों का तात्पर्य इसी पठनीय नाटक से है।

नाटक श्रव्य और दृश्य काव्य के अन्तर्गत आता है। इसलिए एक भाषा के नाटक का दूसरी भाषा में अनुवाद करना आसान नहीं होता है। रंगमंच के अनुकूल बनने पर ही नाट्यानुवाद सफल हो पाता है। अनुवादक को अभिनेयता तथा रंगमंच का समुचित ज्ञान आवश्यक है। इसके अभाव में अनुवाद अस्पष्ट एवं अपूर्ण होगा। नाटक में संवाद योजना का विशेष महत्व है। अतः उत्तम संवाद में संक्षिप्तता मार्मिकता, प्रवाहमयता, गतिशीलता, पात्रानुकूलता तथा नाटकीयता जैसा गुण अनिवार्य हैं। नाट्यानुवाद की भाषा सरल, ध्वांन्यात्मक, व्यंग्यात्मक और नाटकीय होती हो, इसका बराबर ध्यान रखना चाहिए। राजेन्द्र यादव, चेखव के नाटकों का तथा लक्ष्मीनारायण मिश्रा ने इब्सन के नाटकों का सफल अनुवाद किया है। नाटक में रसानुभूति सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। देश-काल-वातावरण, संस्कृति-सभ्यता को भी देखना चाहिए। इनकी मूलवत प्रस्तुति होनी चाहिए। 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' के कुछ अनुवादों में ऐसा नहीं है। दुष्यंत, शकुन्तला फिल्मी नायक, नायिका से हो गए हैं। अनुवादक को भाषाओं का अच्छा ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। रंग-परंपराओं की सम्पूर्ण पहचान और मूल नाटक से जुड़ी रंग परम्परा की विशिष्ट पहचान भी होनी चाहिए।

युगद्रष्टा भारतेन्दु हरिश्चन्द्र देश ओर समाज की उन्नति के लिए हिन्दी की उन्नति आवश्यक समझते थे। इसके लिए वे विभिन्न भाषाओं के श्रेष्ठ ग्रंथों को भी हिन्दी में अनूदित करने के पक्ष में थे। उनकी राय है कि "यदि 'अल्हा विरह' अंग्रेजी में अनूदित हो सकता है तो अंग्रेजी की पुस्तकों को हिन्दी में अनुवाद करके अपनी भाषा को समृद्ध क्यों नहीं किया जा सकता ?"[1]

"आल्हा विरह की नयी अंग्रेजी अनुवाद। यह लखि लाज न आई तु महि न होय विखाद।"[2] भारतेन्दु सभी भाषाओं के श्रेष्ठ ग्रंथों की हिन्दी में अनुवाद के लिए आदेश देते हुए कहते हैं -"अंग्रेजी उर्दू, फारसी, अरबी संस्कृत ढेर। खुले खजाने निहिं क्यों जूटत लावहु देर ॥ सबको सार निकाल के पुस्तक रचहु बनाई। छोटी बड़ी अरेक विधा विविध विषय की लाई।"3

अनुवाद के संबंध में भी भारतेन्दु का एक विशिष्ट दृष्टिकोण था। उनके अनुसार "बिना पूर्व कवि के हृदय से हृदय मिलाये अनुवाद करना शुद्ध झक मारना ही नहीं कवि की लोकोत्तरस्थिति आत्मा को नरक कष्ट देना है। भारतेन्दु एक भाषा से दूसरी भाषा में शब्दाशः अनुवाद किये जाने पर अर्थ का अनर्थ हो जाने की संभावना को स्वीकार करते हैं। इसलिए वह इसी प्रकार के अनुवाद के पक्ष में नहीं थे। उनके अनुसार ग्रंथ के मूल भाव को ज्यों का त्यों ग्रहण करना चाहिए। पर साथ ही अनूदित ग्रंथ पर अपने देश और अपनी भाषा व संस्कृति की मौलिक छाप छोड़ने के पक्षधर भी थे ताकि वह अपनी भाषा के अन्य मौलिक ग्रंथों से अलग-अलग विदेशी ग्रंथ सा प्रतीत न हो और पाठकों को अपनी भाषा के अन्य मौलिक ग्रंथों जैसा ही आनंद हो सके।"4 नाट्यानुवाद भारतेन्दु ने जहां एक तरफ कैसे हो ? इसे न सिर्फ बताया बल्कि 'विद्यासुन्दर', 'मुद्राराक्षस', 'रत्नावली' आदि नाटकों का उत्कृष्ट अनुवाद कर उदाहरण भी प्रस्तुत किया। भारतेन्दु की

अनुवाद दृष्टि को समझने में उनके अनुवाद संबंधी अच्छे एवं बुरे अनुवादों संबंधी विचारों से काफी मदद मिलता है। भारतेन्दु द्वारा लिखित नाटक निबंध से हम अनुवादक के दायित्व तथा बुरे अनुवादों आदि के सम्बंध में विस्तार से प्रकाश डाला गया है। इसमें तत्कालीन अनुवाद-स्तर का परिचय मिलता है तथा शासकीय कृपा पर पलने वाली साहित्यिक वृत्ति पर भारतेन्दु के विचारों को देखा जा सकता है।

''यही दशा बुरे अनुवादों की भी होती है। बिना पूर्व कवि के हृदय से हृदय मिलाए अनुवाद करना शुद्ध झख मारना ही नहीं, कवि का लोकांतर स्थित आत्मा को नरक कष्ट देना है।

इस रत्नावली की दुर्दशा को दो चार उदाहरण यहां दिखलाए जाते हैं। यथा 'तब यह प्रसंग हुआ कि यौगंधरायण प्रसन्न होकर रंगभूमि में आया और बोला: और गान कर कहता है कि अए मदनिक। अब कहिए यह राम कहानी है कि नाटक ? और आनंद सुनिए 'जो आज्ञा रानी जी की ऐसा कर वैसा ही करती है, हा हा हा !!! एक आनंद और सुनिए। नाटकों में कहीं कहीं आता है 'नाट्येनोपविश्य' अर्थात् पात्र बैठने का नाट्य करता है। उसका अनुवाद हुआ है। राजा नाचना हुआ बैइता है। 'नाट्येनोल्लिख्य' की दुर्दशा हुई है ऐसे नाचते हुए लिखती है। ऐसे ही लेखनी को लेकर नाचती हुई निकट बैठकार नाचती हुई। और आनंद सुनिए। 'इति विष्कम्भकः' का अनुवाद हुआ है पीछे विष्कम्भक आया।' अन्य अनुवादकत्ता और अन्य गवर्नमेंट जिसने पढ़ने वालों की बुद्धि का सत्यानाश करने को अनेक द्रव्य का श्राद्ध करके इसको छाया !!! "[5]

गवर्नमेंट की तो कृपादृष्टि चाहिए योग्यायोग्य के विचार की आवश्यकता नहीं। फालेन साह की डिक्शनरी के हेतु आधे लाख रूपये से विशेष व्यय किया गया तो यह कौन बड़ी बात है। ..... भारतेन्दु के उपयुक्त निर्भीक तथा सजग वक्तव्य से उनके सजग, अनुवादक रूप पर प्रकाश तो पड़ता ही है, शासन द्वारा कराए जाने वाले इस प्रकार के कार्यो के सम्बन्ध में चेतावनी भी स्पष्ट है - भले ही शासन विदेशी हो अथवा स्वाधीन देश का अपना।

भारतेन्दु ने पारसी थियेटरों की कुत्सित प्रवृत्ति को अवरूद्ध करने के लिए प्रतिक्रिया स्वरूप स्वस्थ तथा साहित्यिक नाटक लिखना प्रारंभ किया। भारतेन्दु समान भाव से संस्कृत और अंग्रेजी के ज्ञाता थे और संस्कृत की नाट्य रचना का वाह्य आकार लेकर असमें पाश्चात्य नाट्य आदर्शों का समावेश करके प्राचीन संस्कृत पटिपाटी को तत्कालीन आवश्यकताओं के अनुसार परिवर्तन करके उसे युगानुकूल बनाया।

हिन्दी साहित्य को संपन्न और अपनी नाट्यकला को सुस्थिर करने के उद्देश्य से भारतेन्दु ने विभिन्न भाषाओं से नाटकों का अनुवाद करने लगे। संस्कृत, बांग्ला, प्राकृत और अंग्रेजी से विख्यात नाटकों का उन्होंने हिन्दी में अनुवाद किया।

भारतेन्दु के अनूदित नाटक हैं - विद्यासुंदर, रत्नावली नाटिका, पाखंड विडंबन, भारत जननी, धनंजय विजय, मुद्राराक्षस, कर्पूरमंजरी और दुर्लभ बंधु। भारतेन्दु के अनूदित नाटकों के बारे में विद्वानों में मतभेद है। श्री गोपीनाथ तिवारी के अनुसार भारतेन्दु द्वारा अनूदित नाटकों की संख्या दस है - 'प्रवास', 'रत्नावली', 'पाखंड विडंबन', 'धनंजय विजय', 'मुद्राराक्षस', 'कर्पूरमंजरी', 'दुर्लभबंधु', 'भारत जननी', 'विद्यासुंदर', और सत्य हरिश्चन्द्र'। श्री गोपीनाथ तिवारी के उपर्युक्त मन्तव्य से कई विद्वान सहमत नही है। डा० वीरेन्द्र कुमार शुक्ल 'भारत जननी' को मौलिक नाटक मानते हैं लेकिन 'सत्य हरिश्चन्द्र' को रूपान्तरित मानते हैं। लेकिन नये शोधों से स्पष्ट हो गया है कि 'भारत जननी' अनूदित कृति है, 'सत्य हरिश्चन्द्र को अधिकांश विद्वान मौलिक ही मानने के पक्ष में हैं। उन विद्वानों के अनुसार भारतेन्दु के अनूदित नाटक आठ हैं - 'विद्यासुंदर', 'रत्नावली नाटिका', 'पाखंड विडंबन', 'धनंजय विजय', 'मुद्राराक्षस', कर्पूरमंजरी', 'भारत जननी' और 'दुर्लभबंधु'।

भारतेन्दु ने जिस समय नाटक लिखना प्रारंभ किया उस समय हिन्दी में मौलिक अथवा अनूदित नाटकों का पूर्ण अभाव था। अतएव भारतेन्दु ने स्वाभाविक रूप से संस्कृत, अंग्रेजी तथा बांग्ला का आश्रय लिया। उन्होंने अनुवाद कार्य से इस अभाव को मिटाना चाहा। किन्तु अंग्रेजी और संस्कृत के नाटकों के अनुवाद में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र को आधुनिक हिन्दी नाटक का आदर्श प्राप्त नही हुआ। इसे भारतेन्दु ने बांग्ला नाटकों से प्राप्त किया। क्योंकि सन् 1852 ई० से लेकर सन् 1868 ई० तक बांग्ला ने संस्कृत और अंग्रेजी नाट्य शैलियों के समन्वय पर आधारित एक सर्वथा नवीन नाट्य शैली का निर्माण कर लिया था।"[6]

भारतेन्दु ने जिन बांग्ला नाटकों का हिन्दी अनुवाद किया, ने अनुवाद मात्र न होकर युग की विभिन्न धाराओं के प्रवर्तक बने। इनका प्रभाव उनके अपने नाटकों पर ही नही युग पर भी पड़ा।

भारतेन्दु ने बांग्ला से यतीन्द्रमोहन ठाकुर कृत 'विद्यासुंदर' नामक नाटक का अनुवाद किया। इसके अनुवाद करते समय उन्होंने जिस अनुवाद तकनीक का प्रयोग किया उसे उन्होंने छाया अनुवाद माना। उन्हीं के शब्दों में ''महाराज यतीन्द्र मोहन ठाकुर ने उसी काव्य का अवलंबन करके जो विद्यासुंदर नाटक बनाया था, उसी की छाया लेकर आज पंद्रह बरस हुए यह हिन्दी भाषा में निर्मित हुआ है।"[7]

भारतेन्दु का विद्यासुंदर हिन्दी नाटक साहित्य के आविर्भाव में नई दिशा का प्रवर्तन करता है। उसकी कथावस्तु का आधार प्रचलित प्रेमगाथा होते हुए

भी नाट्यकला की दृष्टि से वह पर्याप्त सफल एवं सरस रचना है । 'विद्यासुंदर' से हिन्दी में प्रेमप्रधान नाटकों का सूत्रपात हुआ । फिर भी इसकी मौलिकता के बारे विद्वानों में पर्याप्त मतभेद है ।

आचार्य शुक्ल, मिश्र बंधु, श्यामसुंदर दास, दिनेशनारायण उपाध्याय, डा. जयनाथ नलिन तथा डा. रामरतन भटनागर इसे यतीन्द्र मोहन ठाकुर के इसी नाम के नाटक का अनुवाद मानते हैं । डा. दशरथ ओझा, गुलाबराय, हजारी प्रसाद द्विवेदी तथा कुंवर चंद्रप्रकाश सिंह इसे छायानुवाद कहते हैं । डा. लक्ष्मीसागर वष्णेय वैसे तो इसे अनुवाद समझते हैं । परंतु उनके विचार से "भारतेन्दु के अनूदित नाटक शब्दशः अनुवाद न होकर रूपांतर अधिक है।"[8]

इस नाटक को शब्द अनुवाद करने क बजाय भारतेन्दु ने इसे छायानुवाद करते हुए इसे हिन्दी भाषा परिवेश के अनुकुल की तरह मूल के परिवेश एवं संस्कृति को व्यक्त करने की । यहाँ भारतेन्दु की दृष्टि रचना को अपने साहित्य का अंग बना लेने की है । दरअसल भारतेन्दु हिन्दी साहित्य में नाटकों की अभाव की पूर्ति करना चाहते थे ।

भारतेन्दु का यह नाट्य प्रयास 'सिंहासन बत्तीसी' और 'बैताल पच्चीसी' शैली की कथावस्तु पर आधारित है । भारतेन्दु की प्रारंभिक नाट्यकृति होने से इसका कथानक अस्वाभाविक प्रसंगों से समाविष्ट है फिर भी वह मनोरंजक है । डा. दशरथ ओझा ने इस नाटक के "चिरंजीवि ।"[9] बताया है ।

भारत जननी भारतेन्दु की मौलिक कृति है या नहीं इस पर मतभेद है। बा. राधाकृष्णदास एवं बा. ब्रजरत्नादासजी ने इसे भारतेन्दुजी की कृति माना है। बा. ब्रजरत्नदास का मत है "कहा जाता है एक उनकी एक मित्र की लिखी है पर वह इतनी भ्रष्ट थी कि भारतेन्दुजी ने उसका पूरा संषोधन कर तथा अपनी कविता मिला कर इसे प्रकाषित कराया था। मित्रजी की इसी कारण अपना नाम इसके मुख्यपृष्ठ पर देने या दिलाने का साहस नहीं पड़ा।"[10] डा0 वीरेन्द्रकुमार षुक्ल ने भी इसे भारतेन्दुजी की मौलिक कृति माना है। उनका कथन है " 'भारत जननी' बंगला के नाटक 'भारत माता' के आधार पर लिखी गई एक मौलिक रचना है, अन्य किसी का इसमें कोई हाथ नहीं है।"11 बाबू राधाकृष्णदासजी का कथन था कि भारतेन्दुजी ने इतना संषोधित किया कि इसका मूल रूप ही परिवर्तित हो गया । अतः यह भारतेन्दुजी की कृति मानी जानी चाहिए। स्वयं भारतेन्दुजी की स्वीकार किया है कि यह मेरी रचना नहीं है, मैंने संषोधन मात्र किया है। भारतेन्दुजी ने जब भारत जननी को कवि-वचन-सुधा (26.11.1878) में पुनः मुद्रित किया तो इसके विषय में लिखा था 'भारत जननी' रूपक जो गत नवम्बर से छपता है उसके ऊपर मेरा नाम लिख है। यह रूपक मेरा बनाया नहीं है। बंगभाषा में 'भारत माता' नामक जो एक रूपक है । यह उसी का अनुवाद है जो मेरे एक मित्र ने किया है। जिन्होंने अपना नाम प्रकाषित करने को मना किया है। मैंने उसको षोधा है और जो अंष कुछ भी अयोग्य था उसको बदल दिया है। कवि की कीर्ति का लोप नहीं करना, अतएव यह प्रकाष करना मुझ पर आवष्यक हुआ। यह सन् 1877 ई. के दिसम्बर की चन्द्रिका में छपा था उससे 'कवि-वचन-सुधा' में पुनः मुद्रित होता है।"[12]

इससे स्पष्ट है कि कुछ लोगों ने इस नाटक को भारतेन्दुजी-कृत कहना प्रारम्भ कर दिया था। अतः भारतेन्दुजी को यह घोषणा करनी पड़ी कि यह मेरे मित्र की अनूदित कृति है जिसे मैंने संषोधन किया है। साथ ही वे कहते है। कि मेरे मित्र की कृति को मेरे नाम से मत गिनिये क्योंकि इससे मेरे मित्र की कीर्ति का लोप होता है। भारतेन्दुजी की इसी स्वीकारोक्ति के आधार पर डा. शिव नंदनसहाय ने इसे भारतेन्दुजी की नाटक-सूची में सम्मिलित नहीं किया है।

सत्य हरिश्चंद्र की पौराणिक गाथा हमारे देष में प्राचीन काल से प्रसिद्ध रही है। महाभारत में यह विस्तार से कही गई है। 'सत्य हरिश्चन्द्र' नाटक के प्रकाशन से भारतेन्दु को बहुत ख्याति मिली करूणा-आप्लावित कथा के अतिरिक्त पात्रों का विश्लेषण तरल एवं मर्मस्पर्शी है । इसका सृजन भारतेन्दु ने सन् 1875 ई. में किया । यह आर्य क्षेमीश्वर के चण्ड कौशिक' का अनुवाद कहा जाता है, पर इसकी मौलिकता का प्रश्न आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने उठाया 'सत्य हरिश्चन्द्र' मौलिक समझा जाता है, पर हमने एक पुराना बंगला नाटक देखा है जिसका वह अनुवाद कहा जा सकता है13 विद्वानों में इस निष्कर्ष के बारे में पर्याप्त मतभेद है । बाबू गुलाबराय उसे मौलिक नाटक समझते हैं जिसमें 'चण्ड कौशिक की 'क्षीण छाया' प्रकट हुई है । मिश्रबन्धु, ब्रजरत्नदास, डा. लक्ष्मीसागर वाष्णेय तथा डा. भानुदेव शुक्ल की भी यह धारणा है ।

हजारीप्रसाद द्विवेदी, डा. सोमनाथ गुप्त, श्रीकृष्णदास के विचार से न तो यह अनुवाद मात्र है और न मौलिक रचना है । परन्तु कुँवर चन्द्रप्रकाश की दृष्टि से यह रचना मौलिक है ।

वस्तुतः उक्त सब विद्वानों ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि भारतेन्दु की प्रतिभा एवं क्षमता असाधारण थी और उन पर 'चण्ड कौशिक' का कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा निश्चय ही ऐसी दृष्टि में शुक्ल के प्रश्न का समाधान नहीं होता । वस्तुतः इस ओर विद्वानों ने यथेष्ट ध्यान नहीं दिया । संभवतः इसी भावना से प्रेरित होकर डा. दशरथ ओझा ने शुक्ल के प्रश्न को नया रूप दिया है । उनकी दृष्टि से 'सत्य-हरिश्चन्द्र' के निर्माण से भारतेन्दु को इतना गौरव एवं प्रसिद्धि मिली कि इसका प्रचार एवं प्रसार अन्य प्रादेशिक भाषाओं में हो गया । प्रभावस्वरूप इसके अन्य भाषाओं में रूपांतर किए

गए हैं। उस समय बंगला में मनमोहन बसु का 'हरिश्चन्द्र नाटक' अन्ना साहब किलोस्कर (मराठी) तथा रण छोड़ भाई (गुजराती) के हरिश्चन्द्र नाटक (1880 ई०) का पता लगा है। डा. ओझा का यह अनुमान तथ्यपरक कम पर कल्पनापरक अधिक है। जैसा कि उन्होंने स्वयं स्वीकार भी किया है; मनमोहन बसु के नाटक का रचनाकाल दिसम्बर, 1874 ई० है। भारतेन्दु का 'सत्यहरिश्चन्द्र' 1875 ई में निकला। ऐसी स्थिति में बसु के नाटक पर प्रभाव की गुंजाइश दिखाई नहीं देती। वैसे भी दोनों नाटकों के सामान्य पर्यवेक्षण एवं विश्लेषण से स्पष्ट हो जाएगा कि उनमें कोई उल्लेखनीय समता नहीं है। दोनों के पात्र, घटनाक्रम तथा मूल उद्देश्य में भिन्नता मिलती है। भारतेन्दु के 'सत्य हरिश्चन्द्र' का मूलस्वर है -पौराणिक कथावस्तु में सजीवता लाना। बसु के लिए पौराणिक कथा निर्मित मात्र है। उनका नाटक भाव प्रधान है। कमला जैसे भावपूर्ण पात्र का परिचय भारतेन्दु में नहीं मिलता। राजा हरिश्चन्द्र एवं शैव्या के अतिरिक्त दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि बसु नाटक में बंगला-स्वभाव की कोमलता एवं सुकुमारता उभरी है। भारतेन्दु के नाटक के वातावरण में वैसी भावप्रवणता नहीं है। इसके अतिरिक्त दोनों नाटककारों के विि्तव एवं साहित्यिक दृष्टिकोण में अंतर है। मनमोहन बसु प्रमुख रूप से पौराणिक नाटकों में रूचि रखते हैं उन्होंने ब्रह्म समाज के सुधारों पर कटाक्ष किया उनका लक्ष्य यात्रा एवं पाँचाली लोक-नाट्य प्रणालियों को साहित्यिक रूप देना रहा है। इसीलिए उनमें गीतों की प्रधानता है। भारतेन्दु ने पौराणिक नाटक अवश्य लिखे हैं परन्तु उनमें सामाजिक चेतना अधिक है उनमें सर्वत्र नवीन उत्थान एवं अभ्युदय के लिए आग्रह है ऐसी स्थिति में बसु के हरिश्चन्द्र नाटक से बहुत कुछ साम्य दिखाई देना निराधार लगता है। इसी प्रकार मराठी एवं गुजराती नाटक पर प्रभाव की संभावना का अनुमान लगाया जा सकता है।

आचार्य शुक्ल के कथन में कोई भूल नहीं थी। उन्होंने काशीनाथ भट्टाचार्य के 'कुपित कौशिक' के अध्ययन के बाद अपना मन्तव्य प्रकट किया होगा जिसमें अंतिम दो अंक 'सत्य हरिश्चन्द्र' से पर्याप्त मेल खाते हैं। परन्तु उसका रचनाकाल 1878 ई. है। स्पष्ट है, भारतेन्दु पर उसके प्रभाव की कोई गुंजायश नहीं। यह भी संभव नहीं है कि काशीनाथ भट्टाचार्य ने भारतेन्दु का अनुकरण किया हो क्योंकि दोनों के उद्देश्य तथा शैली में अंतर है। उपर्युक्त विश्लेषण से यह निष्कर्ष निकलता है कि भारतेन्दु का 'सत्य हरिश्चन्द्र' किसी बंगला नाटक का अनुवाद या भावानुवाद नहीं है। अतः इसे भारतेन्दु का मौलिक नाटक मानना ही उचित है। परन्तु जैसा कि प्रायः विद्वान स्वीकार करते हैं उसे आर्य क्षेमीश्वर के चंडकौशिक से प्रभावति माना जा सकता है।

हिन्दी साहित्यकार का साहित्यिक आदर्श संस्कृत साहित्य का था। भारतेन्दु भी इससे अलग नहीं रह सके। सुन्दर नाट्य रचना कर आदर्श पेश करने के लिए उन्होंने संस्कृत के नाटकों का भी अनुवाद किया। संस्कृत से भारतेन्दु ने रत्नावली नाटिका, पाखंड विडंबन, धनंजय विजय, मुद्राराक्षस आदि नाटकों का अनुवाद किया।

भारतेन्दु ने विद्यासुंदर के बाद श्री हर्ष रचित 'रत्नावली' का अनुवाद सन् 1886 ई० में किया। रत्नावली के अनुवाद के बारे में भारतेन्दु का कथन है कि "शकुंतला के सिवाय और सब नाटकों में रत्नावली नाटिका बहुत अच्छी और पढ़ने वालों को आनंद देने वाली है। इस हेतु से मैंने पहले इसी नाटिका का तर्जुमा किया है। रत्नावली के अनुवाद के संबंध में भारतेन्दु का विचार है - "इसका उल्था अगर कोई अच्छी हिन्दी जानने वाला करता तो रचना अति उत्तम होती। हिन्दी जगत के सामने शास्त्रीय दृष्टि से एक अत्यंत सफल नाटिका का उदाहरण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से ही भारतेन्दु ने संस्कृत साहित्य के प्रसिद्ध नाटक 'अभिज्ञान शाकुंतलम', जैसे नाटक को छोड़कर 'रत्नावली' नाटिका का अनुवाद किया।

'रत्नावली' एवं 'विद्यासुंदर' नाटकों के चार वर्ष पश्चात् पाखंड विडंबन की रचना हुई। यह अपूर्ण नाटक संस्कृत के प्रसिद्ध नाटक प्रबोध चंद्रोदय के तीसरे अंक का अनुवाद है। कृष्ण मिश्र द्वारा लिखित प्रस्तुत नाटक अध्यात्मिक ज्ञान और भक्ति से सम्पन्न हैं भारतेन्दु ने किस उद्देश्य से प्रबोध चंद्रोदय के तीसरे अंक का अनुवाद पाखंड विडंबन के नाम से किया है? इस नाटक के समर्पण में उन्होंने यह व्यक्त किया है - भला इससे पाखंड का विडंबन क्या होता है ? यहाँ तो तुम्हारे सिवा सभी पाखंड है क्या हिन्दु, क्या जैन ? कयोंकि मै पूछता हूँ कि बिना तुमको पाए मन की प्रवृत्ति क्यों है, तुम्हें छोड़कर मेरे जान सभी झूठे हैं, चाहे ईश्वर हो, चाहे ब्रह्म, चाहे वेद हो, चाहे इंजील। तो इससे शंका न करना कि मैंने किसी मत की निंदा के हेतु यह उल्था किया है। क्योंकि सब तुम्हारा है, इस नाते से सभी अच्छा है और तुमसे किसी से संबंध नहीं है - इस नाते सभी बुरे हैं'। भारतेन्दु के अनुसार देश में प्रचलित चार संप्रदायों में जैन, बौद्ध, शैव, और वैष्णव में केवल विष्णु भक्ति में ही सात्विक श्रद्धा और धर्म उपलब्ध था। अन्य संप्रदायों में इनके संबंध में अनेकानेक आडंबर और पाखंड फैले हुए हैं, इसका सम्यक प्रस्फुटन प्रबोध चंद्रोदय में नाटककार द्वारा किया गया है।

संस्कृत कवि कांचन के 'धनंजय वियज व्यायोग' का अनुवाद भारतेन्दु ने सन् 1873 ई० में किया। यह महाभारत को आधार बनाकर लिखा था। व्यायोग होने से इसमें स्त्री पात्र कम और पुरूष पात्र अधिक है।

राजा शिवप्रसाद सितारे के तर्ज पर भारतेन्दु ने संस्कृत के प्रसिद्ध कवि विशाखदत्त कृत 'मुद्राराक्षस' का अनुवाद 1875 में किया। इस अनुवाद को भारतेन्दु के सफल अनुवादों में गिना जाता है। राजनीति के घात-

प्रतिघात से युक्त प्रस्तुत नाटक का अपूर्व नाटक है, इस नाटक का अनुवाद भारतेन्दु ने बड़े मनोयोग से किया है जिसमें मूल नाटक की सभी विशेषताएँ सुरक्षित है।

भारतेन्दु ने बांग्ला, संस्कृत, अंग्रेजी के अतिरिक्त प्राकृत से भी नाटकों का अनुवाद किया। प्राकृत से उन्होंने केवल एक ही नाटक का अनुवाद किया वह था कर्पूरमंजरी। इसके मूल लेखक राजशेखर हैं उन्होंने लोक को ध्यान में रखकर ही इस नाटक का सृजन किया। दसवीं शताब्दी में अपभ्रंश भाषाओं का प्रचार बढ़ गया लोगों को संस्कृत समझाने में कठिनाई उपस्थित हुई। इससे सर्वजन को ध्यान में रखकर संस्कृत के विद्वान होते हुए भी उन्होंने शौरसेनी प्राकृत में इस सट्टक की रचना की। सर्वसुलभ भाषा होने के कारण कर्पूरमंजरी बड़ी लोकप्रिय सिद्ध हुई। भारतेन्दु ने इस नाटक के अनुवाद करके हिन्दी नाट्य साहित्य में सट्टक के अभाव की पूर्ति की।

भारतेन्दु हिन्दी प्रदेश में नए नाट्य प्रयोग करने के लिए उत्सुक थे। इस उद्देश्य से उन्होंने विदेशी नाट्य प्रयोगों का अध्ययन करके हिन्दी प्रदेश में दिखाया। बंगला से बड़ी सहायता मिलने पर भी अतृप्त भारतेन्दु अंग्रेजी नाट्य विधा पर मुग्ध थे। पाश्चात्य नाट्य विधा को यहाँ प्रदर्शित करने के उद्देश्य से उन्होंने सुप्रसिद्ध अंग्रेजी साहित्यकार विलियम शेक्सपिअर के नाटक मर्चेंट आफ वेनिस का अनुवाद किया। भारतेन्दु इसका अनुवाद 'दुर्लभ बन्धु' नाम से किया। इसके संबंध में श्री ब्रजरत्नदास का कथन है - "इसका प्रथम दृश्य ज्येष्ठ शुक्ल सं. 1937 की हरिश्चंद्र चंद्रिका और मोहन चंद्रिका में प्रकाशित हुआ। वहाँ लिखा हुआ है कि निज बंधु बालेश्वर प्रसाद की सहायता से और बांग्ला पुस्तक 'सुरलता की छाया' से हरिश्चंद्र ने लिखा है। यह आवश्य अपूर्ण रह गया था, जिसे पं. रामशंकर व्यास तथा राधाकृष्ण दास ने पूर्ण कर प्रकाशित कराया था। यह कथन कि यह अनुवाद बा. बालेश्वर प्रसाद कृत है, भ्रममात्र है, क्योंकि उक्त सज्जन ने जो फारसी के अच्छे ज्ञाता थे, इसका अनुवाद 'वेनिस का सौदागर' के नाम से किया था।"[14] इससे स्पष्ट है कि इस नाटक का अनुवाद स्वयं भारतेन्दु ने किया है। केवल इसके अपूर्ण अंश का अनुवाद रामशंकर व्यास और राधाकृष्ण दास दोनों ने किया था। भारतेन्दु ने प्रस्तुत अनुवाद भारतीय परिवेश के अनुकूल भारतीयकरण किया है। पात्रों को भारतीय नाम दिया। इसी प्रकार घटना स्थल का भी परिवर्तन करके भारतीय नामकरण दिया गया है। इसे पढ़कर लगता है मानों किसी भारतीय नाटककार ने इसे लिखा है। यह अनुवाद आज के छायानुवाद या भावानुवाद के करीब जान पड़ता है। अतः भारतेन्दु का उद्देश्य अनुवाद के माध्यम से श्रेष्ठ साहित्य को हिन्दी साहित्य को समृद्ध करना था। साथ ही इसे भारतीय परिवेश के अनुरूप ढाल कर इसे हिन्दी भाषी जनता के लिए बोधगम्य भी बना रहे थे।

साहित्य की सभी विधाओं में नाटक के सर्वाधिक सामाजिक स्वरूप होने के कारण नवजागरण की सामाजिक स्वरूप होने के कारण नवजागरण की सामाकि चेतना को पुष्ट करने में यह विधा सर्वाधिक साहयक हो सकती थी। इसलिए भारतेन्दु ने नवजागरण बोध को जन-जन तक पहुँचानें के लिए नाटाकें पर विशेष जोर दिया। इसी क्रम में उन्होंने संस्कृत बांग्ला और अंग्रेजी के नाटकों का हिन्दी में अनुवाद किया। भारतेन्दु के अनुवाद सिद्धांत पाठ केन्द्रित न होकर भाव केन्द्रित है। इसलिए कई अनूदित कृतियां तो उनकी मौलिक प्रतिभा का स्पर्श पाकर मूल से भी अधिक प्रसांगिक हो गयी हैं। कई नाटक इतना परिवर्तर्तित हो गए है कि उसे मौलिक कहा जाए या अनुवाद इसे लेकर बड़ा विवद खड़ा हो गया है। भारत जननी, सत्य हरिश्चन्द्र, विद्यासुन्दर ऐसे ही नाटक है। दरअसल भारतेन्दु का उद्देश्य कोई अनवाद सिद्धान्त गढना नहीं था। 'निज भाषा उन्नती', हिन्दी नाटक एवं रंगमंच का विकास और हिन्दी भाषी लोगों में देश उद्धार एवं नवजागरण की अलख जगाने की विराट लक्ष्य को लकर बंगला, संस्कृत और अंग्रेजी के सर्वश्रेष्ठ एवं समकालीन संदर्भों में प्रसंगिक नाटकों का अनुवाद किया है। इन अनूदित नाटकों ने हिन्दी के विाकस में क्रांतिकारी भूमिका अदा की। इससे एक तरफ दूसरे भाषाओं के श्रेष्ठ नाटकों का अनुवाद हिन्दी में हुआ दूसरी तरफ हिन्दी नाटकों से मौलिक लेखन की शुरूआत हुई।

संदर्भ संकेत:-

1.भारतेन्दु हरिश्चन्द्र - डा. रमेश गुप्त, 'अनुवाद' अक्टूबर - दिसंबर - 1984, पृ०-45
2.भारतेन्दु ग्रंथावली - सं. डा. ओमप्रकाश सिंह, भाग - 02, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, 2008, पृ० – 45
3.वही, पृ० - 45
4.वही, पृ० - 46
5.वही, भाग-1 पृ० - 10
6.डा. माहेश्वर - हिन्दी बांग्ला नाटक, राजकमल, दिल्ली, 1986, पृ० - 94
7. भारतेन्दु ग्रंथावली - सं. डा. ओमप्रकाश सिंह, भाग - 02, प्रकाशन संस्थान, नई दिल्ली, 2008, पृ० - 06 (विद्यासुंदर की भूमिका)
8.भारतेन्दु हरिश्चन्द्र -डा. लक्ष्मीसागर वर्षोय, लोकभारती, इलाहाबाद, 1968, पृ० - 72
9.हिन्दी नाटक उद्भव और विकास - डा. दशरथ ओझा, आगरा 1997, पृ० - 203
10.हिन्दी नाट्य-साहित्य-च.सं., पृ0 81
11.भारतेन्दु का नाट्य-साहित्य, प्र.स. पृ0 74
12.हरिश्चंद्र-शिवनन्दन सहाय-प्र.सं., पृ0 208
13.आचार्य रामचन्द्र शुक्ल -'हिन्दी साहित्य का इतिहास' पृ० 461
14.वही, पृ. -222
15.भारतेन्दु ग्रंथावली -सं. डा.ओमप्रकाश सिंह, वही, 'रत्नावली की भूमिका'पृ० - 43
16.डा. दशरथ ओझा - हिन्दी नाटक उद्भव और विकास, वही, पृ० – 150

*****

शुक्लयजुर्वेद में वर्णित चातुर्मास्य यज्ञ मीमांसा

-हंसराज
शोधार्थी
एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा
मो. 8810533783
ईमेल – hansrajr18@gmail.com

– डा. देवेन्द्र नाथ ओझा
शोधनिर्देशक
सहायक प्रोफेसर,
एमिटी विश्वविद्यालय नोएडा

संक्षेपिका

यहां पर शुक्लयजुर्वेद में वर्णित चातुर्मास्य यज्ञ मीमांसा के विषय में बताया गया है यह यज्ञ श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक इन चार मासों में सम्पन्न किया जाता है। इन मासों में क्रमशः वैश्वदेव यज्ञ, वरूणप्रघास, साकमेध, शूनासीरीय अनष्ठानों को पूर्ण किया जाता है, इनका यहां पर विस्तृत वर्णन किया गया है। इनमें यज्ञ का पूर्ण फल तभी प्राप्त होता है, जब उसमें प्रयुक्त द्रव्य शुद्ध हो, यज्ञ क्रिया शुद्ध हो और प्रयुक्त मन्त्र शुद्ध रूप से पढ़े गए हों। यदि अन्याय से उपार्जित धन द्वारा यज्ञ का अनुष्ठान किया जाता है, तो उसका फल न तो इस लोक में प्राप्त होता है और न ही परलोक में, अपितु इस लोक में अपयश ही मिलता है।

बीज शब्द – शुक्लयजुर्वेद, चतुर्मास, यज्ञ, चातुर्मास्य यज्ञ ।

परिचय

'यज्ञ' शब्द देवपूजा, संगतिकरण, और दान अर्थवाली यज्ञ धातु में नङ् प्रत्यय से बना है।[1] जिस कर्म में देवपूजा, यजमान का देवताओं से सान्निध्य तथा दान हो, उसे यज्ञ कहते है। दान का अर्थ प्रक्षेप है और वह विधिविहित आधार में ही होता है। [2] यदि 'दान' शब्द से विधिविहित अग्नि में हविष्य के प्रक्षेप को न ग्रहण किया जाये, तो वह यज्ञ नही होगा। तात्पर्य यह है कि हविष्य का प्रक्षेप अग्नि में न करके अन्यत्र करना यज्ञ नही है, क्योंकि हविष्य के प्रक्षेप के वैध आधार की उपलब्धि अन्यत्र नही है। यदि ऐसा मान भी लिया जाये, तो तिल और यव आदि को कूडे में डाल देना भी दान होकर यज्ञ का अभिव्यंजक होगा, परन्तु ऐसा नही है। सामान्य रूप से यज्ञ का अर्थ होता है-जहॉ हविष्य प्रदान किया जाय या जहां देवताओं का यजन किया जाए[3]।

यज्ञ का पूर्ण फल तभी प्राप्त होता है, जब उसमें प्रयुक्त द्रव्य शुद्ध हो, यज्ञ क्रिया शुद्ध हो और प्रयुक्त मन्त्र शुद्ध रूप से पढ़े गए हों। यदि अन्याय से उपार्जित धन द्वारा यज्ञ का अनुष्ठान किया जाता है, तो उसका फल न तो इस लोक में प्राप्त होता है और न ही परलोक में, अपितु इस लोक में अपयश ही मिलता है। न्यायोपार्जित धन से यज्ञानुष्ठान करने पर यश और पारलौकिक सुख की प्राप्ति होती है।

चातुर्मास -

चातुर्मास यज्ञ जैसा कि नाम से हि ज्ञात होता है कि इसे चातुर्मास यज्ञ में चार मास तक चलने वाले यज्ञ एवं चार पर्वों का विधान है। [4] प्रति चार मास में अनुष्ठेय होने के कारण 'पर्वो' वाला यज्ञ है। जो माह निम्नलिखित है -

1. श्रावण।
2. भाद्रपद।
3. अश्विन।
4. कार्तिक।

पर्वों का वर्णन-

उपरोक्त चार मासों को हि चार पर्वों में विभक्त किया गया है[5]। इन पर्वों का क्रमशः फाल्गुनि पुर्णिमा, आषाढी पूर्णिमा, कार्तिकी पूर्णिमा तथा फाल्गुन शुक्ल प्रतिपदा को अनुष्ठान किया जाता था। यथा-

1. वैश्वदेव यज्ञ।
2. वरूणप्रघास।
3. साकमेध।
4. शूनासीरीय।

यज्ञ विधि -

इस यज्ञ में दो वेदियां होती है तथा दो ही अग्नियां। इस यज्ञ में दो अग्नि और दो वेदियॉ किस लिए हो इसके प्रति उत्तर में कहा जाता है कि वह दोनों और से प्रजा को वरूण के जाल से मुक्त कर देता है, दोनों ओर का तात्पर्य यहॉ उपर और नीचे से है।[6] उत्तर दिशा में उत्तर की वेदी बनाई जाती है, न की दक्षिण की दिशा में। जो जिस दिशा में होती है उसी दिशा में उस

वेदि का निर्माण होता है। वरूण क्षत्रिय है, और मरूत वैश्य है। इस यज्ञ में क्षत्रियों को वैश्यों से उच्च स्थान पर आसन दिया जाता है तथा सर्व साधारण उनकी पुजा किया करते हैं। क्योंकि क्षत्रिय वैश्य से उच्च वर्ण वाले स्वीकार किए जाते है। यही कारण हैं कि उत्तर दिशा में वेदि बनाते हैं न कि दक्षिण दिशा में। [7]

यज्ञ में सर्वप्रथम पांच हवियॉ होती है। क्योंकि इन पॉच हवियों के द्वारा ही प्रजापति ने प्रजाएं उत्पन्न कीं और इन्हीं के द्वारा प्रजाओं को दोनों और से वरूण के जाल से बचाया जा सके, यही कारण है कि पांच हवियॉ होती हैं।[8] इन्द्राग्नि के लिए पांच कपालों में पुरोडाश दिया जाता है। इन्द्राग्नि वस्तुत प्राण और उदान के समान हैं। यह एक प्रकार से उसके लिए पुण्य करना हैं जिस प्राणी ने पुण्य किया है। क्योंकि इन दोनों के कारण ही आज प्रजा जीवित है। इसीलिए वह इन पुरोडाशों के द्वारा प्रजा को सम्पन्न करता हैं। अतः प्रजाओं में प्राण और उदान को स्थापित करता हैं। इसलिए बारह कपालों का पुरोडाश इन्द्र और अग्नि के लिए हैं। दोनों के लिए पयस्या की आहुति होती है। क्योंकि दुग्ध से ही प्रजा जीवित हैं, इसलिए उस वस्तु के द्वारा जिससे वह बचे रहें और जिससे वह पलते एवं पोषित होते हैं। वह पयस्या उनको उपर और नीचे दोनों ओर से उनकी रक्षा करता हैं। इसी कारण से दोनों के लिए पयस्या की आहुति होती हैं।

ब्रह्मणों के अनुसार उत्तर की हवि वरूण के लिए होती हैं। क्योंकि वरूण ने ही तो उसकी प्रजा को पकडा था। इसलिए वह प्रत्यक्ष ही वरूण के जाल से प्रजा को छुडाता हैं। दक्षिण की हवि मरूतों के लिए होती हैं। एक जैसी हवि न हो इसके अलग दिशा का वर्णन है। यदि दोनों आहुतियॉ वरूण के लिए होती तो एक सा हो जाता। दक्षिण दिशा से ही मरूतों ने प्रजा को मारना चाहा था, और उसी भाग से प्रजापति उनको शांति प्रदान की। इसलिए वह प्रजाओं को उसी से सुख पहुंचाता हैं। उनके उपर वह शमी के पत्ते भी डालता हैं। प्रजापति ने सभी प्रजाओं को शमी के वृक्षों से ही शान्त किया था।[9]

एक कपाल पुरोडाश प्रजापति के लिए दिया जाता हैं। क्योंकि 'क' का अर्थ होता हैं प्रजापति। यज्ञ के प्रथम दिन अन्वाहार्य पचन अर्थात् दक्षिणाग्नि पर जौं की भूसी निकाल कर और उनको कुछ पकाकर करम्भ के इतने पात्र बनातें हैं। जितने कि घर के सदस्य हो तथा उनसे एक अधिक होना चाहिए। करम्भ पात्र का निर्माण जौ को दहि के साथ मिलाकर बनता हैं।[10]

यज्ञ में मेष और मेषी बनाने का भी विधान हैं क्योंकि मेष प्रत्यक्ष रूप से वरूण का पशु माना जाता हैं। मेष और मेषी का निर्माण जौं के द्वारा होता है। इनको जौं का इसलिए बनाते हैं क्योंकि जब इन्होने जौं को खाया तभी तो वरूण ने इनको अधिगृहित किया था। इन दोनों का जोडा इस लिए बनाते हैं क्योंकि जोड़े से प्रजा वरूण के पाश से मुक्त हो पाती हैं। उत्तरी पयस्या पर मेषी को तथा दक्षिण पयस्या पर मेष को रखा जाता हैं। [11]

शुक्लयजुर्वेद के अनुसार अध्वर्यु अन्य सब हवियों को उत्तर की वेदी में स्थापित करता हैं, और प्रतिस्थाता दक्षिण की वेदी में पयस्या को स्थापित करता हैं। हवियों को रखकर अग्नि का मंथन करता हैं। अग्नि को मथकर और वेदी पर लाकर आहुति देता हैं। पहले अध्वर्यु होता से कहता है कि 'अग्नये समिध्यमानाम्' तब अध्वर्यु और प्रस्थाता एक-एक समिधा को स्थापित करते हैं। इसके पश्चात् दोनों आहुति प्रदान करते हैं। तब प्रस्थाता अपनी सहवासिनी से कहलवाता हैं कि प्रघास और कम्भ नामी हवियों को अधिक खाने वाले और इन शत्रुओं का नाश करने वाले मरूतो को हम बुलाते हैं। इससे वह मरूतों को पात्रों तक बुलाते हैं।[12] प्रत्येक के लिए एक पात्र का विधान हैं। जितने घर के सदस्य होते हैं उनसे एक अधिक पात्र होने चाहिए। एक-एक पुरूष के लिए एक-एक पात्र इसलिए होता हैं जो प्रजा उत्पन्न हो चुकि हैं वह सम्पुर्ण प्रजा वरूण के जाल से बच सकें और जो एक अधिक पात्र का विधान है वह इसलिए है कि जो प्रजा भविष्य में उत्पन्न होगी उसे वरूण के जाल से बचाया जा सके। इसीलिए एक पात्र अधिक होता हैं। पात्र का विधान इसलिए हैं क्योंकि पात्रों में ही सभी भोजन को ग्रहण करतें हैं, और ये पात्र जौं के इसलिए बनाए जाते हैं क्योंकि जब प्रजा ने वरूण के यवों को खाया तभी वरूण ने उन्हे अधिगृहित किया था। इस यज्ञ में शूर्प से आहुति दि जाती हैं क्योंकि शूर्प के द्वारा ही अन्न को पकाया जाता हैं। इस यज्ञ में पति के साथ ही पत्नी को भी आहुति देनी चाहिये क्योंकि दोनों के सामुहिक अर्पण से ही प्रजा को वरूण के पाश से मुक्त कराया जा सकता हैं।[13] इस पर शुक्लयजुर्वेद में कहा है कि यज्ञ से पूर्व आहुतियो को इसलिए अर्पण किया जाता हैं क्योंकि मरूत आहुति का भक्षण नही करतें हैं। जब प्रजापति की प्रजा को वरूण ने पकड लिया और वह रोगी हो हई तब मरूतों ने ही सारी प्रजा की रक्षा कि थी। इसी लिये कहा जाता हैं कि इस यज्ञ में यजमान की सन्तान को पापों से मरूत ही बचाते हैं। अतः एव यज्ञ से पहले इन्हें ही आहुतियाँ प्रदान की जाती हैं। तब वह यह कह कर आहुति पदान करता हैं कि जो पाप मैने गॉव और अरण्य अर्थात् जंगल में किये उन सब के लिए यह आहुति प्रदान करता हुं।[14] पुनः शुक्लयजुर्वेद में कहा है कि जो पाप सभा में किए और जो पाप इद्रियों में उनके लिए।[15] यहॉ सभा का अर्थ मनुष्यों के समुह से हैं। इस सब का तात्पर्य यह हैं कि जो भी पाप हमने किए

उन सबके लिए यज्ञ करतें हैं। अब अध्वर्यु कहता हैं कि 'अग्नये अनुब्रुहि' अग्नि के लिए पार्थना कर। यह अग्नि की और संकेत करते हुए कहता हैं। फिर 'सोमाय अनुब्रुहि' कहता हैं कि अब सोम के लिए पार्थना कर। तब 'श्रोषट्' अध्वर्यु होता से कहता हुआ 'सोमं यजः' इस प्रकार से कहता है। तब दोनों 'वषट्' कहकर आहुतियॉ प्रदान करतें हैं।[16] वाणी से जो कुछ कहा जाता है उस सब को अध्वर्यु ही कहता है न की प्रतिस्थाता। प्रतिस्थाता तो केवल अध्वर्यु के किए का अनुकरण करता हैं। प्रतिप्रस्थाता दो श्रुवों को हाथ में लेकर बैठ जाता हैं। तब अध्वर्यु उन आहुतियों को करता हैं। जो निम्न प्रकार की है -

1. अग्नि की आहुति आठ कपाल वाले पुरोडाश की।
2. सोम की चरू के द्वारा।
3. सविता की बारह या आठ कपालों वाले पुरोडाश से।
4. सरस्वति कि चरू से।
5. पुषा की चरू से।
6. इन्द्राग्नि की कपालो के पुरोडाश से।

अब अध्वर्यु तीन समिष्ट-यजुष् की आहुति देता हैं। प्रतिप्रस्थाता स्रूच लेकर मौन होकर आहुति देता हैं। यजमान और पत्नी ने जो वस्त्र वैश्वदेव के समय पहने थे वह अब इस यज्ञ में भी पहननें चाहिए। अब वरूण की पयस्या के जले भाग को लेकर अवभृथ अर्थात् स्नान के स्थान में आना चाहिए। यह स्नान वरूण के लिए हैं जिसके पाश से मुक्त हो जाए। वहॉ साम नही गाया जाता क्योंकि साम से तो कुछ किया नही जाता। अध्वर्यु शान्ति से वहॉ जाकर जले भाग के पात्र को उठाकर जल में डुबों देता हैं। उस समय वह कहता हैं कि हे धीरे चलने वाले जलाशय, तु शान्त होकर चलता हैं। देवों की सहायता से ये देव-कृत पापों से मुक्त हो जाऊॅ और मनुष्यों की सहायता से मनुष्य-कृत पापों से मुक्त हो जाऊॅ। हे देव मुझे राक्षस से बचा ले। इस प्रकार की प्रार्थना करता हैं। क्योंकि यह वस्त्र दीक्षित पुरूष के तो होते नही, इनको त्यागकर जिस प्रकार शर्प केंचुली को छोडता हैं उसी प्रकार यह हमारे पापों को नष्ट करता हैं।[17]

इसके पश्चात् यजमान के केश कर्तन किए जाते हैं तथा दोनों अग्नियों को लेते है। क्योंकि स्थान परिवर्तन करके ही दुसरा यज्ञ होता हैं। उत्तर वेदी पर अग्निहोत्र करना ठीक नही होता हैं। तब घर जाकर अग्नि मथ कर यजमान पुर्णमासी का यज्ञ करता हैं। यह चातुर्मास्य यज्ञ अलग हैं पूर्णमासी का यज्ञ निश्चित है। इसलिए वह निश्चित यज्ञ द्वारा अपने आप को स्थापित कर लेता हैं। इसीलिए वह यजमान स्थान परिवर्तन करता हैं। इस प्रकार वर्षाकाल का वरूण प्रघास पर्व का वर्णन ब्राह्मण ग्रन्थों एवं वेदो में हुआ हैं।

दक्षिणा -

शुक्लयजुर्वेद में यज्ञ दक्षिणा पर भी कतिपय निर्देश प्राप्त होते हैं। यजमान द्वारा सामान्य यज्ञों की दक्षिणा, उसके पास स्थित धन की सामर्थ्य के अनुसार दी जाती है। दक्षिणा केवल ऋत्विजों को ही नही किन्तु यज्ञ में उपस्थित ब्राह्मणों को भी दी जाती है।[18] जिस ऋत्विक् को दक्षिणा दी जाती है, संकल्प में उसके गोत्र, प्रवर, नाम तथा उसके द्वारा स्वाध्याय में पठनीय वेद की शाखा का उच्चारण कालनिर्देश पूर्वक करना चाहिए।[19] त्रिशीर्षा विश्वरूप के वधजन्य पाप को अपने उपर लेकर इन्द्र को ब्रह्महत्या के पातक से विमुक्त करने वाले आप्तयों द्वारा ब्रह्महत्या का पातक उस यजमान के उपर आरोपित कर दिया जाता है, जो दक्षिणा-रहित यज्ञ से यजन करता है, इसीलिए देवताओं द्वारा दर्शपौर्णमासेष्टि दक्षिणा का विधान किया गया है।[20] यह ओदन इतनी अधिक मात्रा में तैयार करना चाहिए कि चार ऋत्विजों के भोजन के लिए पर्याप्त हो।[21] यजमान बह्मा, होता, अध्वर्यु तथा आग्नीध के लिए अन्वाहार्य ओदन के चार भाग बनाता हैं और ब्रह्मा को अन्वाहार्य का ब्रह्मभाग देते समय यजमान उससे कहता है कि हे ब्रह्मन्! यह आपका भाग है, इसे आप ग्रहण किजिए।[22] होता अध्वर्यु तथा आग्नीध्र के लिए भी उनका दक्षिणाभाग प्रदान करते समय यजमान उनका सम्बोधन करके यही कहता है कि वे अपना अन्वाहार्य-भाग ग्रहण कर लें। इसके अतिरिक्त यजमान ऋत्विजों को अपनी श्रद्धा के अनुसार अन्य द्रव्यों की दक्षिणा भी प्रदान करता है।

निष्कर्ष-

अतः यह कहा जा सकता है कि चातुर्मास यज्ञ को चार-चार महीने में पूर्ण किया जाता है। यह जो कहा गया हैं कि देवों ने साकमेध यज्ञ के द्वारा वृत्र को मारा और उस विजय को पा लिया जो उनको प्राप्त हैं। यह सभी चातुर्मास्य यज्ञों के द्वारा ऐसा हुआ कि देवों ने वृत्र को मारा और जो विजय उनको प्राप्त है वह सभी के द्वारा हुई हैं। जब यह शंका उत्पन्न हुई कि किस राजा के द्वारा और किस नेता की सहायता से हम युद्ध करेंगें। तब अग्नि ने कहा, मेरी सहायता से युद्ध को सम्पन्न किया जायेंगा। अग्नि की सहायता से उन्होनें चारों महीनों को जीता। और ब्रह्म तथा तीन विद्याओं की सहायता से उनको घेरा था। आगे जब यह शंका उत्पन्न हुई अब किस राजा और किस नेता की सहायता से देव वृत्र के साथ युद्ध करेंगें। फिर इन्द्र ने कहा कि मेरे द्वारा। इन्द्र राजा और इन्द्र नेता की सहायता से उन्होनें शेष चार महीनों को जीता। पुनः उन्हें ब्रह्म और तीन विद्याओं की सहायता से उन्हें घेरा। जब यजमान

वैश्वदेवयज्ञ करता हैं तो इसी अग्नि राजा और अग्नि नेता की सहायता से चारों महीनों को जीतता हैं। जब वह यजमान वरूणप्रघास यज्ञ करता है तो वरूण राजा और वरूण नेता के द्वारा दुसरे चार मासों को जीतता हैं। तब भी त्रेनी शलली और तांबे का क्षुरा काम में आता हैं। उसी से सिर मुंडता हैं। इस प्रकार ब्रह्म और तीन विद्याओं की सहायता से उन्हें घेरता हैं। जब साकमेध यज्ञ करता हैं तो इन्द्र राजा और इन्द्र नेता की सहायता से चारों मासों जीतता हैं। जब वह वैश्वदेव यज्ञ करता हैं तो अग्नि ही हो जाता हैं। और अग्नि के सायुज्य और सालोक्य को प्राप्त करता हैं। जब वह वरूण प्रघास यज्ञ करता हैं तो वरूण हो जाता हैं और वरूण के सायुज्य ओर सालोक्य को प्राप्त करता हैं। जब वह साकमेध यज्ञ करता है तो इन्द्र हो जाता हैं और इन्द्र के सायुज्य ओर सालोक्य को प्राप्त होता हैं। वह जिस ऋतु में परलोक को जाता हैं वह ऋतु उसको दुसरे ऋतु के हवाले करता है और वह अपने से आगे वाले ऋतु के हवाले करता है। जो चातुर्मास्य यज्ञ को करता हैं। वह परम धाम और परम गति को प्राप्त करता है। इसीलिए कहा जाता हैं कि चातुर्मास्य यज्ञ करने वाले को कोई भी प्राप्त कर पाता हैं क्योंकि वह परम धाम और परम गति को प्राप्त होता हैं।

संदर्भ

1. यज्ञदेवपूजासङ्गतिकरणदानेषु।- सिद्धान्त कौमुदी, क्रमांक 3211 यज्ञयाचयतवच्छप्रच्छरक्षोनङ्।-पा0 अष्टाध्यायी 3.3.90
2. दान चेह प्रक्षेपः। सच वैधे आधारे हविषश्चेति स्वमावाल्लम्यते। - सिद्धान्त कौमुदी क्रमांक 3306
3. पु , इज्यते हविर्दीयतेऽत्रा (इज्यते देवता अत्र इति वा)- शतपथ, काण्ड, 4, पृष्ठ 6
4. शत0 2.6.4.5.8
5. शत0 ब्रा0 2.5.1-2.6.4
6. तद्वै द्वे वेदी द्वावग्नी भवतः। शत0 ब्र0 2.5.2.5
7. स उत्तरसयामेव वेदौ ।....शत0 2.5.2.6
8. अथैता{न्येव पंच हवींषि ।.... शत0 ब्रा0 2.5.2.7
9. तयोरूभयोरेव शमीपलाशान्यावचति । शं वै प्रजापतिः प्रजाभ्यः शमीपलाशैर कुरूत शम्वेवैष एतत्प्रजाभ्यः कुरूते ॥ शत0 ब्रा0 2.5.2.12
10. अन्वाहार्य पचने{तुषानिव यवान्कृत्वा तानीष दिवोपतप्य तेषां करम्भ पात्राणि कुर्वन्ति यावन्तो गृह्याः स्मुस्तावन्त्येकेनातिरिक्तानि ॥ शत0 ब्रा0 2.5.2.14
11. स उत्तरस्यामेव पयस्यायां मेषीमदधाति । ..... शत0 ब्रा0 2.5.2.17
12. प्रघासिनो हवामहे मरूतश्च रिशादसः । कम्भेण सजोषसः ॥ -यजु0 3/444
13. पात्राणि भवन्ति पात्रेषु .....प्रमुंचति ॥ शत0 ब्रा0 2.5.2.23
14. यद्ग्रामे यदरण्ये ... ॥ यजु0 3/45
15. यत् सभायां यदिन्द्रिय.....॥ यजु0 3/45
16. अथाध्वर्युरवाह सोमायानुब्रुहीति ।शत0 ब्रा0 2.5.2.32
17. अवभृथ निचुम्पुण निचेरूरसि निचुम्पुणः । अव देवैर्देवकृतमेनो{यासिषमव मर्त्यैर्मर्त्यकृतं पुरू राव्णो देव रिषस्पाहि ॥ यजु0 3/48
18. शुक्लाम्वरधरः शुक्लमाल्यानुलेपनो यजमान आचार्ययि ब्राह्मणेभ्य ऋत्विग्भ्यश्च वित्तानुसारेण दक्षिणां दद्यात्। यजुर्वेद संहिता-, पृ0 47
19. अथेहैत्यादिकालज्ञानं कृत्वा । अस्यमखस्य कर्मणः सांगतासिद्धध्यर्थममुकप्रवरायामुकशर्मणे ब्राह्मणायामुकवेदैकशाखाध्यायिने आचार्यायेमान्दक्षिणां तृभ्यमहं सम्प्रददे। यजुर्वेद संहिता-, पृ0 47
20. आप्त्या उ ह तस्मिन् मृजते-यो{दक्षिणेन हविषा यजते । ततो देवा एतां दर्शपूर्णमासयार्दक्षिणामकल्पयन्- यदन्वाहार्यम् । नेददक्षिर्ण हविरसद। शतपथ ब्रा0- 1.2.1.4-5
21. अध्वर्युः अन्वाहार्य ;दक्षिणार्थमोदनंद्ध चतुर्णाम् ऋत्विजां तृप्तिपर्यन्तभोजन समर्थ दक्षिणाग्नौ श्रपणार्थमधिश्रयेत् । का0 दी0, पृ0 23
22. इमाम् अन्वाहार्यदक्षिणां ब्रह्मादिभ्य ऋत्विग्भ्यः समविभागेनाहं संप्रददे इति संगकल्प्य बह्मन् यस्ते भागः स प्रतिगृह्यताम् अध्वर्यो, यस्ते भागः स प्रतिगृह्यताम्, अग्नीद्यस्ते भागः स प्रतिगृह्यताम् इत्येवं समर्पयेत् । का0 दी0, पृ076

*****

Green Chemistry: Sustainable Synthesis And Applications Of Renewable Resources

-Pooja S Pawar,
M.Sc in Inorganic Chemistry,
Karnatak University, Dharwad.

Abstract:

This study highlights the core principles and applications of Green Chemistry, focusing on its role in promoting sustainable synthesis and utilization of renewable resources across various industries. Green Chemistry is a pioneering discipline that aims to revolutionize the chemical industry by promoting sustainable practices and minimizing its environmental impact. At its core, Green Chemistry emphasizes the design and implementation of chemical processes that are environmentally benign, economically viable, and socially responsible. One of the central pillars of Green Chemistry is the integration of renewable resources as raw materials for synthesis. This approach reduces our reliance on finite fossil fuels and mitigates the environmental consequences associated with their extraction and usage. Renewable feedstocks, such as biomass, agricultural waste, and natural plant extracts, offer vast potential for sustainable chemical production. This study explores the diverse applications of Green Chemistry in various sectors. From the pharmaceutical industry, where sustainable synthesis using bio-based starting materials yields eco-friendly active pharmaceutical ingredients, to materials science, where biodegradable plastics derived from plant sources offer alternatives to conventional plastics, Green Chemistry plays a transformative role. The study further delves into Green Chemistry's contributions to agriculture, energy production, water treatment, and pollution control. Sustainable agrochemicals derived from renewable resources provide safer and more efficient solutions for crop protection, while biofuels present renewable energy alternatives that reduce greenhouse gas emissions. Additionally, eco - friendly water treatment methods utilizing renewable adsorbents offer sustainable solutions for pollution control and water purification. In conclusion, this study emphasizes Green Chemistry's pivotal role in fostering a more sustainable future by incorporating renewable resources into chemical synthesis and diverse applications. By minimizing hazardous waste, reducing dependence on non-renewable resources, and promoting the circular economy, Green Chemistry serves as a potent tool in achieving a harmonious coexistence between human activities and the natural environment.

Keywords: *Green Chemistry, Sustainable Synthesis, Applications, Renewable Resources etc.*

INTRODUCTION:

Green Chemistry, also known as sustainable chemistry, is a revolutionary scientific approach that seeks to transform the traditional chemical industry into a more environmentally friendly and sustainable enterprise. It emphasizes the design, development, and implementation of chemical processes and products that reduce or eliminate hazardous substances, waste generation, and overall environmental impact. By harnessing the power of renewable resources and adopting innovative methodologies, Green Chemistry aims to pave the way for a more sustainable and harmonious relationship between human activities and the natural world. The foundation of Green Chemistry lies in a set of twelve guiding principles, established by chemists Paul Anastas and John Warner in the 1990s. These principles serve as a compass, directing chemists and engineers to develop greener alternatives that minimize harm to the environment and human health. Embracing these principles fosters a circular

economy, where resources are used more efficiently and waste is minimized through recycling and repurposing. One of the key tenets of Green Chemistry is the use of renewable resources as raw materials for synthesis. Unlike finite fossil fuels, renewable resources such as biomass, plant-derived materials, and agricultural waste can be continually replenished, reducing our dependence on non-renewable resources and mitigating the environmental impact of resource extraction.

Green Chemistry's impact extends beyond the laboratory, reaching diverse industries such as pharmaceuticals, materials science, agriculture, energy, and more. Innovations in Green Chemistry have led to the development of biodegradable plastics, sustainable agrochemicals, and eco-friendly energy production technologies, among other groundbreaking applications. Moreover, Green Chemistry champions the concept of "benign by design," encouraging chemists to consider the environmental and health impacts of their creations from the outset. By adopting this proactive approach, chemists can identify potential hazards and develop safer, more sustainable chemical processes. As the world faces pressing environmental challenges, Green Chemistry emerges as a powerful tool to address these issues head-on. By embracing this transformative discipline, we can build a more sustainable future, where chemistry and industry coexist in harmony with the natural world, fostering a cleaner, healthier, and more prosperous global community.

OBJECTIVE OF THE STUDY:

This study highlights the core principles and applications of Green Chemistry, focusing on its role in promoting sustainable synthesis and utilization of renewable resources across various industries.

RESEARCH METHODOLOGY:

This study is based on secondary sources of data such as articles, books, journals, research papers, websites and other sources.

GREEN CHEMISTRY: SUSTAINABLE SYNTHESIS AND APPLICATIONS OF RENEWABLE RESOURCES

Green Chemistry, also known as sustainable chemistry or environmentally benign chemistry, is a rapidly evolving scientific discipline focused on designing chemical processes and products that minimize the use and generation of hazardous substances. Its core principle revolves around the goal of developing more sustainable and eco-friendly solutions to traditional chemical practices. One of the fundamental aspects of Green Chemistry is the utilization of renewable resources as raw materials for synthesis. Renewable resources are natural substances that can be replenished or regenerated over time, unlike fossil fuels or non-renewable minerals. These resources include biomass, plant-derived materials, agricultural waste, and even CO2, among others. The synthesis of chemicals and materials using renewable resources can offer several advantages over conventional methods. For one, it reduces the dependence on finite fossil fuel reserves, thereby diminishing the environmental impact of extraction and refining processes. Additionally, by incorporating renewable feedstocks, Green Chemistry contributes to a circular economy where resources are continually recycled and reused, promoting sustainable practices throughout the supply chain.

THE APPLICATIONS OF RENEWABLE RESOURCES IN GREEN CHEMISTRY

The applications of renewable resources in Green Chemistry span across various industries, including pharmaceuticals, materials science, agriculture, and energy production. Below, we explore some key areas where sustainable synthesis and renewable resources are making significant strides.

- Agriculture and Agrochemicals: Green Chemistry principles are applied in designing safer and more efficient agrochemicals. Pesticides and fer-

tilizers derived from renewable resources are less harmful to ecosystems and human health, addressing concerns associated with conventional agrochemical use.

- Energy Production and Storage: Green Chemistry plays a crucial role in advancing sustainable energy technologies. For instance, biofuels produced from agricultural waste or algae offer a renewable alternative to fossil fuels, reducing greenhouse gas emissions and promoting energy independence.
- Green Solvents: Traditional chemical processes often rely on hazardous solvents. Green Chemistry promotes the use of benign solvents, such as water, supercritical CO2, and ionic liquids, which have lower toxicity and reduced environmental impact.
- Materials Science: Innovations in Green Chemistry have led to the development of biodegradable and renewable materials. For instance, bioplastics derived from plant starch or cellulose are being used as sustainable alternatives to conventional plastics, which are notorious for their long-lasting environmental impact. Such materials can find applications in packaging, consumer goods, and medical devices.
- Pharmaceutical Industry: Green Chemistry has enabled the synthesis of pharmaceutical compounds using bio-based starting materials, reducing the environmental burden associated with traditional processes. Natural plant extracts and biocatalysis are employed to produce active pharmaceutical ingredients, enhancing both efficiency and sustainability. This approach also opens up opportunities for the discovery of novel drugs from natural sources.
- Water Treatment and Pollution Control: Renewable resources are employed in the development of eco- friendly water treatment methods and pollution control technologies. Natural adsorbents derived from plant materials can effectively remove pollutants from water bodies, offering a more sustainable approach to water purification.

Furthermore, the integration of Green Chemistry principles into industrial processes not only benefits the environment but also brings economic advantages. Embracing sustainable synthesis and renewable resources can lead to cost savings in the long run, as it reduces the reliance on expensive fossil fuels, minimizes waste disposal costs, and fosters resource efficiency. Additionally, companies adopting Green Chemistry practices often gain a competitive edge by appealing to environmentally conscious consumers who prioritize products with a lower environmental impact. In academia, research and education in Green Chemistry are gaining momentum, leading to a new generation of chemists and engineers with a focus on sustainability. Universities and research institutions worldwide are emphasizing the importance of incorporating Green Chemistry concepts into their curricula, driving innovation and encouraging the adoption of greener practices in the industry. Regulatory bodies and governments have also recognized the significance of Green Chemistry in addressing environmental challenges and promoting sustainable development. Initiatives and policies have been introduced to encourage the adoption of cleaner technologies and sustainable practices across different sectors. Tax incentives, grants, and regulatory support for green initiatives incentivize businesses to invest in greener alternatives and technologies.

In the pursuit of a sustainable and green future, continuous research and development efforts are necessary to refine and expand the applications of Green Chemistry. **Following are some key areas of focus to accelerate progress:**

- Bio-based Feedstocks: Expanding the range of available renewable resources is essential to increase the versatility of Green Chemistry applications. Research in biotechnology, genomics, and agricultural sciences can lead to the discovery and cultivation of novel bio-based feedstocks with improved properties and performance.
- Catalysts and Processes: Developing efficient and selective catalysts for renewable feedstock conversion is crucial for enhancing the sustainability

and competitiveness of Green Chemistry processes. Continuous efforts are needed to optimize existing catalysts and explore new ones that can facilitate more eco-friendly chemical transformations.

- Circular Economy Integration: Green Chemistry can further contribute to the circular economy by designing products that are easily recyclable or biodegradable. Implementing closed-loop systems and sustainable waste management practices can minimize waste and promote resource conservation.
- Collaboration and Networking: Encouraging collaboration between academia, industry, and government agencies fosters the exchange of knowledge, resources, and expertise. Collaborative efforts can accelerate the development of sustainable technologies and their successful implementation on a larger scale.
- Education and Outreach: Promoting awareness and understanding of Green Chemistry principles among students, professionals, and the general public is crucial for driving widespread adoption. Educational programs, workshops, and outreach initiatives can inspire and empower individuals to incorporate sustainable practices into their work and daily lives.
- Life Cycle Analysis: Conducting comprehensive life cycle assessments of Green Chemistry processes and products is vital to ensure their overall environmental benefit. Evaluating the entire supply chain, from raw material extraction to product disposal, helps identify potential environmental hotspots and opportunities for improvement.
- Policy and Incentives: Governments can play a pivotal role in supporting the transition to Green Chemistry by implementing supportive policies, offering incentives, and setting standards for sustainable practices. By creating a conducive regulatory environment, governments can encourage companies to invest in green innovations and align their operations with sustainable principles.
- Public-Private Partnerships: Collaboration between the public and private sectors can expedite the translation of research findings into commercial applications. Public-private partnerships can facilitate funding, access to resources, and knowledge-sharing, enabling the successful deployment of Green Chemistry solutions.

There are specific sectors and challenges where innovative solutions can make a significant impact:

- Carbon Capture and Utilization: To combat climate change, Green Chemistry can play a role in developing carbon capture and utilization technologies. Converting CO2 into valuable products such as chemicals, fuels, and building materials can help reduce greenhouse gas emissions while simultaneously creating economic opportunities.
- Energy Storage: With the growing demand for renewable energy sources, efficient and sustainable energy storage systems are essential to ensure a stable and reliable power supply. Green Chemistry can contribute by developing eco-friendly and cost-effective materials for batteries, supercapacitors, and other energy storage technologies.
- Green Analytical Techniques: Analytical chemistry plays a crucial role in environmental monitoring and assessing the impact of industrial processes. Green Chemistry advocates for the use of eco-friendly and energy-efficient analytical techniques, reducing hazardous waste generation and resource consumption.
- Green Nanotechnology: Nanotechnology holds tremendous promise in various industries, but concerns about potential environmental and health impacts exist. Green Chemistry approaches can ensure the sustainable synthesis of nanoparticles and nanomaterials, minimizing potential risks and maximizing their benefits.
- Medicinal Plant Chemistry: Exploring the potential of medicinal plants and natural compounds can lead to the discovery of new drugs and therapies. Green Chemistry principles can guide the sustainable extraction and synthesis of these

compounds, promoting biodiversity conservation and reducing the environmental impact.

- Sustainable Agriculture: Green Chemistry can revolutionize agriculture by developing environmentally friendly pesticides, fertilizers, and soil additives. By harnessing renewable resources for these applications, we can promote healthier ecosystems and reduce the environmental impact of conventional agricultural practices.
- Sustainable Construction Materials: Green Chemistry can contribute to the production of sustainable construction materials like green concrete, which utilizes waste materials or renewable resources as partial replacements for traditional cement, reducing carbon emissions.

Sustainable Polymers: Green Chemistry can drive the development of sustainable and biodegradable polymers, reducing the environmental burden associated with conventional plastics. These materials can be used in packaging, textiles, and other applications without leaving a lasting ecological footprint.

- Waste Valorization: Green Chemistry can contribute to waste valorization by developing processes to convert waste materials into valuable products. By transforming waste into raw materials for new products or energy generation, we can reduce landfill waste and promote a circular economy.
- Water Scarcity: Green Chemistry can address water scarcity challenges by developing water-efficient processes, sustainable desalination methods, and eco-friendly water treatment technologies. Utilizing renewable resources to produce water treatment chemicals can reduce the environmental impact of these critical processes.

Incorporating Green Chemistry principles into these areas can drive innovation and create a more sustainable future. As the world faces pressing challenges related to climate change, resource scarcity, and environmental degradation, the adoption of Green Chemistry becomes increasingly imperative. By fostering research, encouraging collaboration, and implementing supportive policies, we can accelerate the transition towards a greener and more sustainable world. Let us embrace the potential of Green Chemistry to shape a future where human progress and environmental stewardship go hand in hand.

CONCLUSION:

Green Chemistry emerges as a critical scientific discipline that holds the key to addressing global challenges related to environmental sustainability and human well-being. Its principles and applications present a powerful pathway to build a more resilient and harmonious relationship between human civilization and the natural world. By adopting the guiding principles of Green Chemistry, chemists and engineers can create innovative and sustainable solutions that prioritize human health, minimize environmental impact, and foster economic prosperity. Through the utilization of renewable resources as raw materials for synthesis, Green Chemistry reduces our reliance on finite fossil fuels and helps mitigate the ecological consequences associated with their extraction and consumption. This paradigm shift towards renewable feedstocks promotes a circular economy, where resources are used efficiently, waste is minimized, and materials are continually recycled and reused. Green Chemistry's influence extends across a broad spectrum of industries. From pharmaceuticals to materials science, from agriculture to energy production, and from water treatment to pollution control, the applications of Green Chemistry hold tremendous promise. The development of eco-friendly pharmaceuticals, sustainable construction materials, and bio-based plastics are just a few examples of how this discipline can revolutionize various sectors, minimizing their ecological footprints while enhancing performance and economic viability.

Moreover, Green Chemistry fosters innovation and research in cutting-edge areas like carbon capture and utilization, energy storage, and nanotechnology. By designing processes and materials that are safe and sustainable from the outset, Green

Chemistry's "benign by design" approach ensures that environmental and health impacts are thoroughly considered during development.

Collaboration and knowledge-sharing among academia, industry, governments, and individuals are fundamental to advancing Green Chemistry's transformative potential. Governments can play a vital role in supporting the transition to greener practices through policy incentives, funding research, and implementing regulations that encourage sustainable practices. Industries that embrace Green Chemistry stand to gain not only by enhancing their environmental reputation but also by reducing long-term costs and enhancing their competitiveness in an increasingly eco-conscious market. As we navigate the complexities of environmental challenges and seek a more sustainable future, Green Chemistry offers a guiding light. Embracing this discipline is not merely an ethical choice but an essential and strategic decision for securing a thriving future for humanity and the planet. By harnessing the power of sustainable synthesis and renewable resources, Green Chemistry paves the way for a world where innovation and environmental stewardship go hand in hand. The journey towards a greener and more sustainable world requires commitment, collaboration, and collective action, and Green Chemistry provides the roadmap to make this vision a reality.

REFERENCES:

1. Anastas, P. T., & Warner, J. C. (1998). Green Chemistry: Theory and Practice. Oxford University Press.
2. Capello, C., Fischer, U., Hungerbühler, K. (2007). What is a Green Solvent? A Comprehensive Framework for the Environmental Assessment of Solvents. Green Chemistry, 9(9), 927-934.
3. Clark, J. H., & Macquarrie, D. J. (Eds.). (2016). Handbook of Green Chemistry. Wiley-VCH.
4. Clark, J. H., Luque, R., Matharu, A. S. (2012). Green Chemistry, Biofuels, and Biorefinery. Annual Review of Chemical and Biomolecular Engineering, 3, 183-207.
5. Sheldon, R. A., & Arends, I. W. (Eds.). (2007). Green Chemistry and Catalysis. Wiley-VCH.

*****

श्री कमलकांत त्रिपाठी कृत ऐतिहासिक उपन्यास 'पाहीघर' का कथ्य विश्लेषण"

-डॉ. चंद्रशेखर लमाणी
प्राचार्य सरकारी प्रथम दर्जा कॉलेज,
हलियाल, कर्नाटक
मेल : chandrulamani76@gmail.com
मोबाईल सं. : 9945246365

I. **प्रस्तावना** : नवें-दसवें दशक के संभावनशील कथा-साहित्यकार के रूप में श्री कमलकांत त्रिपाठी सामने आते हैं। जिनका स्थान कथा-साहित्य में निराला है। मुख्यतः भावात्मक सजगता और अनुभूतिगत तीव्रता का यथार्थ कथाकार हैं। आपने ऐतिहासिक परिवेश के साथ-साथ सामाजिक व्यवस्था और आधुनिक प्रणाली का अंकन अपने साहित्य द्वारा किया है। कहानी, उपन्यास, काव्य आदि रचनाओं द्वारा अपनी प्रतिभा का जन सामान्य तक पहुँचाया है। आपने समाज गाँव लोक परंपरा, मर्यादा, रीति-रिवाजें, ग्रामीण जीवन पद्धति, जाति विशेष-स्वतंत्र भारत के नवें दशक के पिछड़े गाँव की स्थिति-गति को अत्यंत सहज एवं यथार्थ रूप से चित्रित किया है। आपके साहित्य में गाँव के लोक जीवन को बड़ी आत्मीयता एवं लगाव के साथ गाँव की धूप-धूल, फूल, नदी-पहाड़, जंगल-झाडियाँ, सत असत्य, न्याय-अन्याय, रुढियों एवं लोक परंपरा में जीते लोगों के चित्रण को चित्रित किया है। इक्कीसवीं सदी की देहरी पर खड़े ये गाँव अब भी स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् पाँचवें दशक में भी पिछड़े हैं। धीमी गति से विकास और नई चेतना की आहट भी आने लगी है। लेखक कमलकांत त्रिपाठी ग्रामीण जनता के सुख-दुःख आशा निराशा, जय-पराजय एवं जीवन संघर्षों से जुड़े सामाजिक जीवन का खुला चित्रण किया है।

II.**उपन्यास पाहीघर का कथ्य :** पाहीघर में मुख्य कथा गुरुदत्त दूबे के परिवार से शुरु होती है जो दो पीढ़ियों तक चलती है। उस क्रम में तत्कालीन अवध की जमींदारी और सामंती जीवन का एक-एक तार सामने आता जाता है। इस कथा के समानांतर अवध के नवाब वाजीद अली शाह की कथा चलती है, जो अंग्रेजों के अवध पर पाँव जमाने और सिपाही विद्रोह की स्थिति तक आती है। कथा बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ती है। गुरुदत्त दूबे मिरजापुर जिले में विंध्याचल के पास कंतित गाँव के रहने वाले थे और वहीं रहकर देवी के मंदिर में पंडा का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। नवरात्र के अवसर पर दशरथपुर रियासत को राय कुंजल सिंह जब देवी दर्शन के लिए यहाँ आए तो गुरुदत्त दूबे ने उनकी भरपुर आवभगत की। इस पुरजोर स्वागत का सुपरिणाम यह निकला कि रायबहादुर ने प्रसन्न होकर उन्हें दशरथपुर आकर बसने का आमंत्रण दे डाला और यह भी सलाह दी कि वहाँ बसौली गाँव के उनकी खुदकाश्त जमीन भी वे ले लें और उसे जोतें-बोवें। गुरुदत्त ने इस प्रस्ताव पर तत्काल कोई निर्णय नहीं दिया। उन्होंने प्रस्ताव को अपने परिवार के सामने रखा तो बड़े बेटे शंकर ने उसे स्वीकारने का निर्णय दिया। अंत में दूबे परिवार बसौली आकर बस गया। उनका ठाट सामंती हो गया। खेती अच्छी होने लगी। राय बहादूर उन पर प्रसन्न हो गए। आसपास के छोटे जातियों के लोग दिन-भर सबकी सेवा टहल करते और बदले में उन्हें कुछ सेर अनाज मिल जाता।

शंकर की उम्र अधेड़ की हो गई थी इसलिए उनकी शादी न हो सकी। दुर्बली की शादी जल्दी हो गई। गौना के समय का संयोग ऐसा विपरीत हुआ कि इधर बहू का पाँव पड़ा और उधर ससुर गुरुदत्त दूबे हैजे का शिकार हो गए। शंकर की मुस्तद सक्रियता से गृहस्थी पर कोई अंतर नहीं आया। राय बहादूर ने इन्हें जो मालगुजार का ओहदा दिया था उसे वे बखूबी निभाते रहे। लेकिन इस बीच वे अपने कारंदे जैकरन की बिटिया रूप्पी (रुपा) के करीब आए। मिलना-जुलना जारी रहा बात हवा बन गई। इस बात को बसौली के सारे लोग जान गए। जैकरन भी जाना पर मजबूरी के कारण वह अनसुना किए रहा। रुप्पी से शंकर के संबंधों के कारण जैकरन की जिंदगी में कोई कमी न रही। उसके पास शंकर की दी हुई दो बीघा जमीन भी थी और ऊपर से और भी खर्चे मिलते थे। दुर्बली बड़े, भाई शंकर की इस स्थिति से जलता भी था और तिलमिलाता भी। उसे इस जीवन व्यवस्था से घृणा थी। लेकिन इसे वह व्यक्त न करता था। उससे घर का काम भी न होता था। मौका पाकर वह घर से भागा और सलतापुर रिसाले की फौज में भरती हो गया।

अवध के नवाब वाजिदली शाह मसनद पर बैठते ही आवाम की हालात सुधारने के लिए वे बेताब हो उठे। उन्हें अपने इलाके के रियाया की बदहाली पर तरस आता है। उन्होंने आवाम की हालत सुधारने की गरज से सबसे पहले फौजी ताकत बढाने का काम सोचा, जिससे तालुकेदारों और जमींदारों की मनमानी को रोका जा सके। लेकिन इस्ट इंडिया कंपनी के कलकत्ता स्थित बडे लाट का खरीता आ गया जिसमें उसने फौजी ताकत न बढ़ाने की चेतावनी दी थी। बादशाह ने मजबूरी में इस मंसूबे को रोका और आवास के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भूलकर एय्याशी में डूब गए। उधर स्लीमैन नामक अंग्रेज ऑफिसर ने अवध का दौरा कर कंपनी हुकूमत को यह सुझाव दे डाला कि अवध की हालत खराब है, कंपनी अपने कब्जे में ले ले। हुआ भी यही, बादशाह को हटाकर अवध का प्रशासन कंपनी ने संभाल लिया। इधर कारतूस में गाय और सुअर की चर्बी के मिलावट की अफवाह से सिपाहियों ने विद्रोह किया। कंपनी ने जमींदारी और तालुकेदारी की नई शक्ल दी और लगान बढाई गई। शंकर की मालगुजार की पदवी खत्म हो गई। दुर्बली विद्रोह में मारा गया और रूप्पी गर्भवती के बाद उपचार के अभाव में या गर्भपात कराने के कारण चल बसी। शंकर ने जैकरन को उसकी जमीन से बेदखल कर दिया। इस कारण जैकरन ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस तरह 'पाहीघर' का आरंभिक मजमा समय की आँधी में तबाह

हो गया।

कमलकांत त्रिपाठी ने 'पहीघर' उपन्यास में वर्तमान युगीन सामाजिक परिवारिक विषमताओं को ही उद्घाटित किया है। किसान शोषण हमारे समाज में एक प्राचीन समस्या रही है। जिसके समाधान के रूप में ऊपरी तौर से काम किए जा रहे हैं। प्रारंभ से ही हमारे समाज में यही मानसिकता बनी रही है, कि किसान जमींदार या तालुकेदार से कमजोर है। किसान को पूजा के योग्य मानकर उसे उसके मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा गया है।

वर्तमान युग में शिक्षा से प्रभावित होकर किसान और जमींदार को समान मानना केवल नारेबाजी लगाने में ही है। वास्तविकता यह है कि जमींदार परंपरागत रूप से किसान पर प्राप्त अपने अधिकार से वंचित नहीं होना चाहता। किसान की मानासिकता भी यही रही है कि यह स्वयं को जमींदार से कमजोर मानकर उसके शोषण का शिकार बना रहा है। किन्तु उसमें आज विद्रोह की चेतना उत्पन्न होने पर भी वह संपूर्ण रूप से विद्रोह करने में सफल नहीं है। लेखक ने 'जैकरन के जीवन के माध्यम से किसान जीवन की विडंबनापूर्ण स्थिति को उजागर किया है।

'पाहिघर' ऐसी अनेक त्रासदियों की कथा है, जिसमें मनुष्यता की साँसे टूटती हैं। जैकरन भारतीय किसानों की परंपरा में 'होरी' की श्रृंखला में आता है, जिसकी उम्मीदें निर्यात के पाटों में पिस जाती है। सामंती युगीन परिवेश में आम किसानों की यातना और उससे उभरने के लिए उनके द्वारा किया गया संघर्ष अंततः कारगर नहीं होता और उन्हें मौत के मुँह में जाने से कोई नहीं रोकता।

लेखक ने उपन्यास को रजक बनाने का प्रयत्न किया है पाठक की जिज्ञासा बनाए रखने के लिए कथा में मोड़ है। नारी तथा यौनाकर्षण को विशेष स्थान मिला है। इस उपन्यास में रूपा शंकर दूबे को आकर्षित करती है। जब तक रूपा का सौंदर्य रहता है तब तक शंकर दूबे उसका फायदा उठाता है। कुछ दिन के बाद रूपा का शरीर रोगग्रस्त हो जाता है तथा एक दिन उसका देहांत भी हो जाता है। जो रूपा के पिता जैकरन को दिए दो बीघा जमीन वापस ले लेता है। हम यहाँ पर किसान शोषण के साथ-साथ नारी शोषण को भी देख सकते हैं। इस तरह का शोषण भारत के गाँवों में हो रहा है।

प्रेमचंद से जिस औपन्यासिक परंपरा का सूत्रपात हिंदी में हुआ कहना चाहिए कि उसी परंपरा को कमलाकांत त्रिपाठी ने 'पहीघर' से आगे बढाया है। इस दृष्टि से कहा जाता है कि 'पहिघर, गोदान, मैला आँचल, बूँद और समुद्र तथा राग दरबारी' का नूतन उन्मेष है। वर्षों बाद ग्रामीण भारत की विद्रूपता को उसी तेवर में उपस्थित करने का सफल प्रयास कमलाकांत त्रिपाठी ने किया है।

वैचारिक स्तर की खोज करने में इस उपन्यास में दिक्कतें आती हैं। उपन्यासकार ने ऐसा कोई मुख्य पात्र नहीं बनाया, जिसके वक्तव्यों के आधार पर 'पहीघर' में विचारधारा की भूमिका की जांच पड़ताल की जा सके। लेकिन इतना जरूरी है कि 'पहीघर' में आम जनता की वकालत हुई है। उसके दुःख दर्द की दुहाई दी गई है और समूचे उपन्यास में सामंती और जमींदारी व्यवस्था को कोसा गया है। इस प्रकार आवाम की खुशहाली के लिए संघर्ष करता यह उपन्यास 'स्वतंत्रोत्तर भारत' की हिंदी उपन्यासों की परंपरा में एक अत्यंत प्रासंगिक और अनूठा उपन्यास बन पड़ा है।

निष्कर्ष :

निःसंकोच कहा जा सकता है कि इस उपन्यास के माध्यम से तत्कालीन समाज की विसंगतियों और अंतद्वंद्व का भी दर्पण है। जिसके कारण कल और आज में कोई तात्विक फर्क नहीं दिखता। सांप्रदायिक और जातीय तनाव पैदा कर राजनीति करनेवाले तब भी थे और आज भी हैं, बस फर्क यह है, कि उनके मुखौटे बदल गए हैं। उस वक्त यह काम विदेशी करवाते थे और अब यही काम देशी चरित्र करा रहे हैं। समाज में परिवर्तन लाने के लिए जन चेतना आवश्यक है। यह परिवर्तन उपन्यासों के सृजन से ही संभव हो सकेगा ऐसा मेरा विश्वास है। वर्तमान राजनीति भ्रष्टाचार के चरम बिंदु को छूने के लिए कृत संकल्प है। आज जनता को भ्रष्ट राजनीति से उभार कर नूतन एवं स्वस्थ परिवेश प्रदान करने के लिए इसी तरह सशक्त औपन्यासिक कृतियों की सृजन की ज्यादा ही आवश्यकता है। यह संतोष का विषय है, कि हिंदी के कथाकार इसी ओर सचेष्ट हैं और इस विषय पर निरंतर योग्य कथा कृतियों का सृजन कर रहे हैं।

संदर्भ सूचि :

1. पहिघर (उपन्यास) : श्रीलाल शुक्ल
2. हिंदी उपन्यास एक अंतयात्रा : डॉ. रामदरश मिश्र
3. हिंदी के ऐतिहासिक उपन्यास : डॉ. रामनारायण सिंह 'मधुर'

*****

अनुदित साहित्यों द्वारा साहित्य का विकास.
(तमिलनाडु के विशेष संदर्भ में)

-डॉ. एस.प्रीति
एसोसिएट प्रोफेसर
हिंदी विभाग
फैकल्टी ऑफ़ साइंस एंड ह्यूमैनिटीज
एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी
कॉटानकोलेथूर -603203
दूरभाष-8939934141

पृष्ठभूमि-

अनुवाद का मूल अर्थ है पुनः कथन या किसी के कहने के बाद उसे दोहराना। शब्दार्थ चिंतामणि नामक संस्कृत कोश ग्रंथ में अनुवाद का अर्थ दिया गया है- प्राप्रस्य पुनः कथने या' ज्ञातार्थस्य प्रतिपादने' अर्थात पहले कहे गये अर्थ को फिर से कहना।प्राचीन भारत में शिक्षा की मौखिक परंपरा थी ।विद्याज्ञान विषय को वाङ्मय कहा गया था। गुरु नानक या आचार्य जो कहते सीखाते उसे तत्काल दोहराते थे ।इस दोहराने को भी अनुवाद या अनु वचन कहते थे।

जब विश्व के सभी देश की अपनी अपनी संस्कृति है, अपनी अपनी समस्याएं हैं ,अपनी व्यवस्था है ,उनकी परिस्थितियों के अनुरूप इस परिवेश में वहां साहित्य सृजन भी हो रहा है, तो फिर अनुवाद की आवश्यकता क्यों है? वास्तव में आज की परिस्थितियों में हम देख रहे हैं कि वैज्ञानिक प्रगति के फलस्वरूप विश्व सिमट कर इतना छोटा हो गया है कि वैश्वीकरण और भूमंडलीकरण का बोलबाला है ।आज विश्व के किसी कोने में किसी भी दूसरे देश के वास्तु मिलन असंभव नहीं लगता तो साहित्यिक आदान-प्रदान की विश्व मानव को एक दूसरे के करीब लाने का एक साधन बन गया है

जर्मन महाकवि गेट अभिज्ञान शाकुंतलम् को पढ़कर झूम उठे। इस नाटक से मुक्त होकर ही उन्होंने विश्व को जर्मन भाषा में एक बेहतरीन कलाकृति प्रदान की ।कालिदास के इस नाटक का संस्कृत से जर्मन में अनुवाद करते समय गेटे ने एक कलाकार के रूप में कथ्य संदेश और उन प्रतिको ,बिंबो ,रोशनी एवं प्रकृति चित्रणों को लक्ष्य भाषा में से बखूबी से उडेला था और मानो एक शरीर से आत्मा निकालकर दूसरे शरीर में डाल दी गई हो उसने कला सौंदर्य की अभिव्यंजना पर जरा भी ख़रोंच नहीं आने दी।

परिचय-

भारत विविधताओं से भरा देश है । जहां विभिन्न धर्मों, समुदायों, रीति - रिवाजों, खान-पान एवं वेशभूषा वाले लोग निवास करते हैं। भारत विविधताओं से भरा होने के साथ-साथ बहुभाषी देश है। संपूर्ण विश्व में भारत ही एकमात्र देश है जिनकी मिट्टी इन विविधताओं से सुशोभित है। जैसे किसी वाटिका की सुंदरता उसके नाना प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों से होती है, ठीक वैसे ही भारत की सुंदरता इसकी विविधताओं से ही है।

हम सभी जानते हैं, भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त भारत में 100 से अधिक क्षेत्रीय भाषाएं हैं, जिनमें नित् नए उत्कृष्ट साहित्यिक रचनाएं हो रही है। साहित्य के सागर में उठने वाले इन बुलबुलों से हम सभी खुद को सुशोभित करना चाहते हैं। क्योंकि मानव एक जिज्ञासु प्राणी है और वह प्रत्येक चीजों को जानना, समझना और परखना चाहता है। लेकिन मानव सभ्यता का एक कटु सत्य यह भी है कि वह सभी चीजों की एक साथ जानकारी नहीं मिल सकती है। यह स्थिति भाषा के साथ भी होती है। व्यक्ति को प्रत्येक भाषा का ज्ञान होना संभव नहीं होता। ऐसे में अनुवाद एक ऐसा सशक्त माध्यम होता है, जो सभी भाषाओं को एक सूत्र में पिरोता है, जिससे व्यक्ति विभिन्न साहित्यिक रचनाओं का रसपान कर पाते हैं।

अनुवाद का स्वरूप:

अनुवाद के माध्यम से ही भारत विविधताओं से भरा होने के बावजूद एक कड़ी में बंधा हुआ है। यदि अनुवाद नहीं होता तब 'अनेकता में एकता', महज एक अवधारणा ही रहती। इस पंक्ति का यथार्थ से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं होता।

कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तथा पोरबंदर से लेकर सिलचर तक अनुवाद ही पूरे भारत को जोड़ने में सेतु का काम करता है। अनुवाद के कारण ही हम सभी संविधान में वर्णित 22 भाषाओं सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं में रचित रचनाओं से साहित्यिक परिमार्जन कर पाते हैं।

अनुवाद उत्तर और दक्षिण को जोड़ने में सेतु का काम करती है!

तमिल साहित्य और अनुवाद:

हिंदी में तमिल साहित्य का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत करने वाले पहले विद्वान श्री पुर्णम सोमसुंदरम् ने अपनी लघु पुस्तक 'तमिल और उसका साहित्य' में तमिल साहित्य की संक्षिप्त रूपरेखा मात्र प्रस्तुत की। एन. वी. राजगोपालन जी ने 'तमिल साहित्य का नवीन इतिहास' शीर्षक की अपनी कृति में तमिल साहित्य के विभिन्न युगों की साहित्यिक प्रवृत्तियों का अपेक्षाकृत विस्तार से विवेचन किया है। साथ ही के. ए. जमुना जी, शंकर राजू नायडू जी, पी. जयरामन जी जैसे विद्वानों ने तमिल साहित्य का छायानुवाद किया। बाद में माननीय श्री एम. शेषन जी ने साहित्य अकादमी के अनुरोध पर तमिल के

सुप्रसिद्ध विद्वान मु. वरदराजन कृत 'तमिल इलक्कम वरलारू' का हिंदी रूपांतरण 'तमिल साहित्य का इतिहास' शीर्षक से किया। जो अकादमी द्वारा प्रकाशित क्रमबद्ध रूप से प्रथम बार हिंदी पाठकों के सम्मुख आया।

तमिल भाषा के प्राचीन नीति ग्रंथ एवं तमिलवेद के नाम से प्रसिद्ध संत तिरुवल्लुवर रचित 'थिरुकुरल' का हिंदी अनुवाद मु. गो. वेंकटकृष्ण जी ने उत्तर वेद के नाम से किया। मूल कृति डेढ़ चरण वाले तमिल भाषा के प्राचीनतम छंद 'कुरुल' में रचित है और उनमें 1330 कुरूल संकलित है। वेंकट कृष्ण जी ने समस्त कुरूलों का अनुवाद आधुनिक खड़ी बोली और दोहा छंद में किया जो कि इस अनुवाद की विशेषता है। श्री वी. डी. जैन, श्री टी. इ. एस. राघवन, श्री शंकर राजू नायडू, डॉ एन सुंदरम् जी, डॉ राम शंकर मिश्रा एवं हाल ही में डॉ. गोविंद राजन द्वारा अनूदित थिरुकुरल पुस्तक का विमोचन हमारे माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'काशी तमिल संगमम्' में किया गया.

संधोतर काल में रचित पांच सर्वश्रेष्ठ काव्य 'पंच वृहद काव्य' - शीलप्पदीकारम, मणिमेखलै, जीवक चिंतामणि, वलप्पापदी और कुण्डलकेसी है। यह ग्रंथ संख्या, मीमांसा, सिद्धांतवाद एवं बौद्ध भिक्षुओं के बीच शास्त्रार्थ, धर्म के तर्क - वितर्क का अखाड़ा है। इस रस - सिद्ध काव्य का अनुवाद एस. एन. गणेशन जी ने किया है।

संधोत्तर काल में पारलौकिक एवं धार्मिक प्रवृत्तियों का जो प्रादुर्भाव हुआ उसका भक्तिकाल धारा के रूप में उसका विकसित होना स्वाभाविक है। भक्तिकाल की सभी रचना शैव एवं वैष्णव कवियों द्वारा रचित है। वैष्णव संत कवि अलवार (रक्षक) कहलाते हैं। 12 अलवारों द्वारा रचित चार हजार कविताओं का वृहद संग्रह दिव्य प्रबंधम् कहलाता है। इस बृहद काव्य का अनुवाद पं. श्रीनिवास राघवन ने किया है। साहित्य की इस अनमोल कृति को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जनता में छाए हुए नैराश्य को दूर करके मानव हृदय में सरलता का संचार करने में शैव संतो की अद्वितीय देन रही है। शैव सिद्धान्तों पर कई साहित्यिक रचनाएं हुई है। इनमें 12 तिरुमूरै का उल्लेखनीय स्थान है ।इन पदों का भावानुवाद श्री एन सुंदरम् जी ने किया।

11वीं शताब्दी में चोल राजा द्वितीय कुलोतुंगन के समय में महाकवि कम्बन ने रामायण के अमर काव्य की रचना की। कम्बन की रामायण मौलिक रचना है। यह वाल्मीकि के महाकाव्य के आधार पर लिखी गई है। कम्बन की रामायण 10,500 वृत्त कविताओं में निर्मित काव्य है। कैकयी, मंथरा - वालि, सीता-हरण, रावण-वध, कुंभकरण आदि पत्रों में कम्बन ने मौलिक विचार व्यक्त कर तमिल संस्कृति के अनुरूप एक नया मोड़ दिया है। कम्बन का महत्व इसमें यह है कि, उन्होंने संस्कृत एवं तमिल काव्य शैलियों का समुचित समन्वय किया है। कम्बन ने प्रधान पात्रों के ही नहीं, गौण पात्रों के भी चरित्र चित्रण में अद्भुत कलाकारिता एवं सहृद्धय सूझ का परिचय दिया है। इस तमिल रामायण का अनुवाद न. वि. राजगोपाल जी ने किया है। अनुवाद गद्य शैली में है।

इसी तरह सुब्रमण्यम भारती जी जिन्होंने तमिल साहित्य एवं समाज में एक क्रांति मचा दी। जिससे दोनों का काया पलट हो गया। उन्होंने पंडिताऊ शैली के बंधन से भाषा को मुक्त किया और लोगों को संकुचित भावनाओं से ऊपर उठकर विशाल राष्ट्रीयता एवं मानवता का दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। सुब्रमण्यम भारती जी के खंडकाव्य में पांचाली शपथम् का विशेष स्थान है। महाभारत की द्रौपदी की शपथ कथा को आधार बनाकर भारती ने पांचाली शपथम् की रचना की। एन. सुंदरम तथा विश्वनाथ विश्वासी जी ने इसका अनुवाद किया।

हिंदी लेखकों ने तमिल के अनेक नए पुराने कथाकारों से हिंदी जगत का परिचय कराया। जैसे एन. सुंदरम जी के मूरदराजन कृत 'कारीटुडू' का हिंदी अनुवाद 'कोयले का टुकड़ा' नाम से किया है।

सुन्दरम्

तमिलनाडु के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मु. करुणानिधि कृत 'औरैरक्तम्' का हिंदी अनुवाद 'एक ही रक्त'

हिमांशु जोशी 'उन्नकाग' का हिंदी अनुवाद 'तुम्हारे मित्र'

विष्णु प्रभाकर अर्धनारीश्वर का अनुवाद किया है।

तमिल साहित्य और अनुवाद का अनुपम संग्रह:

डॉ वी. पद्मावती

(1) 20वीं शताब्दी की तमिल कहानी - 100 कहानी संकलनों

(2) ओरुग्राम्मत नदी- सी.पी. बालासुब्रमण्यम - एक ग्रामीण नदी

(3) कालजयी महाकवि सुब्रमण्यम भारतीयार की चुनी हुई कविताओं का अनुवाद

हिंदी में

(1) विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की चुनी हुई कविताओं का कितग्गिय नान् नाम से तमिल में अनूदित

(2) हिंदी के विख्यात साहित्यकार गोविंद मिश्रा उपन्यास 'कोहरे में कैद रंग' का तमिल में अनुवाद 'मुदपनि सिरभईल वंधल'।

डॉ एम गोविंदराजन

कहानी संकलन

(1) डॉ रमेश पोखरियाल निशंक जी का कहानी संकलन 'संकल्प' तमिल में अनुवाद 'एनदु शबरम्'

(2) सिदूल नलन्द सेंदामरै हिंदी से तमिल अनुवाद

(3) तमिल कहानियों का हिंदी अनुवाद

(4) डॉ रमेश पोखरियाल निशंक जी का ए वतन तेरे लिए का तमिल अनुवाद 'ताए नाडे उनक्काह'

(5)आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हिंदी कविता साक्षी का तमिल पद्यनुवाद अंन्नैविन तिरूवडिहलुवकु

(6) विद्यापति की पदवालियों का तमिल अनुवाद 'विद्यापति काण्ह कादल चुवै सिल तुलीगल'

नाटक

(1) डॉ .चतुर्भुज जी का हिंदी नाटक रावणन् का अनुवाद

जीवनी

(1) डॉ कमल किशोर गुप्ता रचित महामनीषी आचार्य रघुवीर का तमिल अनुवाद मामनिद अचार्यर रघुवीर

आध्यात्मिक क्षेत्र में अनुवाद:

(1) तुलसीदास जी कृत रामचरितमानस का तमिल गद्यानुवाद

(2) तुलसीदास जी कृत विनय पत्रिका का तमिल गद्यानुवाद

रा. शौरीराजन

(1) कालिदास कृत अभिज्ञान शाकुंतलम का हिंदी अनुवाद

(2) डी. जयकांतन (भूले गुनाह नहीं होती) एवं 10 कहानियों का हिंदी अनुवाद

(3) एन शंकरण के यात्रा वृतांत का हिंदी अनुवाद 'बीस साल के देश (जर्मनी) मे 20 दिन की यात्रा कृति को केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

(4) सुजाता के तमिल उपन्यास पदिनाल नाटकल 'चौदह दिन' का अनुवाद

(5) डॉक्टर एम. शेषन जी ने शिवकुमार मिश्र के निलाचंद उपन्यास का तमिल में अनुवाद किया

(6) डॉ.पी.के. बालासुब्रमण्यम जी ने तमिल के समकालीन ग्रंथों, जो की 20 के लगभग है, का अनुवाद हिंदी में प्रस्तुत किए। जिनमें तिरुवल्लुवर आत्तिच्चुडि, तिरूमुरूगाटुप्पडै, नट्रिणै, ने कलित्तोगे, आदि है।

तमिलनाडु में अनुवाद का विस्तार:

साहित्य समाज का दर्पण होता है और भारत जैसे बहुभाषिक एवं विविधतापूर्ण देश में इसके अनेक प्रतिबिंब है। अनुवाद एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा उत्तर से दक्षिण के बीच विभिन्न भाषाओं में पारस्परिक अनुवाद होता है। आलेख में तमिलनाडु में तमिल विद्वानों द्वारा भारतीय भाषाओं की साहित्यिक कृतियों पर विशेष आलोक प्रदान कर तमिलनाडु के साहित्यिक विरासत की ओर अलौकित किया गया है ।इसके साथ ही इसमें उत्तर भारतीय अनुवादकों द्वारा तमिल में उपलब्ध साहित्य समाज एवं भक्ति से संबंधित महान कृतियों का उल्लेख किया गया है।सन् 1934 में श्रीमती अंबुजम्माल ने रामचरितमानस के अयोध्या कांड एवं गोदान का तमिल अनुवाद किया। श्री के. एम. शिवराम शर्मा ने महाकवि सुब्रमण्यम भारती की तराजू.ज्ञानररथम् आदि तमिल कृतियों का हिंदी रूपांतर किया।

डॉ. एन सुंदरम, डॉ. एम.शेषन, डॉ. आर. एम. श्रीनिवासन, डॉ. एम. गोविंदराजन, डॉ. बालशौरि रेड्डी, डॉ .पी.के. बालासुब्रमण्यम डॉ शोरि राजन, डॉ रुकमा जी राव अमर, डॉ.श्रीधारन,श्रीमती सरस्वती रामनाथन, डॉ. के ए जमुना, डॉ पी जयरामन, डॉ. एस. एन. गणेशन, डॉ. शारदा रमणी, डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन्, डॉ. जमुना कृष्णराज, डॉ. एथिल नचयार, डॉ. के सुलोचना, पार्वती, डॉ. के गौरी , डॉ. चित्रा अवस्थी,आदि ऐसे नाम है जो अनुवाद को ही अपना तरकश बनाया।

ऐसे में साहित्यिक और संस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अनुवाद आज के युग में अनिवार्य आवश्यकता है।

इस प्रकार यह आलेख साहित्य एवं समाज के मध्य अनुवाद को एक सेतु की तरह दर्शाता है ।

अनुवादक विमल मिश्र' "अनुवादकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहते हैं मूल रचनाकार अपनी रौ में लिखता जाता है उस पर कोई बंदिश नहीं होती लेकिन अनुवादक को रेलगाड़ी की तरह पटरी पर चलना पड़ता है ।वह आगे जोड़ते हैं जैसे इंजन के ड्राइवर की जिम्मेदारी होती है मुसाफिरों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने की, ठीक वैसे ही जिम्मेदारी अनुवादक की होती है मूल रचना के भाव को अनूदित रचना में समेकित करने की, अनुवादक को देना पड़ता है- प्रकाशक को ,पाठकों को ,और मूल पुस्तक के रचनाकार?"

अतः प्रस्तुत आलेख पर दृष्टिगोचार करते हुए हमें तमिलनाडु में अनुवाद एवं अनूदित साहित्यों द्वारा साहित्य के चतुर्थीक विकास की झलक दिखाई देती है

निष्कर्षत:इस आलेख के मूल मर्म को स्वरचित निम्नलिखित पक्तियों से सुशोभित किया जा रहा है :

भाषा- भाषा के संगम में सेतु है अनुवाद

उत्तर -दक्षिण पूरब -पश्चिम विस्तारित निर्विवाद

संदर्भ ग्रंथ

1.अनुवाद सिद्धांत और प्रयोग- डॉ. अमर सिंह वधान

2.भारतीय अवधारणा तमिल संस्कृति के मुख्य सोपान - डॉ.पी .आर .वासुदेवन "शेष"

3.अनुवाद कला -डॉ.एन. ई. विश्वनाथ अय्यर

3.अनुवाद विज्ञान सिद्धांत और प्रवृत्ति- भोलानाथ तिवारी

4.अनुवाद शिल्प: समकालीन संदर्भ, कुसुम अग्रवाल

5.अनुवाद प्रक्रिया एवं परिदृश्य -रीतारानी पालीवाल

*****

नाथ साहित्य और गोरखनाथ

कपिल कुमार रंजन
शोधार्थी,
हिंदी विभाग
काशी हिंदू विश्वविद्यालय
सम्पर्क सूत्र-9807566898

नाथ संप्रदाय के प्रमुख संतो में गोरखनाथ का नाम बड़े आदर और सम्मान से लिया जाता हैं। ये मत्स्येंद्रनाथ के शिष्य थे। मध्ययुगीन भारतीय समाज में उत्पन्न इस सम्प्रदाय में प्रमुख रूप से बौद्ध, शैव तथा योग की परम्पराओं का एक अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। नाथ सम्प्रदाय हठ योग की साधना पद्धति पर आधारित है। गोरखनाथ इस पंथ के उन्नायक है। इनका जन्म पश्चिमी भारत में 9वीं शताब्दी से12वीं शताब्दी के मध्य माना जाता है। नाथ सम्प्रदाय सहजयानियों की भाँति केवल भारतवर्ष के किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है बल्कि पूरे देश में व्याप्त एक धर्मसाधना पद्धति है। नाथ सम्प्रदाय तथा उसकी शाखा और उप-शाखाएं देश के अलग- अलग रूप में फैली हुई हैं। नाथ सम्प्रदाय के विस्तार को देखने से यह प्रतीत होता है कि इस सम्प्रदाय में और भी बहुत-सी छोटी- बड़ी धर्मसाधनाएँ कालान्तर में विलीन होती रही हैं। वैसे तो नाथ संप्रदाय के धर्माचार्यों में गोरखनाथ ही सबसे अधिक प्रभावशाली और प्रख्यात रहे हैं,परन्तु वे नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक नहीं थे। वे इस सम्प्रदाय की पहले से चली आ रही परम्परा की धारा के उन्नायक हुए थे, इसलिए निश्चित रूप से यह नहीं कहा जा सकता कि इस धारा का सूत्रपात कब और कैसे हुआ है।

हिंदी साहित्य के इतिहास में आदिकाल एक प्रमुख धारा के रूप में विद्यमान है। सिद्ध और नाथ साहित्य इसी धारा के अन्तर्गत आते है। सिद्ध संप्रदाय का ही एक विकसित स्वरूप नाथ सम्प्रदाय है,जिसमें बौद्ध और शैव मत के कुछ प्रमुख सिद्धांत और विचारों को स्वीकार कर नया आयाम दिया गया है। लोक जनमानस में यह कहावत प्रचलित है की अंतिम सिद्ध संत मत्स्येंद्रनाथ जब विषय और भोग- वासना के गिरफ़्त में फंस गए थे तब गोरखनाथ ने उनको जगाने के लिए कहां 'जाग मछंदर गोरख आया' यह पंक्ति ही मत्स्येंद्रनाथ के लिए एक तरह से विषय वासनाओं को छोड़ अपने को नित्य नियम, आचार, विचार और संयम की ओर उन्मुख करने वाला रहा है। इसके प्रभाव से ही मत्स्येंद्रनाथ की दिशा बदल गई और वे सांसारिक कार्य और आकर्षणों से पूर्णतः मुक्त हुए।

'अथर्ववेद' और 'तैत्तिरीय ब्राह्मण' संहिता ग्रंथ में 'नाथ' शब्द का प्रयोग 'रक्षक' या 'शरणदाता' के अर्थ में मिलता है। महाभारत एवं रामायण तथा अन्य ग्रंथों में नाथ' शब्द का प्रयोग स्वामी अथवा पति के रूप में पाया जाता है। शैव मत के अनुयायी 'नाथ' शब्द का प्रयोग आराध्य देव शिव के अर्थ में रूप में करते है। गोरखनाथ ने भी 'नाथ' शब्द का प्रयोग किया है। 'गोरखबानी' में संगृहीत-संपादित रचनाओं में 'नाथ' शब्द का व्यवहार दो अर्थों में हुआ है। भणिति में 'नाथ' शब्द का प्रयोग मिलता है- "नाथक है तुम आपाराखौ। नाथक है तुम सुनहुरे अवधू।।"[1] नाथ संप्रदाय से संबद्ध साहित्य में प्रयुक्त 'नाथ' शब्द के इस विवेचन से यह अर्थ निकलता है कि 'नाथ' शब्द के दो अर्थ हैं-परमतत्व या ब्रह्म, गुरु। हिंदी के सुप्रसिद्ध आलोचक आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा हैं कि "नाथ पंथ या नाथ-संप्रदाय के सिद्ध-मत, सिद्ध- मार्ग, योग- मार्ग, योग-संप्रदाय, अवधूत-मत एवं अवधूत- संप्रदाय नाम से भी प्रसिद्ध है।"[2] सिद्धयोगियों के वामाचार का विरोध करते हुए जो विचार धारा खड़ी हुई वह नाथ पंथियों की थी। यद्यपि इनका मूल बौद्ध धर्म की वज्रयान शाखा से है। सिद्धयोगियों ने योग साधना को मैथुन का स्वरूप देकर समाज में अपने स्वराचार को वाममार्गी शरण दी थी।

नाथ संप्रदाय ने योग साधना को एक स्वस्थ और समाज उन्मुख साधना के रूप में अपनाया और आदिकालीन धार्मिक सामाजिक जीवन में व्याप्त अनाचार को खत्म करने का प्रयास किया। यद्यपि नाथ संप्रदाय में इस मत के प्रवर्तक के रूप में हम 'आदिनाथ शिव' को मानते हैं, लेकिन सही अर्थ में इस मत को सुव्यवस्थित रूप देने का श्रेय हमारे सामाजिक और लोक उन्मुख पहले कवि और समाज सुधारक गोरखनाथ को ही माना जा सकता है। गोरखनाथ ने अपने इस संप्रदाय को सिद्ध साधकों के वामाचार से न सिर्फ अलग किया अपितु अपने सम्प्रदाय को 'नाथ संप्रदाय' के रुप में प्रचलित भी किया। 'नाथ' शब्द में से 'ना' का अर्थ है 'अनादि रूप' और 'थ' का अर्थ है- भुवनत्रय में स्थापित होना। इस प्रकार 'नाथ'शब्द का अर्थ है वह अनादि धर्म, जो भुवनत्रय की स्थिति के कारण है। इस संप्रदाय के अंतर्गत आदिनाथ (स्वयं शिव), मत्स्यन्द्रनाथ, गोरखनाथ, गहिणीनाथ, चर्पटनाथ, चौरंगीनाथ, जालंधरनाथ, भर्तृनाथ, गोपीचन्दनाथ कुल नौ नाथ हुए। इन्होंने अपनी शिक्षा और योग सिद्धियों और धार्मिक मान्यताओं के प्रचार के लिए जो साहित्य रचा वहीं नाथ साहित्य कहलाता है। नाथ साहित्य के संदर्भ में हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक आचार्य रामचंद्र शुक्ल लिखते हैं कि "नाथ संप्रदाय में भी शास्त्रज्ञ विद्वान नहीं आते थे। इस संप्रदाय के कनफट रमते योगी घर के भीतर के चक्रों, सहस्त्रदल, कमल, इडा, पिंगला, नाड़ियों इत्यादि की ओर संकेत करने वाली रहस्यमयी बानियाँ सुनाकर और करामात दिखाकर अपनी सिद्धों की धाक सामान्य जनता पर जमाए हुए थे। वे लोगों को ऐसी बातें सुनाते आ रहे थे कि वेदशास्त्र पढ़ने से क्या होता है, बाहरी पूजा अर्चना की विधियां व्यर्थ हैं, ईश्वर तो प्रत्येक के घट के भीतर है, अंतर्मुख साधनों से ही वह प्राप्त हो सकता है, हिंदू मुस्लिम दोनों एक हैं, दोनों के लिए शुद्ध साधना का मार्ग भी एक है, जाति-पाँति के भेद व्यर्थ खड़े किए गए हैं।"[3]

नाथ संप्रदाय में गोरखनाथ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है इनका साहित्य सृजन 'गोरखवाणी' नाम से प्रचलित है। इस साहित्य में यदि कोई त्रुटि देखने को

मिलती है तो वह है गृहस्थ जीवन के प्रति उदासीनता भाव। नाथ पंथ के प्रमुख रचनाकार हैं, गोरखनाथ, चौरंगीनाथ, गोपीचंद चुणकरनाथ भरथरी का नाम प्रसिद्ध हैं। गोरखनाथ की हिन्दी की रचनाओं में गोरखबोध, गोरखनाथ की सत्रह कला, दत्त गोरख संवाद, योगेश्वरी माखी, नरवइ बोध, विराणपुराण, गोरख सार तथा गोरखनाथ बानी उपलब्ध हैं। हिन्दी साहित्य के अतिरिक्त गोरखनाथ का कुछ साहित्य संस्कृत में भी प्राप्त होता हैं। अन्य नाथ कवियों की भी कुछ रचनाएँ मौखिक रुप से उपलब्ध है। हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक डॉ.पीतांबरदत्त बड़थ्वाल ने गोरखनाथ की चौदह रचनाओं को उनकी प्रामाणिक रचना मानकर 'गोरखबानी' नाम से उसका संपादन किया है। 'गोरखवानी' से ही हमें गोरखनाथ की रचनाओं बारे में ठीक से पता चलता है। गोरखनाथ ने अपनी रचनाओं में गुरु-महिमा, इन्द्रिय-निग्रह, प्राण-साधना, वैराग्य, मनःसाधना, कुंडलिनी जागरण, शून्य समाधि इत्यादि का वर्णन किया है। इनकी रचनाओं में नीति और साधना पद्धति पर अत्यधिक जोर दिया गया है। गोरखनाथ ने सामाजिक कुरीतियों और बाह्याडंबर का पुरजोर खंडन किया और कथनी और करनी की एकता पर बल देने का कार्य किया है। गोरखनाथ के सामाजिक प्रतिरोध के बारे में हिंदी के प्रख्यात आलोचक हजारी प्रसाद द्विवेदी ने कहा हैं कि- "गोरखनाथ की साधना का मूलस्वर शील, संयम और शुद्धतावादी है। उन्होंने तांत्रिक उच्श्रृंखलताओं का विरोध निर्मम हथौड़े की चोट से साधु और गृहस्थ दोनों की कुरीतियों को चूर्ण-विचूर्ण करने में किया।"[4] गोरखनाथ ने नाथपंथ के विचार और सिद्धांतों को समाज के सभी वर्ग,जाति- उपजाति और संप्रदाय तक पहुंचाने का कार्य किया। नाथपंथ में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। जैसे- "गुरु की जै गहिला निगुरा न रहिला। गुरु बिनं ग्यांन न पाईला रे भाईला ।।"[5]

निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि नाथ सम्प्रदाय को गोरखनाथ ने लोक कल्याण और आम-जनमानस के लिए जिस रूप में विस्तार दिया उसे नाथ साहित्य के रूप में हम देख सकते हैं। नाथ साहित्य के संदर्भ में डॉ.रामकुमार वर्मा ने अपनी पुस्तक में लिखा हैं कि "गोरखनाथ ने नाथ संप्रदाय को जिस आंदोलन का रूप दिया वह भारतीय मनोवृत्ति के सर्वथा अनुकूल सिद्ध हुआ है। उसमें जहाँ एक ओर ईश्वरवाद की निश्चित धारणा उपस्थित की गई वहां दूसरी ओर विकृत करने वाली समस्त परंपरागत रूढ़ियों पर भी आघात किया गया है। जीवन को अधिक से अधिक संयम और सदाचार के अनुशासन में रखकर आत्मिक अनुभूतियों के लिए सहज मार्ग की व्यवस्था करने का शक्तिशाली प्रयोग गोरखनाथ जी ने किया है।"[6] नाथ सम्प्रदाय के अनुयायी साहित्य सृजन की दृष्टि से नही बल्कि अपनी मानवीय संवेदना को वह जीव- जगत और मानव कल्याण के लिए लोक-जनमानस तक पहुँचाने का कार्य किया। यही कारण है कि नाथ साहित्य और गोरखनाथ के विचार और सिद्धांत आज भी लोक की स्मृति में सुरक्षित है। यही उसकी लोकप्रियता और प्रासंगिकता है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1.गोरख-बानी,पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल,हिन्दी साहित्य सम्मेलन,प्रयाग,इलाहाबाद,पृष्ठ-11,26
2.हिंदी साहित्य: उद्भव और विकास, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी,राजकमल प्रकाशन,पृष्ठ-31
3.हिंदी साहित्य का इतिहास,आचार्य रामचंद्र शुक्ल,प्रयाग पुस्तक सदन,इलाहाबाद,पृष्ठ-33
4.नाथ-संप्रदाय,आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी,हिंदुस्तानी एकेडमी,उत्तर प्रदेश,इलाहाबाद,पृष्ठ-88
5.गोरख-बानी,पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल,हिन्दी साहित्य सम्मेलन,प्रयाग,इलाहाबाद,पृष्ठ-128
6. हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास,डॉ.रामकुमार वर्मा,लोकभारती,प्रकाशन,नई दिल्ली,पृष्ठ-120

*****

दलित वैचारिकता एवं दलित आत्मकथा लेखन

-डॉ. अब्दुल हासिम
परामर्शदाता, इग्नू
सम्पर्क : ahasim.jamia@gmail.com

शोध सार- दलित वैचारिकी को परंपरागत भारतीय जन चेतना और जातीय व्यवस्था के सामने एक प्रश्न चिह्न और एक विरोधाभास की तरह देखने का प्रयास इस मायने में महत्त्वपूर्ण है कि दलित चेतना का उभार भारतीय समाज में नई भूमिका का आह्वान कर रहा है। भारत में विशेष रूप से स्वीकृत परंपराओं के आगे दलित अस्मिताओं का प्रतिरोध एक महत्त्वपूर्ण पहलू बन कर उभरा है जिसमें दलितों के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान और विकास के साथ-साथ दलित समाज की अवस्थाओं का श्वेत-श्याम चित्रण जरूरी बात हो जाती है, इस मूलगामी दृष्टि के माध्यम से ही दरअसल हम सही मायने में दलित वैचारिकी का अध्ययन करने में सक्षम हो पाएँगे। दलित-आत्मकथाएँ दलित साहित्य की सबसे मारक विधा के रूप में उभरती हैं। यहाँ तक दलित कथा साहित्य में भी दलित आत्मकथाओं की ही छाप दिखाई देती है। दलित आत्मकथाओं ने अपने प्रामाणिक अनुभव द्वारा सामाजिक सच को अपने नजरिये से प्रस्तुत करते हुए अमानवीयता को उद्घाटित किया है।

बीज-शब्द: दलित-वैचारिकी, दलित-आत्मकथाएँ, दलित-संस्कृति, दलित-चेतना, प्रतिरोध, राजनीतिक चेतना, आरक्षण, दलित-सौंदर्यशास्त्र।

हिंदी साहित्य में दलित लेखन ठोस वैचारिकता की जमीन से प्रस्फुटित हुआ है। भारतीय इतिहास का संघर्षशील दौर दलित लेखन की दिशा को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज जब हम साहित्य के विभिन्न पहलुओं को सूक्ष्मता से समझने और परखने की कोशिश कर रहे हैं तब यह अति आवश्यक हो जाता है कि हम विभिन्न वैचारिकियों के आलोक में अस्मिता पर लेखन को भी समझने और देखने की कोशिश करें। वैचारिकी का अर्थ केवल किसी विशेष विचारधारा का अनुपालन करना नहीं है बल्कि समाजशास्त्रीय सूत्रों को समझते हुए साहित्य की मूलगामी भूमिका को भी उद्घाटित करना है। दलित लेखन में विशेषकर आत्मकथा का गौरवशाली इतिहास रहा है जिसने भविष्य की पीढ़ियों को भी उद्वेलित एवं आंदोलित करने का कार्य किया है ऐसे में किस तरह इन आत्मकथाओं पर दलित लेखन की मूल वैचारिकियों का प्रभाव रहा है उसे समझना अत्यंत आवश्यक है।

दलित प्रतिरोधात्मकता के इतिहास पर दृष्टिपात किया जाए तो जो एक महत्त्वपूर्ण बिंदु उभर कर आता है वह है दलित आत्मानुभव द्वारा चिंतन की क्रांतिधर्मिता का प्रस्फुटन। दलित चिंतक, विचारक अथवा साहित्यकार सभी में अनुभव की महत्ता को रेखांकित किया जा सकता है। दलित आत्मकथाओं में अनुभव की इसी दीप्त चेतना का प्रभाव परिलक्षित होता है, महत्त्वपूर्ण है कि यह अनुभव किसी एकांतिक अस्तित्व-दर्शन का प्रतिपादन नहीं है अपितु अपने काल-समाज के द्वंद्व से उपजा है। समाज में व्याप्त ठस एवं जड़ चेतना पर प्रहार करता है। दलित आत्मकथाओं में स्पष्ट रूप से यह देखा जा सकता है, यह आत्मकथाएँ अपने अनुभवों की कटु सच्चाइयों के माध्यम से सामाजिक क्रांतिधर्मिता का आह्वान हैं तथा सामाजिक संरचना में मूलभूत परिवर्तन की मांग भी हैं। दलित आत्मकथाएँ इसलिए राजनीतिक चेतना की निर्वाहक रही हैं। दलित अभिव्यक्ति सत्ता-संरचना पर प्रहार भी करती है और सत्ता और शक्ति के द्वैत को समाप्त भी करना चाहती हैं।

उदारीकरण के बाद वंचित-साहित्य में, विशेषकर दलित एवं आदिवासी साहित्य में प्रतिरोधात्मकता स्वत: स्फूर्त थी। यह इसलिए भी साहित्य में मुख्य रूप से मुखर होने लगी क्योंकि उदारीकरण के बाद सामाजिक शोषण की पुरानी पद्धतियाँ पूंजीवाद के विकास में बाधक सिद्ध होने लगी। स्वतंत्रता के बाद भारतीय राजनीति के समीकरण तेज़ी से बदले थे और जन-आंदोलनों ने इस में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। संविधान में किए गए सामाजिक समता के प्रावधानों ने भी दलित समुदाय को क़ानूनी रूप से यह शक्ति प्रदान की कि वह भी उन सभी अधिकारों को प्राप्त करे जो मनुष्य को किसी भी विभेद से मुक्त करे और सभी को सामाजिक रूप समान अवसरों को प्रदान करे, उल्लेखनीय है, "वर्तमान समय में दुनिया का अधिकांश सर्वश्रेष्ठ साहित्य आजादी की चाह के लिए ही लिखा जाता है। अगर हम भारतीय संदर्भ में बात करे तो यहाँ के दलित साहित्य में भी सदियों से प्रताड़ित, शोषित, दमित, पराजित दलितों की आवाज और आकांक्षा व्यक्त होती है। दलित साहित्य में सामाजिक ऐतिहासिक, अनुभवों की गहरी अभिव्यक्ति और मानव जीवन की दशाओं के बारे में अपनी अलग अंतर्दृष्टि है इसमें विरोध एवं आक्रोश का स्वर है इसमें ब्राह्मणवादी व्यवस्था से पीड़ित और प्रताड़ित व्यक्ति की आवाज सुनाई देती है, इसमें व्यवस्था से आजादी या स्वतंत्रता के साथ समता और बंधुत्व की भावनाओं की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है।"[1] भारतीय राजनीति के पिछले कुछ दशक इस दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, अस्सी के दशक में हुए जन-आंदोलन ने भी बहुजन राजनीति को नई शक्ति प्रदान की। भारतीय राजनीति में दलित नेताओं का हस्तक्षेप ही नहीं बढ़ा बल्कि राजनीतिक रूप से दलित समुदाय को पहली बार पहचान भी मिली। डॉ. आंबेडकर के अनुसार, "दलितों में आत्मसम्मान का भाव जाग्रत होना चाहिए....दलितों को सत्ता के सूत्र और कानून बनाने की ताकत हासिल करनी चाहिए।"[2] जिस चेनता का सूत्रपात ज्योतिबा फुले ने किया, आंबेडकर ने जिसे क्रांति के रूप में परिणत किया तथा मूलगामी परिवर्तन का आह्वान किया उसका राजनीतिक प्रतिरूपण

दलित नेताओं के निर्वाचन एवं संवैधानिक पदों पर दलितों के पहुंचने के रूप में दिखाई देने लगा। प्रियंका सोनकर लिखती हैं, "अस्सी का दशक दलित राजनीति के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण था। जिस समकालीन दलित विमर्श की चर्चा जोरों पर थी, उसका उदय इसी काल में हुआ। इसी अस्सी के दशक में दलित राजनीति को अपना स्वतन्त्र अस्तित्व बनाने का अवसर मिला। 1980 में कांशीराम 'बामसेफ' (बैकवर्ड एंड मायनारिटीज शेड्यूल्ड कास्ट इंप्लाई फेडरेशन) के माध्यम से भारतीय समाज में एक नया दलित विमर्श लेकर अवतरित हुए। 'रिपब्लिकन पार्टी' के पतन के बाद कांशीराम ने दलित वर्गों को लामबंद करना शुरू किया। इसके तहत उन्होंने सबसे पहले दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारियों का फेडरेशन (बामसेफ) कायम किया, जिसकी स्थापना तो यद्यपि 1978 में ही उन्होंने कर ली थी पर उसका व्यापक असर 1980 में देश में दिखाई दिया । इस नए दलित विमर्श ने दलित वर्गों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया।" [3]सातवें-आठवें दशक के संक्रमण काल से ही दलित आत्मकथाओं के प्रकाशन की नई परिपाटी विकसित होती दिखाई देती है जिसमें आत्मानुभवों के माध्यम से सामाजिक शोषण तंत्र को अनावृत करने का कार्य किया। आत्मकथा लेखन की मुख्य परिपाटी से यह अलग लीक थी। जिसमें दलित समाज के आकांक्षाओं का स्वर भी समर्थता से व्यक्त हुआ। दलित आत्मकथाओं को चिंतन की नई परंपरा का समर्थक भी माना जा सकता है।

दलित आत्मकथाओं में राजनीतिक प्रतिरोधात्मकता का विश्लेषण करने के लिए यह आवश्यक है कि उन वैचारिक प्रभावों का विश्लेषण भी किया जाए जिसने दलित चेतना का निर्माण किया है। दलित चेतना के निर्माण और उसके प्रसार का अध्ययन भी किया जाए। दलित साहित्य का विमर्श रूप में प्रसार बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध की देन कही जा सकती है। दलित आत्मकथाओं में आरंभ से ही आत्मभिव्यक्ति की तुष्टि से अधिक सामाजिक पीड़ा और संघर्ष को लक्षित करना था। आत्मकथाएँ जीवन अनुभव के दर्पण में मनुष्य को वह स्पेस देती हैं जिसमें पाठक स्वयं को खड़ा पाता है और उसके माध्यम से अपने संघर्षों के प्रति नवीन दृष्टि को प्राप्त करता है- "आत्मकथा के बारे में कहा जा सकता है कि यदि यह निजी इतिहास नहीं है, उसमें समाज का कोई भी पाठक अपनी स्थिति पहचान सकता है। हर आत्मकथा में 'मैं' और 'वे' के अलावा एक तुम होता है। यह एक व्यापक 'तुम' है, जो समुदाय निरपेक्ष है। हर आत्मकथा सहृदय पाठक से पूछती है, तुम कहा खड़े हो? यह एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न है। हर पाठक आत्मकथा भी रचता है, यह अपने को पुनर्उपलब्ध कराता है।"[4] दलित आत्मकथाओं के संदर्भ में इस व्यापक तुम में संभावनाओं का व्यापक प्रसार संभव है। चेतना का प्रसार संभव है, समतामूलक समाज के लिए आवश्यक सहृदयता का भाव व्याप्तता है। यही कारण है कि इन आत्मकथाओं के प्रभाव के विस्तृत प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता।

विमर्श आधारित चिंतन ने यह तय किया कि साहित्य में बने सत्ता तंत्र को उखाड़ फेंका जाए। अपने मनमाफिक साहित्य को प्रवृत्ति एवं काल के आधार पर विवेचित करने की एकरेखीय पद्धति को अस्वीकार किया जाए। उत्तर-आधुनिक विमर्श ने जिस तरह पश्चिम में स्वयम्भू एवं वर्चस्व का विरोध किया उसी प्रकार भारत में विमर्शों ने उस केंद्रीयकरण खत्म किया जिसने साहित्य को कभी तो आनंद, कभी क्रांति और कभी कला के जद मानकों पर ही कसने में अपनी सफलता समझी थी। प्रो. शम्भुनाथ इस संदर्भ में लिखते हैं,"सामुदायिक विमर्श पर आधारित साहित्य का एक योगदान यह है कि इसने साहित्य का केंद्रीयकरण खत्म किया और विविधता को प्रोत्साहित किया। इसने स्वयंभू साहित्यिक नेताओं की इजारेदारी दूर की। साहित्य बहु-केंद्रित हुआ। एक बार लघु पत्रिकाओं ने साहित्य को केंद्रित किया था इस बार विमर्शों ने उसी काम को आगे बढ़ाया।"[5] दलित चेतना के इन आयामों की चर्चा इसलिए भी देखना आवश्यक है क्योंकि प्रतिरोध का जो स्वरूप दलित विमर्श ने प्रेषित किया है वह बहु-आयामी है और कि मोर्चों पर लगातार लड़ा जाता रहा है और तब तक लड़ा जाता रहेगा जब तक वर्ण आधार शोषण का कोई भी पद-चिह्न शेष रहता है। दलित आत्मकथाएँ सामाजिक जड़ताओं पर प्रहार करने के साथ प्रतिरोध संस्कृति को भी विकसित करना चाहती हैं। वंचित तबके के सत्य को समाज के सामने लाकर उसका आईना दिखाना चाहती हैं। दलित आत्मकथाओं का उद्देश्य बहुत व्यापक है जिसमें आमूल-चूल परिवर्तन का स्वप्न निहित है, शंभुनाथ इसके व्यापक अर्थो को विवेचित करते हुए लिखते हैं- "दलित साहित्य, जो मुख्यत: आत्मकथाओं के रूप में सामने आया, दलित चेतना का उदाहरण है। दलित साहित्य दलित पर अत्याचार को एक बड़े सामाजिक यथार्थ के रूप में देखा गया है। इसमें संदेह नहीं कि इसका संबंध ऐसे लेखकों के साहित्य से हैं जिन्होंने खुद भूख, अवमानना, भेदभाव, अपमान और शर्म की जिंदगी जी है ऐसी जिंदगी से उन्हें बिल्कुल इंकार है। उन्होंने अब ना सिर्फ सामाजिक जंजीरे तोड़ दी हैं, बल्कि अपनी भाषा और मुहावरे भी बनाए हैं। उन्होंने अपना एक विकासशील सौंदर्यशास्त्र रचा है, हालांकि वैश्वीकरण के सौंदर्यशास्त्र से उसका रिश्ता स्पष्ट होना बाकी है, आमतौर पर दलित लेखक राजनीतिक सत्ता संघर्ष से एकाकार नहीं हुए हैं। कहा जा सकता है, दलित विमर्श कब तक बना रहेगा, जब तक दलित की अवमानना और उस पर अत्याचार होते रहेंगे।" [6]इसी बात की पुष्टि करते हुए हरिनारायण ठाकुर लिखते हैं कि "दलितों ने सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ आर्थिक मुद्दों की लड़ाइयाँ लड़ी। भूमि का बंटवारा, जातिगत बेगारी और दिहाड़ी आदि के श्रम से मुक्ति के आंदोलन भी चलाए गए।"[7] उपरोक्त कथन के आलोक में हम इन आत्मकथाओं में निहित राजनीतिक प्रतिरोध के लक्ष्य स्पष्टत: समझ सकते हैं। यह प्रतिरोध आनुभविक प्रमाण के आधार पर संवाद स्थापित करना चाहता है।

दलित आत्मकथाएँ दलित साहित्य में केंद्रीय प्रवृत्ति के रूप में उभरीं जिसमें सामाजिक सच्चाई अपनी विद्रूपता के साथ प्रकट हुई है। उपन्यास अथवा अन्य कथा साहित्य की तुलना में आत्मकथाएँ बृहद सत्य को उद्घाटित करने का कार्य करती हैं। इसमें मनुष्य जातिवाद की पीड़ा का भयावह सच उभरकर आया जिसे सामाजिक संरचना के रूप में विभिन्न तर्कों से जायज ठहराने की कोशिश की जाती रही थी। दलित आत्मकथाओं में पहली बार दलित चिंतकों ने उन संबंधों को भी उद्घाटित किया जिसकी बात

अवधारणात्मक रूप से सबाल्टर्न विमर्श करता आ रहा था। दलित आत्मकथाओं ने उस संबंध पर प्रकाश डालने का प्रयास किया जिसे उत्तर-आधुनिक विमर्श में सेल्फ एंड 'अदर' यानी कि 'आत्मा' और 'अन्य' के रूप में विवेचित किया जाता रहा है। दलित साहित्य ने पहली बार यह प्रयास किया कि वह अन्य के रूप में उस समाज को चित्रित करें जिसने आज तक शूद्रों और वंचितों को हाशिए पर रखने का प्रयास किया। दलित आत्मकथाओं ने उस सत्य को अपने अनुभव तथा पीड़ा के माध्यम से स्वर दिया जिसे साहित्य और इतिहास में अब तक हाशिए पर रखा था। डॉ॰ विमलकीर्ति लिखते हैं कि, "दलित साहित्य में आत्मकथात्मक लेखन को अधिक महत्त्व प्राप्त हुआ है....आत्मकथा लेखन ज़्यादातर वास्तविक होता है, उसमें काल्पनिकता का विशेष महत्त्व नहीं होता, उसमें व्यक्ति तथा समाज की सच्चाई प्रमुखता से सामने आती है। आत्मकथा लेखन सिर्फ प्रसंगों और घटनाओं का पोथा नहीं है, उसमें साहित्य का गुण, पठनीय, जीवन की सच्चाई, समाज और अपने काल की वास्तविकता तो आनी ही चाहिए। उसी प्रकार आत्मकथात्मक लेखन ज़्यादातर व्यक्तिवादी या व्यक्ति केंद्रित नहीं, बल्कि व्यक्ति के माध्यम से समाज की और व्यवस्था की सच्चाई प्रदर्शित करने वाली होनी चाहिए।"[8] यह परिवर्तन क्रांतिकारी भी कहा जा सकती है क्योंकि इस साहित्य के प्रचलन ने इस बात को पुष्ट किया कि मुख्यधारा का साहित्य दरअसल सत्ता में काबिज़ उन लोगों की साजिश है जो लगातार स्वयं को सत्ता में बनाए रखने के लिए तरह-तरह के शोषण तंत्र तैयार करते हैं और उसे उचित ठहराने के लिए धर्म एवं सामाजिक अनुशासन की बात करते आए हैं। भारतीय समाज में वर्ण-व्यवस्था इसी राजनीति का प्रतिफल था। जिस पर पहला प्रश्न चिह्न ज्योतिबा फुले ने लगाया और इस षड्यंत्र पर प्रकाश डाला कि वर्ण-व्यवस्था दरअसल ब्राह्मणवादी समाज की साजिश है जो यह चाहता है एक समाज उसकी गुलामी करे और वह समाज के सर्वोच्च पदों पर अपने आप को काबिज़ रखने के षड्यंत्र में कामयाब हो जाएँ। साठ के दशक में दलित पैंथर्स आंदोलन के दौरान पहली बार दलित चेतना की व्यापकता पर प्रकाश डाला गया और इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि इस चेतना का प्रसार बहुसंख्यक समाज में होना अतिआवश्यक है। हिंदी में दलित आत्मकथाएँ मुख्यतः 90 के बाद ही लिखी गई, किंतु हम स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि उसमें व्याप्त चेतना का ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य है, जो अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार के बाद दलित समुदाय में धीरे-धीरे आई और जिसे आंबेडकरवादी चिंतन ने साकार किया। दलित आत्मकथाओं का सबसे समर्थ रूप में मराठी जगत में दिखाई देता है जो कि हिंदी जगत में अनुकरण के रूप में ही आया, यही कारण है कि मराठी में लिखी गई आत्मकथाएँ अधिक क्रांतिकारी एवं मूलगामी में परिवर्तन की आकांक्षी हैं किंतु हिंदी की आत्मकथाएँ उस मायने में कमजोर सिद्ध होती हैं। शरण कुमार लिंबाले का कहना है- 'मराठी लेखक आंदोलन से जुड़ा है, इसलिए आक्रामक है, मगर हिंदी लेखक सरकारी नौकर, मुख्यधारा के साहित्य वाली मानसिकता से बुरी तरह ग्रस्त है।'[9] शरण कुमार लिंबाले के इस कथन से सहमति और असहमति के अपने बिंदु हो सकते हैं किंतु इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि मराठी में लिखी गई दलित आत्मकथाएँ हिंदी में लिखी गईं दलित आत्मकथाओं से कहीं अधिक प्रभावी हैं। मोहनदास नैमिशराय का कथन भी इस सन्दर्भ में महत्वपूर्ण है, "**मराठी में दलित आत्मकथाओं की संख्या दो सौ के लगभग बतायी जाती है. हिंदी तथा अन्य भाषाओं में भी तेज़ी के साथ आत्मकथाएं लिखी जा रही हैं. आत्मकथा दलित सहित्य की महत्त्वपूर्ण विधा है. दलित आत्मकथा पढ़ते हुए मज़े लेना नहीं बल्कि गम्भीरता से दलितों के विषमतापूर्ण जीवन और उनकी त्रासदियों में डूब उतरना है. आत्मकथाएं लिखते हुए दलित लेखकों को गर्म सलाखें छूने जैसा अनुभव होता है क्योंकि आत्मकथाओं में इतिहास के साथ उनकी स्मृतियां भी उतरती हैं. पीड़ा और आक्रोश उभरता है. और उतरती हैं उनके तल्ख जीवन की सच्चाइयां, जिनमें उनके लिए सिर्फ बेचैनी का सबब होता है. वैसा जीवन क्या आज भी दलित जी रहे हैं? मेरा जवाब हां में होगा. जीवन के हर मोड़ पर दलित को अभी भी उसकी अपनी जाति के सवालों से रू-ब-रू होना पड़ता है और कुछ को स्वाभिमान से जवाब देने के जुर्म में उसकी कीमत भी चुकानी पड़ती है."**[10] यह कहना गलत नहीं होगा कि मराठी आत्मकथाओं के अनुकरण में ही हिंदी में भी दलित आत्मकथा लिखने का प्रचलन तेजी से बढ़ा। महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले दो दशकों में हिंदी में जो दलित आत्मकथाएँ आई हैं अधिक परिपक्व और समर्थ चेतना से भरी हुई हैं।

दलित आत्मकथाओं के संदर्भ में एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह भी है कि दलित आत्मकथाएँ आत्म-अभिव्यक्ति से ज्यादा सामाजिक अभिव्यक्ति की ओर उन्मुख होती हैं। दलित आत्मकथा की यह सामाजिकता उसे राजनीतिक चेतना से पूर्ण बनाती है। इस तरह पिछले कुछ दशकों में भारतीय बौद्धिक चेतना में वर्ण-व्यवस्था के प्रति जो रोष दिखाई देता है उसमें दलित चेतना एवं आंदोलनों का व्यापक प्रभाव रहा है। सामाजिक संरचना में हाल के वर्षों में जिस समानता पर भारतीय राजनीति केंद्रित हुई है उसके कारणों की विवेचना भी आवश्यक है। दलित चेतना ने यह तो अवश्य तय किया है कि संविधान द्वारा दी गई समर्थता ने पुरानी सामाजिक व्यवस्था को शोषणकारी सिद्ध करने के साथ इस बात को भी सुनिश्चित करने का प्रयास अवश्य किया है कि आने वाली पीढ़ियाँ कम से कम इस विषमता के दंश से खुद को बचा पाए और बेहतर सामाजिक संरचना को स्थापित की जा सके। दलित आत्मकथा की पीड़ा में, उसकी अपनी अभिव्यक्ति में चेतना एवं जागरूकता के बीज छुपे हुए हैं। दलित आत्मकथाओं ने दरअसल समाज के अन्य तबकों से अपनी शर्तों पर संवाद स्थापित करने का प्रयास किया और यही कारण है कि तार्किक और वैज्ञानिक सोच से विकसित हुई आधुनिक पीढ़ी ने इस वर्ण-व्यवस्था का समर्थन ही नहीं किया बल्कि वर्ण-व्यवस्था को घोर अन्यायकारी एवं मनुष्य जाति के नाम पर काला धब्बा भी माना है। भारतीय राजनीति में इसी कारण सामंतवाद की पकड़ कमजोर हुई और बहुसंख्यक समाज के स्वर को सुनने का प्रयास उसे करना पड़ा। दलित साहित्य ने यह सुनिश्चित किया कि वह मुख्यधारा के साहित्य के बरअक्स अपनी आवाज को ना सिर्फ स्थापित करें बल्कि साहित्य में भी स्थापित वर्ण-व्यवस्था की जड़ों को समूल नष्ट

कर पाए।

हिंदी साहित्य में अस्मितावादी स्वरों की पहचान को नई सदी में सबसे अधिक तवज्जो मिली है। इसके कारण सामाजिक एवं राजनीतिक होने के साथ-साथ विभिन्न अंतर-अनुशासनात्मक अध्ययनों की देन भी मानी जा सकती है जिन्होंने अपने अध्ययन में इस बात को स्पष्ट किया कि अभी तक प्राप्त सभी साहित्य, अध्ययन तथा इतिहास भी सही मायने में उस सत्य को उद्घाटित नहीं करते जो घटित हुए थे। अभी तक का इतिहास एवं मानवीय अभिव्यक्ति जो स्वीकृत एवं प्राप्त होती है वर्चस्ववादी समाज की अभिव्यक्ति एवं इतिहास है। वंचित एवं शोषित द्वारा लिखित इतिहास और अभिव्यक्ति प्राप्त होता है और ना ही उसका कोई उल्लेख मिलता है। इसका कारण यह भी रहा कि संघर्षशील समुदाय की अभिव्यक्तियों को जानबूझकर नष्ट किया गया। तथ्यों को वर्चस्ववादी समाज ने अपने अनुसार प्रस्तुत किया, उसकी विवेचना अपने अनुसार की, तर्क भी अपने अनुसार बनाएँ और इस तरह एक सोची-समझी राजनीति के तहत अभी तक का प्राप्त साहित्य यहाँ तक कि इतिहास भी घटनाओं एवं विवरणों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करता आया है। अस्मितावादी विमर्श ने न सिर्फ इन तथ्यों की तरफ ध्यान दिलाया बल्कि इस साजिश को भी उद्घाटित करने का कार्य किया। उत्तर आधुनिक समय में अस्मितावादी स्वर को वर्चस्व के खिलाफ एक आवश्यक हस्तक्षेप के रूप में देखा गया। उत्तर आधुनिक चिंतन में उन सभी स्वरूप को स्वीकारा जिसे आज तक मुख्यधारा का साहित्य नगण्य या अनावश्यक मानता आया था। इस इस चिंतन में प्रगतिशील साहित्य की गतिशीलता को भी चिह्नित किया क्योंकि वह विविधतावादी स्वरूप को संपूर्ण क्रांति के लिए बाधक मानता आया था। इस तरह अस्मितावादी विमर्श अतितोंमुखी भी कहा गया और इसकी आलोचना भी की गयी। इन सभी आलोचनाओं के जवाब के रूप में भी दलित आत्मकथाओं को देखा जा सकता है जिन्होंने इस बात का प्रमाण दिया कि आज भी दलितों का शोषण एवं उनके अधिकारों से उन्हें वंचित करने की साजिश समाज में चलती आ रही है। जिस दहेज एवं मानसिक हिंसा का सामना दलित को करना पड़ता है आज भी अन्य समुदाय के लोगों को उसका सामना नहीं करना पड़ता। मुख्यधारा के साहित्य में व्याप्त इस ब्राह्मणवादी सोच पर प्रश्नचिह्न लगाने का प्रयास करती है और इसमें काफी हद तक वह सफल भी हुई है। इस विवेचना से यह सिद्ध होता है कि दलित आत्मकथा में राजनीतिक प्रतिरोध का स्वर सामाजिक स्तरों पर मूलगामी परिवर्तन का प्रयास है और उसे साकार करने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है।

सन्दर्भ:

1. https://sablog.in/dalit-literature-incomplete-without-ambedkar-jan-2018/
2. दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र- शरण कुमार लिंबाले, पृष्ठ- 52
3. प्रियंका सोनकर, स्त्रीकाल, https://streekaal.com/2017/07/from-kanshiram-tomayawati-dalit-politics-and-dalit-women-qestion/
4. हिंदी उपन्यास राष्ट्र और हाशिया- शंभुनाथ, पृष्ठ 305
5. वही, पृष्ठ 305
6. वही, पृष्ठ, 300
7. दलित साहित्य का समाजशास्त्र- हरीनारायण ठाकुर, पृष्ठ- 250
8. दलित दखल- डॉ. विमलकीर्ति, 1999, पृष्ठ- 90
9. शरण कुमार लिम्बाले, साक्षात्कार, 2014
10. मोहनदास नैमिशराय, नवनीत, अप्रैल 2016, पृष्ठ https://www.navneethindi.com/दलित-आत्मकथाओं-की-अंतर्व/

*****

राजी सेठ की कहानियों में प्रेम और सौन्दर्य की नई अवधारणा

डॉ गीता रानी,
असिस्टेंट प्रोफेसर,
हिंदी विभाग, जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत (बागपत).
Email - drgeetarani14@gmail.com

अनिता देवी,
शोधार्थी,
जनता वैदिक कॉलेज, बड़ौत(बागपत).
Email -anitakalshyan@gmail.com.

सार

राजी सेठ हिंदी साहित्य की प्रतिष्ठित कथाकार हैं, जिनकी कहानियाँ प्रेम और सौंदर्य की पारंपरिक अवधारणाओं को चुनौती देकर उन्हें एक नया, बहुआयामी और गहन स्वरूप प्रदान करती हैं। यह शोध पत्र उनके साहित्य में प्रेम और सौंदर्य की विशिष्ट व्याख्याओं का अध्ययन करते हुए समकालीन हिंदी साहित्य में उनके योगदान को रेखांकित करता है। राजी सेठ के साहित्य में प्रेम केवल भावनात्मक आकर्षण तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मनिरीक्षण और अस्तित्व की खोज की प्रक्रिया बन जाता है। उनकी कहानियों में प्रेम सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देने के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक जटिलताओं को भी उजागर करता है। उनकी कहानियों में नायिका प्रेम को आत्म-खोज के रूप में देखती है, जबकि विवाह संस्था की पारंपरिक व्याख्या को खारिज कर प्रेम को व्यक्तिगत स्वतंत्रता और भावनात्मक साझेदारी का प्रतीक बनाया गया है। इसी प्रकार, प्रेम सांस्कृतिक पहचान और वैश्विक नागरिकता के विचार को बल देता है। सौंदर्य की अवधारणा भी उनके साहित्य में बाह्य आकर्षण तक सीमित न होकर आंतरिक गुणों, संवेदनशीलता और आत्मबोध से परिभाषित होती है। उनके साहित्य में सौंदर्य के पारंपरिक सामाजिक मानकों को चुनौती दी जाती है, जबकि नायिका गहरे रंग के कारण सामाजिक भेदभाव का सामना करते हुए आत्मबोध और बुद्धिमत्ता के माध्यम से सौंदर्य की नई परिभाषा गढ़ती है। राजी सेठ के साहित्य में प्रेम और सौंदर्य परस्पर पूरक हैं, जहाँ प्रेम आंतरिक सौंदर्य को पहचानने और आत्मिक उन्नति का मार्ग बनता है। उनकी कहानियाँ हिंदी साहित्य में प्रेम और सौंदर्य की अवधारणाओं को एक दार्शनिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आयाम प्रदान करती हैं, जो परंपरागत दृष्टिकोणों से अलग होते हुए व्यक्ति की आत्मनिर्भरता और सामाजिक परिवर्तन का प्रतीक बन जाती हैं।

प्रस्तावना

राजी सेठ हिंदी साहित्य की एक प्रमुख कथाकार हैं, जिनकी रचनाएँ मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक विद्रोह, और आत्मिक खोज के गहन चित्रण के लिए जानी जाती हैं। उनकी कहानियों में प्रेम और सौंदर्य की अवधारणाएँ पारंपरिक दृष्टिकोण से हटकर एक नवीन और बहुआयामी स्वरूप ग्रहण करती हैं। यह शोध पत्र राजी सेठ के साहित्य में प्रेम और सौंदर्य की विशिष्ट व्याख्या को उनकी कहानियों के माध्यम से विश्लेषित करते हुए, समकालीन हिंदी साहित्य में उनके योगदान को रेखांकित करता है।

प्रेम की अवधारणा: मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य

राजी सेठ के साहित्य में प्रेम केवल भावनात्मक आकर्षण नहीं, बल्कि एक आत्मनिरीक्षण की प्रक्रिया है। उनकी कहानी **"एक ठांव कहीं"** (सेठ, 1998) में नायिका प्रेम को अपने अस्तित्व की खोज के रूप में अनुभव करती है। यहाँ प्रेम शारीरिक आकर्षण से आगे बढ़कर आत्मा की गहराइयों तक पहुँचता है। नायिका का संघर्ष उसके "स्व" और "पर" के बीच का द्वंद्व है, जो प्रेम को एक मानसिक यात्रा बना देता है। शर्मा (2020) के अनुसार, राजी सेठ के पात्र प्रेम के माध्यम से अपनी असुरक्षाओं और अंतर्द्वंद्वों का सामना करते हैं, जो उन्हें वास्तविकता से जोड़ता है। मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों के संदर्भ में, फ्रॉयड के "इड, ईगो, और सुपर-ईगो" के सिद्धांत के अनुसार, नायिका का संघर्ष उसके ईगो (अहं) और सुपर-ईगो (सामाजिक नैतिकता)

के बीच का संतुलन दर्शाता है। वहीं, कार्ल युंग के "आर्केटाइप्स" के अनुसार, प्रेम उसके "अनिमा" (स्त्रीत्व) के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास है।

राजी सेठ की रचनाओं में प्रेम सामाजिक मानदंडों के विरुद्ध एक सशक्त हथियार भी है। **"सात फेरे"** (सेठ, 2001) में विवाह संस्था की पुनर्व्याख्या की गई है। पात्र विवाह को समाज की अपेक्षाओं के बजाय एक व्यक्तिगत बंधन के रूप में देखते हैं। यह कहानी समाज के रूढ़िवादी ढाँचे को चुनौती देती है, जहाँ प्रेम स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक बन जाता है। पांडेय (2019) के अनुसार, राजी सेठ का साहित्य "प्रेम को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम" मानता है। उदाहरण के लिए, कहानी में नायिका कहती है, *"हमारे रिश्ते की डोर समाज के हाथों में नहीं, हमारे दिलों में बँधी है"* (सेठ, 2001, पृष्ठ 45)। यह वाक्य पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं की भूमिका पर सवाल उठाता है और विवाह को "सामाजिक अनुबंध" के बजाय "भावनात्मक साझेदारी" के रूप में प्रस्तुत करता है।

सांस्कृतिक संदर्भ में, **"दूसरा किनारा"** (सेठ, 2000) में प्रेम सांस्कृतिक पहचान के संघर्ष से जुड़ा है। नायक और नायिका अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से आते हैं, और उनका प्रेम समाज की सीमाओं को तोड़कर एक नई सांस्कृतिक समझ का निर्माण करता है। यहाँ प्रेम "वैश्विक नागरिकता" की ओर इशारा करता है, जो पारंपरिक विभाजनों से ऊपर उठता है। उदाहरण के लिए, नायक (उत्तर भारतीय) और नायिका (दक्षिण भारतीय) के बीच भाषा, रीति-रिवाजों का अंतर प्रेम के माध्यम से सांस्कृतिक एकीकरण की कोशिश को दर्शाता है। समकालीन साहित्य से तुलना करें तो मन्नू भंडारी के **"आपका बंटी"** में प्रेम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संदर्भ में है, जबकि राजी सेठ इसे सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन से जोड़ती हैं।

सौंदर्य की अवधारणा: आंतरिकता और सामाजिक प्रतिमान

राजी सेठ के साहित्य में सौंदर्य का आधार बाहरी आकर्षण नहीं, बल्कि आंतरिक गुण हैं। **"सपनों की कोई सीमा नहीं"** (सेठ, 1998) की नायिका शारीरिक रूप से सामान्य है, लेकिन उसकी संवेदनशीलता और दृष्टिकोण उसे विशिष्ट बनाते हैं। यह कहानी "सौंदर्य के मापदंडों की पुनर्परिभाषा" करती है (शर्मा, 2020)। सैद्धांतिक आधार पर, कांट के "सौंदर्यशास्त्र" के अनुसार, सौंदर्य को नैतिकता और बुद्धिमत्ता से जोड़ा जाता है, जबकि टैगोर की अवधारणा में "सौंदर्य सत्य का आवरण है।"

मनोवैज्ञानिक विश्लेषण में, **"एक ठांव कहीं"** के पात्र अपने सौंदर्य को आत्म-स्वीकृति के माध्यम से परिभाषित करते हैं। नायक का आत्मसंघर्ष यह दर्शाता है कि सौंदर्य एक मानसिक प्रक्रिया है, जो आत्मविश्वास और आत्मज्ञान से जुड़ी है। उदाहरण के लिए, नायक अपने प्रतिबिंब को देखकर सोचता है, *"क्या यह चेहरा वास्तव में मैं हूँ? या वह व्यक्ति जो मैं होना चाहता हूँ?"* यह प्रश्न उसकी आत्म-पहचान के संघर्ष को उजागर करता है।

सामाजिक मानकों के प्रतिरोध में, **"आत्मकथा"** (सेठ, 2000) की नायिका समाज के "गोरे रंग" के मानदंड को चुनौती देती है। उसका संघर्ष दर्शाता है कि सौंदर्य के सामाजिक प्रतिमान अक्सर व्यक्ति की आंतरिक पहचान को नष्ट कर देते हैं। पांडेय (2019) के अनुसार, यह कहानी "सौंदर्य के नाम पर होने वाले उत्पीड़न" की ओर संकेत करती है। उदाहरण के लिए, नायिका को उसके गहरे रंग के कारण समाज में हीन समझा जाता है, लेकिन वह अपनी बुद्धिमत्ता और संवेदनशीलता के माध्यम से इस पूर्वाग्रह को तोड़ती है।

प्रेम और सौंदर्य का अंतर्संबंध

राजी सेठ के लिए प्रेम और सौंदर्य दोनों ही आत्मिक अनुभव हैं। **"अनकही"** (सेठ, 2001) में नायक का प्रेम नायिका के आंतरिक सौंदर्य को पहचानने से उपजता है, जो समाज के बाहरी मापदंडों से परे है। यहाँ प्रेम और सौंदर्य एक-दूसरे के पूरक हैं, जो व्यक्ति को समग्रता की ओर ले जाते हैं। दार्शनिक संदर्भ में, प्लेटो के "सिम्पोजियम" के अनुसार, प्रेम सत्य और सौंदर्य की खोज है, जबकि ओशो की अवधारणा में "प्रेम सौंदर्य का प्रतिबिंब है।"

निष्कर्ष

राजी सेठ की कहानियाँ प्रेम और सौंदर्य की पारंपरिक अवधारणाओं को एक नई दिशा प्रदान करती हैं, जहाँ ये मात्र बाहरी आकर्षण या सामाजिक मान्यताओं तक सीमित नहीं रहते, बल्कि आत्मिक अनुभव और अस्तित्व की खोज का माध्यम बन जाते हैं। उनका साहित्य प्रेम को केवल एक भावनात्मक बंधन न मानकर आत्मनिरीक्षण, स्वतंत्रता और सामाजिक चेतना का प्रतीक बनाता है। उनकी कहानियों में प्रेम आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में उभरता है, जो पात्रों को सामाजिक रूढ़ियों से मुक्त कर उनके आंतरिक संघर्षों से अवगत कराता है। इसी प्रकार, सौंदर्य की उनकी अवधारणा केवल शारीरिक आकर्षण तक सीमित नहीं रहती, बल्कि आंतरिक गुणों, बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और आत्म-स्वीकृति को सौंदर्य का वास्तविक रूप मानती है। उनकी नायिकाएँ समाज द्वारा बनाए गए सौंदर्य के मानकों को अस्वीकार कर आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान के नए प्रतिमान स्थापित करती हैं। राजी सेठ की कहानियाँ प्रेम और सौंदर्य को सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव का माध्यम बनाती हैं। वे यह दर्शाती हैं कि प्रेम केवल व्यक्तिगत भावनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक संरचनाओं को प्रभावित करने वाला तत्व भी है। इसी तरह, सौंदर्य का वास्तविक स्वरूप व्यक्ति की आंतरिक विशेषताओं में निहित होता है, न कि बाहरी रूप-रंग में। उनका साहित्य हिंदी कथा जगत को एक नई दृष्टि प्रदान करता है, जो मानवीय संबंधों और अस्तित्ववादी चिंतन की गहराई को नए संदर्भों में प्रस्तुत करता है।

संदर्भ सूची

1. सेठ, राजी. (1998). *एक ठांव कहीं*. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
2. सेठ, राजी. (2001). *सात* फेरे. मुंबई: वाणी प्रकाशन.
3. सेठ, राजी. (2000). *आत्मकथा*. दिल्ली: राजकमल प्रकाशन.
4. सेठ, राजी. (1998). *सपनों की कोई सीमा नहीं*. दिल्ली: वाणी प्रकाशन.
5. शर्मा, अर्चना. (2020). "राजी सेठ के साहित्य में सामाजिक विद्रोह." *हिंदी साहित्य समीक्षा*.
6. पांडेय, सुधीर. (2019). "प्रेम और आत्मनिरीक्षण: राजी सेठ की कहानियों का अध्ययन." *भारतीय साहित्य जर्नल*.
7. फ्रॉयड, सिगमंड. (1923). द *इगो एंड द इड*.

युंग, कार्ल. (1968). *मैन एंड हिज सिंबल्स*.

*****

वैदिक प्रकृति और पर्यावरण मीमांसा

शुभम केशरी
(शोधछात्र),
डॉ. श्रुतिकान्त पाण्डेय (सहायकाचार्य),
एमिटी इंस्टीट्यूट फॉर संस्कृत स्टडीज़ एण्ड रिसर्च,
एमिटी विश्वविद्यालय, उत्तरप्रदेश, नोएडा।

शोधसारांश – वैदिक साहित्य में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गहन संवेदनशीलता प्रदर्शित होती है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, और अथर्ववेद में प्रकृति को दिव्यता का प्रतीक मानते हुए इसकी सुरक्षा और संतुलन बनाए रखने का उपदेश दिया गया है। इन ग्रंथों में पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि, और आकाश को "पञ्चमहाभूत" के रूप में वर्णित किया गया है, जो सृष्टि के मूलभूत तत्व हैं। वैदिक ऋषियों ने पर्यावरणीय संतुलन को धार्मिक और नैतिक कर्तव्य माना।

ऋग्वेद में पृथ्वी को 'माता' और आकाश को 'पिता' कहा गया है, जो प्रकृति के प्रति मातृवत् स्नेह और संरक्षण की भावना को उजागर करता है। यजुर्वेद में यज्ञों के माध्यम से पर्यावरण को शुद्ध रखने की विधियां दी गई हैं। सामवेद में प्राकृतिक तत्वों के साथ सामंजस्य स्थापित करने की प्रेरणा है, जबकि अथर्ववेद में औषधियों, वनस्पतियों, और जल स्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

वैदिक साहित्य में मानव को प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का संदेश दिया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि प्रकृति का अतिक्रमण करने से पर्यावरणीय असंतुलन उत्पन्न होता है, जो विनाश का कारण बनता है। पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान हेतु वैदिक दृष्टिकोण में पुनः प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने पर बल दिया गया है।

इस शोध में वैदिक साहित्य में निहित पर्यावरणीय संदेशों का अध्ययन करते हुए आधुनिक समय में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा की गई है। यह शोध स्पष्ट करता है कि वैदिक विचारधारा केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्त्वपूर्ण है।

कूटशब्द - वैदिक पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण, पञ्चमहाभूत, ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, यज्ञ, सह-अस्तित्व, पर्यावरणीय संतुलन, प्राकृतिक संसाधन, प्रदूषण नियंत्रण, पुनः चक्रण, आध्यात्मिकता, स्थिर विकास।

विषयप्रविष्टि - संस्कृत वाङ्मय विश्व की अमूल्य निधि है। जिसमें विविध प्रकार का ज्ञान-विज्ञान स्थित है। इस अमूल्य निधि की प्रासंगिकता वर्तमान समय में भी उतनी ही है, जितनी की प्राचीनकाल में थी, अपितु और अधिक दृष्टिगत होती है। संस्कृत वाङ्मय में 'प्रकृति' शब्द कों अनेक अर्थो में दृष्टिगत किया जा सकता है। जिसका प्रयोग प्रायः माया, कारण, प्रजा और स्वभाव के अर्थ में देखा जाता है। पाश्चात्य विद्वानों ने प्रकृति या 'नेचर' शब्द का प्रयोग स्वरूप अर्थ में भी किया है।

प्र उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से क्तिन् प्रत्यय करने पर प्रकृति शब्द का निर्माण होता है, जिसके आधार पर अर्थ होगा कि **'प्रकर्षेण सृष्ट्यादिकं करोतीति प्रकृतिः'** अर्थात् सृष्टि के करने में जो प्रकृष्ट हो। वह प्रकृति कहलाती है।

इस प्रकार प्रकृति के संरक्षण में पर्यावरण का विशेष योगदान है। जहॉ-जहॉ प्रकृति शब्द का प्रयोग होगा वहॉ-वहॉ स्वतः ही पर्यावरण शब्द आ जायेगा।

पर्यावरण शब्द 'परि' और 'आङ्' उपसर्ग पूर्वक 'वृत्त आच्छादने' धातु से ल्युट् प्रत्यय करने पर निष्पन्न होता है।

'परि' का अर्थ है चारों ओर से, 'आङ्' का अर्थ है मर्यादा अथवा अभिविधि या सब प्रकार से, सब ओर से तथा 'वृत्त' धातु का अर्थ है वरण करना। इस प्रकार पूर्ण शब्द पर्यावरण का अर्थ होगा कि जो चारों ओर से आच्छादित करता है, आच्छादित किया जाता है। **'परित आव्रियन्ते आच्छान्द्यन्ते जलादीनि पंचतत्त्वानि सामाजिक-नैतिक-विचाराः वा यस्मिन् तत् पर्यावरणम्'** अर्थात् जिसमें चारों ओर से आकाश, जल, वायु आदि पंचतत्त्व अथवा सामाजिक, नैतिक आदि विषयों से सम्बन्धित विचार आवृत्त रहते हैं उसे पर्यावरण कहतें हैं। हमारे शरीर की सृष्टि पंचमहाभूतों के संतुलन से हुई है। इसी प्रकार इस ब्रह्माण्ड की सृष्टि भी इन्हीं से हुई है। पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश मिलकर पंचमहाभूत है। जो इस प्रकृति में व्याप्त है।

'प्रकृति' से तात्पर्य हमारे चारों ओर के पर्यावरण से है। पर्यावरण का सीधा अर्थ है-'प्राकृतिक वातावरण'। पृथिवी, जल, तेज, वायु और आकाश इसके प्रमुख तत्त्व हैं। ये पॉचों ही मिलकर या पृथक् रूप से हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं। इसीलिए वेदों में इन पॉचों तत्त्वों को देवता के रूप में प्रतिष्ठापित करके इनकी महिमा का वर्णन अनेक सूक्तों व मन्त्रों में किया गया है, जिनसे सुस्पष्ट होता है कि पर्यावरण के इन घटक तत्त्वों पंचमहाभूतों का मानव-कल्याण के लिए कितना महत्त्व है। वेदों में प्राणियों और प्रकृति के मध्य अटूट सम्बन्ध को बहुत महत्त्व दिया गया है।

ऋग्वेद में पृथ्वी, जल, तेज, वायु तथा आकाश का विस्तृत विवेचनात्मक विश्लेषण किया गया है और इस बात पर बल दिया गया है कि इस भू-मण्डल पर जीवन को, चाहे वह जरायुज, अण्डज, उद्भिज अथवा स्वेदज किसी भी प्रकार का क्यों न हो उन्हें इन्हीं पंचमहाभूतों से बल मिलता है।

सांख्य के अनंसार संसार की रचना प्रकृति से हुई है। अर्थात् संसार की रचना करने वाली मूलभूत प्रकृति ही है जो किसी भी तत्त्व की कार्य अर्थात् विकृति नही है। अपितु वह समस्त संसार की कारण अर्थात् अविकृति ही है। जिससे समस्त पदार्थ उत्पन्न होते हैं। [1]

जब हम विश्व के मूल कारण की खोज करते हैं तो ज्ञात होता है कि विश्व में दो प्रकार की वस्तुएं हैं। स्थूल पदार्थ और सूक्ष्मातिसूक्ष्म पदार्थ। स्थूल पदार्थ से तात्पर्य मिट्टी, पानी, वायु से है और सूक्ष्मातिसूक्ष्म पदार्थो का तात्पर्य इन्द्रिय, मन और अहंकार आदि से है। विश्व का मूल कारण वही हो सकता है जो इन दोनों प्रकार के पदार्थो को आधार दे सकें। अतः प्रकृति ही वह मूलकारण है जिससे ये दोनों प्रकार के पदार्थ उत्पन्न हो सकतें है। किंतु वर्तमान प्रसंग में प्रकृति से तात्पर्य भौतिक वातावरण से है। यथार्थता में पर्यावरण पृथ्वी पर वह परिवृत्त है जो मानव को चारों ओर से घेरे हुए है। जिसे चतुर्दिक की संज्ञा से भी अभिहित किया जा सकता है। आदि मानव के चतुर्दिक का एक भाग होने के कारण प्राकृतिक या मानवीय वातावरण में कोई अन्तर नहीं किया गया है। इस प्रकार पर्यावरण के शब्द जाल में मनुष्य तथा बाहर के समस्त तत्त्व वस्तुओं, स्थितियों तथा दशाओं को सम्मिलित करते हैं। जिनका प्रभाव मनुष्य के समस्त विकास पर सतत् पड़ता है। वातावरण का शब्दार्थ पारिस्थितिक कारकों का योग अर्थात् जीवन की परिस्थितियों के समग्र तथ्य हैं।

भारतीय दर्शन में प्रकृति का स्वरूप वर्तमान प्रसंग से भिन्न है। दर्शन के अनुसार प्रकृति एक तत्त्व का नाम है। जिसके विषय में विशद् विचार किया गया है सांख्य दर्शन में पुरुष की भांति ही प्रकृति एक महत्वपूर्ण तत्त्व है। जहॉ कारण के लिए प्रकृति और कार्य के लिए विकृति शब्द का प्रयोग हुआ है। इसलिए सांख्याचार्य ईश्वर कृष्ण ने सृष्टि की आदि कारण भूता प्रकृति के लिए मूल प्रकृति तथा अविकृति शब्द का प्रयोग किया है।

सांख्य दर्शन में इसी प्रकृति तत्त्व से शेष 23 तत्त्वों की उत्पत्ति मानी गयी है आचार्य वाचस्पति मिश्र इसको सत्त्व, रजस् और तमस् इन तीन गुणों की साम्यावस्था बतलाते है। साम्यावस्था में प्रकृति में सरूपपरिणाम सतत् रूप से चलता रहता है। प्रकृति इस समय भी निरन्तर सक्रिय होती है किन्तु इस समय सत्त्व, रजस् और तमस् गुण अपने-अपने भीतर ही क्रियाशील रहते हैं। यह अवस्था तब बदलती है जब पुरुष की सन्निधि के कारण गुणक्षोभ होता है। इससे सर्वप्रथम रजस् गुण गतिशील होता है और तदुपरान्त तीनों गुण एक-दूसरे के साथ क्रिया-प्रतिक्रिया करते हैं। [2] यही विरूपपरिणाम है जो सृष्टि के लिए उत्तरदायी है। इसी के कारण विश्व की सभी वस्तुओं का निर्माण होता है और उनकी प्रवृत्ति भी उनमें विद्यमान गुणों के अनुपात से निर्धारित होती है। [3]

दार्शनिक परम्परा से भिन्न वर्तमान समय में प्रकृति अभिप्राय पर्यावरण से है। जो हमारे चारों ओर फैला हुआ है। चतुर्दिक व्याप्त यह वातावरण प्राकृतिक दशाओं का मिला-जुला रूप है, जो धरातल तत्त्व भूगोल, भूगर्भ, जलवायु, अग्नि, तथा व्योम अर्थात् आकाश से निर्मित है। इन सभी लक्षणों का प्रभाव मानव की समस्त गतिविधियों पर ही नहीं अपितु पशु-पक्षी, पेड़-पौधों पर भी परिलक्षित होता है। इस प्रकार ये सभी प्रकृति प्रदत्त शक्तियॉ प्राकृतिक वातावरण या पर्यावरण का निर्माण करती है।

सभी प्राणी प्रकृति के पर्यावरण में रहते हुए भी अपना जीवन यापन करते हैं। उक्त प्राकृतिक पर्यावरण सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक परिवेश का निर्माण करता है। अतः विभिन्न क्षेत्रों में मानव समूह विभिन्न क्रियाओं द्वारा अपनी अलग संस्कृति व समाज का निर्माण करता है। इसीलिए पृथिवी सूक्त में कहा गया है कि **'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'**[4] अर्थात् भूमि मेरी माता है और मैं इसका पुत्र।

प्रकृति एक व्यापक स्वरूप को धारण किये हुए है। पृथिवी पर पाए जाने वाले वृक्ष, नदी, तालाब, सरोवर, पशु-पक्षी, पवन, मेघ आदि चर-अचर, जड़-चेतन सभी प्रकृति के ऐसे अंग व उपांग हैं जो सभी प्राणियों के पोषक एवं रक्षक है।

अथर्ववेदीय पृथिवी सूक्त में पर्यावरण के प्रमुख घटक तत्त्व पृथ्वी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जिस मातृभूमि पर समुद्र, अनेक नदियॉ, झरने, झील, ताल-तलैया आदि हैं, जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की कृषि होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण धारण करता है वह भूमि हमें समस्त ऐश्वर्य प्रदान करें।[5]

ऋग्वेद के वातसूक्त में वायु से दीर्घ जीवन की प्रार्थना करते हुए उसे हृदय के लिए परम औषधि, कल्याणकारी तथा आनन्ददायक माना गया है। [6] वायु की भॉति ही जल भी प्राणियों के प्राण धारण के लिए अत्यावश्यक है। जल मल नाशक, शरीर शोधक तथा बलवर्धक भी है। वेद ने इसे औषधि तुल्य तथा रोगों का नाश करने वाला बताया है।[7] वेद में गंगा, यमुना, सरस्वती, शुतुद्रि, असिम्न्या, मरूद्वृदा, वितस्ता आदि नामों को भरतखण्ड की प्रसिद्ध नदियों के अर्थ में लिया गया है।[8] इन नदियों को आचार्य यास्क ने

इस प्रकार से व्यक्त किया है कि 'गंगा-गमनात् अर्थात् गमनशील नदी को गंगा।[9] अन्य नदी में मिलने वाली (युमिश्रणे) होने से नदी को यमुना कहा जाता है। प्रचुर जल वाली नदी सरस्वती, क्षिप्र गति से चलने वाली नदी को शुतुद्रि तथा विविध प्रकार से गति करने वाली नदी को विपाशा कहा जाता है। बाद में इन्हीं नदीयों को गंगा, यमुना, सतलुज, व्यास आदि विशिष्ट नदियों को दे दिये गये।

संसार को सुरक्षित रखने के लिए प्रकृति एवं मानव के बीच संतुलन आवश्यक है। प्राकृतिक व्यवस्था ही पर्यावरण है। पर्यावरण की शुद्धता जीवनदायिनी शक्ति है। पर्यावरण के शुद्ध होने पर रोगी स्वस्थ हो जाते हैं और अशुद्ध होने पर स्वस्थ प्राणी भी रोगी हो जाते हैं। क्योंकि ऋग्वेद में प्रार्थना की गई है कि 'हे स्वास्थ्यप्रद वायु, आप हमारे लिए स्वास्थ्य प्रदान करने वाली औषधियों को लाए। जो रोग हैं, उन्हें दूर करो। सत्य ही आप रोगनाशक औषधि के समान है, इसलिए आप दिव्य गुणों वाले देवों के इष्ट कहलाने के सर्वथा योग्य है'।[10] मनुष्य प्राकृतिक पर्यावरण से ही पोषित एवं पालित है। मानव-जीवन के विकास के सभी गुण प्रकृति में पहले ही विद्यमान है। पर्यावरण की शुद्धता के लिए प्रकृति के साथ मिल कर चलना अनिवार्य है।

अथर्ववेद के पृथिवी-सूक्त में पर्यावरण के प्रमुख घटक तत्त्व पृथ्वी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जिस मातृभूमि पर समुद्र, अनेक नद, नदियॉ, झरने, झील, ताल आदि हैं, जिस पर अन्न आदि नाना प्रकार की खेती होती है, जिस पर यह जीता-जागता, चलता-फिरता संसार अन्न-जल ग्रहण कर तृप्त होता है और प्राण धारण करता है वह भूमि हमें समस्त ऐश्वर्य प्रदान करें।[11] ऋग्वेद में वायु को जल का मित्र, सबसे पहले उत्पन्न हुआ और सत्य नियमों का नियमित रूप से पालन करने वाला बतलाया गया है।[12] संसार के समस्त जीवों के लिए प्राणवायु की नितान्त आवश्यकता है। वायु के बिना जीवन सम्भव ही नहीं है, इसलिए हमारे वैदिक ऋषियों ने हवन आदि के द्वारा वायु की शुद्धता बनाये रखने की अनेक मन्त्रों में प्रार्थना की है। इसी प्रकार वेदों में जल के पर्यावरण सम्बन्धी महत्त्व को भी विस्तार से प्रतिपादित किया गया है। जल ही जगत् की प्रतिष्ठा है। [13] क्योंकि जल के बिना जीवन असंभव है, जल सभी औषधियों वाला है। [14]

वेदों में मानव तथा नदी की पारस्परिकता का वर्णन करते हुए नदी को सम्पूर्ण चराचर जगत् की माता के पद पर प्रतिष्ठित किया गया है।[15] मातृरूपा नदियों के प्रति यह श्रद्धाभाव जल संसाधनों को शुद्ध रखने का सर्वोत्तम प्रभावी उपाय प्रतीत होता है।

वैदिक ऋषियों ने प्राकृतिक शक्तियों को दिव्य एवं उपास्य माना है। आचार्य यास्क ने देव शब्द का निर्वचन इस प्रकार किया है यथा- **'देवो दानाद्वा दिपनाद्वा द्योतनाद्वा'** [16]इस व्युत्पत्ति के अनुसार जो दान दें, प्रकाशित हो या प्रकाशित करें वे देवता हैं। प्रकृति मानव को अन्न, जल, वायु, प्रकाश, ऊर्जा, आवास, आवरण आदि सभी कुछ प्रदान करती है, अतः प्रकृति का देवत्व सर्वथा सार्थक है। वैदिक मंत्रों में इन्द्र, अग्नि, वरुण, सूर्य, मरुत, वात, पर्जन्य, सरित, अपस्, पृथ्वी आदि देवताओं की स्तुति करके सहायता एवं सम्पन्नता की कामना की गई है। वेदों में प्रकृति की अनुकूलता हेतु प्रार्थना करके उसके वास्तविक महत्त्व को प्रकट किया गया है, क्योंकि प्राकृतिक शक्तियों के प्रतिकूल होने पर मानव-जीवन एवं उसकी सुख-स्मृद्धि असम्भव है। वेदों में समस्त वनस्पति जगत् में किसी न किसी देवता का वास मानकर उनके दिव्य-गुणों को भी प्रकट किया गया है। अथर्ववेद के पृथिवी सूक्त के मन्त्रों में कहा गया है कि इस पृथिवी पर पवित्र जल की धारा है, प्राणदायिनी औषधियॉ हैं, वन हैं, पर्वत हैं, सागर हैं। [17]साथ ही पृथिवी सूक्त में पर्यावरण की समस्या और उसके समाधान की ओर भी स्पष्ट संकेत किया गया है। जिसमें कहा गया है कि जमीन पर खेती करने से उसको हम कमजोर करते हैं और उसके अन्दर के तत्त्वों का उपयोग करते हैं जिनकी पूर्ति यदि न हो तो एक ऐसा असन्तुलन उत्पन्न होगा जो प्राणि-मात्र के लिए हानिकारक होगा।

वस्तुतः प्राकृतिक तत्त्वों की अपरिहार्य महिमा का निरुपण वेदों की प्रकृति उपासना को सारवान् बनाता है। वैदिक बहुदेववाद विभिन्न प्राकृतिक तत्त्वों के सापेक्षिक महत्त्व के पर्यावरणीय तथ्य का प्रकारान्तर से प्रतिपादन करता है।

मानव के समान पशु-पक्षी भी ईश्वरीय कृति हैं। ये सभी पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण हैं। यही कारण है कि भू-लोक एवं दिव्य लोक के वन्य पशु, मृग तथा पक्षियों की हिंसा से विरत रहने की भावना भी वेदों में अभिव्यक्त हुई है। [18]

वैदिक काल में मानव प्रकृति के साथ तालमेल रखते हुए अपना जीवनयापन करते थे। प्रातःकाल सभी लोग ऊर्जा के असीमित स्त्रोत सूर्य देवता के प्रति नमस्कार, अर्घ आदि विविध रीतियों से सम्मान और कुतज्ञता व्यक्त करते थे। सूर्य देवता भूमण्डल का जीवनदाता है, क्योंकि सूर्य की शक्ति और प्रकाश के बिना हमारी पृथ्वी पर किसी भी प्रकार के वन और वनस्पतियों की उत्पत्ति किसी भी प्रकार से सम्भव नहीं है। अतः मानव-जीवन की सुख-स्मृद्धि एवं सृष्टि की स्थिति के लिए हमारे मन्त्रदृष्टा ऋषियों ने विविध मन्त्रों के द्वारा सूर्य देवता की स्तुति की है। ऋग्वेद के सूर्य-सूक्त में कहा गया है कि सूर्य मनुष्यों के सभी कृत्यों को देखते हैं। [19] वही संसार को स्थिर रखने वाले एवं जगत् के रक्षक हैं।[20] उसके बिना इस संसार की कल्पना भी नही की जा सकती है। सूर्य स्थावर तथा जंगम जगत् की आत्मा है।[21]

हमारे वैदिक ऋषियों ने प्रकृति के शान्त और एकान्त वातावरण में जीवन की सफलता और लोक कल्याण के लिए साधना की थी। वे विविध यज्ञादि द्वारा प्राकृतिक वातावरण को शुद्ध करने में तत्पर रहते थे। वन-अन्नादि से परिपूर्ण रहने पर ही मानव-जीवन सुख, स्वास्थ्य, स्मुद्धि अर्जित कर सकता है।

अतः प्रकृति का प्रभाव व्यक्ति की शारीरिक संरचना, स्वास्थ्य और मन पर पड़ता है। पर्यावरण के प्राकृतिक साधन के स्वच्छ व निर्मल होने पर शरीर और मन भी स्वस्थ और निर्मल होते हैं, क्योंकि प्रत्येक जीवन अनुवांशिकीय तथा पर्यावरण का संयुक्त प्रतिफल होता है।

निष्कर्ष – अत: वैदिक साहित्य में प्रकृति और पर्यावरण को धार्मिक, आध्यात्मिक, और वैज्ञानिक दृष्टि से अनन्य महत्त्व दिया गया है। यह अध्ययन इस निष्कर्ष पर पहुँचता है कि वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पहले ही पर्यावरणीय संकटों का समाधान प्रस्तुत कर दिया था। वैदिक ग्रंथों में वर्णित यज्ञ, मंत्र, और नैतिक आदर्श पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं।

ऋग्वेद में "माता भूमि: पुत्रोऽहम् पृथिव्याः" के माध्यम से पृथ्वी के प्रति सम्मान और उत्तरदायित्व का बोध कराया गया है। यजुर्वेद में वायु, जल, और पृथ्वी को शुद्ध रखने के उपाय बताए गए हैं। सामवेद में प्रकृति के साथ सामंजस्य का संदेश है, जो आधुनिक स्थिर विकास की अवधारणा के अनुरूप है। अथर्ववेद में औषधीय पौधों और जल स्रोतों के संरक्षण की महत्ता पर बल दिया गया है।

शोध में यह भी पाया गया कि वैदिक संस्कृति में प्रकृति की पूजा केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच का परिचायक है। यज्ञों में प्रयुक्त सामग्री और विधियां पर्यावरणीय प्रदूषण को रोकने का एक व्यवस्थित उपाय थीं।

आधुनिक समय में पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान वैदिक दृष्टिकोण को अपनाकर किया जा सकता है। प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण, और पुन: चक्रण की अवधारणा वैदिक साहित्य में परिलक्षित होती है। यह शोध मानव और प्रकृति के बीच सह-अस्तित्व के महत्त्व को समझाने के साथ-साथ पर्यावरणीय संरक्षण हेतु वैदिक सिद्धांतों के अनुपालन पर बल देता है।

शोध में निष्कर्षतः यह स्पष्ट होता है कि वैदिक साहित्य केवल प्राचीन ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान भी प्रदान करता है। इसे आधुनिक संदर्भ में पुन: व्याख्यायित कर पर्यावरणीय संकटों का स्थायी समाधान खोजा जा सकता है।

1. प्रकृतेर्महांस्ततोऽहंकारतस्माद् गणश्च षोडशकः। तस्मादपि षोडशकात् पंचभ्यः पंच भूतानि।। सांख्यकारिका 22
2. त्रिगुणमविवेकि विषयः सामान्यमचेतनं प्रसवधर्मि। सांख्य कारिका 11
3. सौक्ष्म्यात्तदनुपलब्धिर्नाभावात् कार्यतस्तदुपलब्धेः। महदादि तच्च कार्यं प्रकृतिसरूपं विरूपं च।। सांख्यकारिका 8
4. अथर्ववेद 12.1.12
5. यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यान्नं कृष्टयः सम्बभूवुः। यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत्सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु।। अथर्ववेद 12.1.3
6. वात आ वातु भेषजं शंभु मयोभु नो हृदे। प्राण आयुंषि तारिषत्।। ऋग्वेद 10.186
7. ऋग्वेद 10.137.6
8. ऋग्वेद 10.75.5
9. निरुक्त 9.25
10. आवात वायु भेषजं विवात वाहि यदपः। त्वं हि विश्वभेषणो देवानां दूत ईयसे।। ऋ0 10.137.3
11. यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टयः सम्बभूवुः। यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत्सा नो भूमिः पूर्वपेये दधातु।। अथर्ववेद, पृथ्वी 3
12. अपां सखा प्रथमजा ऋतावा क्व स्विज्जातः कुतः आ बभूव। ऋग्वेद 10.168
13. आपो वा सर्वस्य जगतः प्रतिष्ठाः। शतपथ0 ब्रा0 6.8.2.2
14. आपश्च विश्वभेषजीः। ऋग्वेद 1.23.20
15. यूयं हि ष्ठा भिषजौ मातृतमा विश्वस्य स्थातुर्जगतो जनित्रीः। ऋ0 6.50.7
16. निरुक्त 2.14
